सूर्योदय 6:37 सूर्यास्त 5:32

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.0 न्यू | 21.4 अधि |
| धर्मशाला | 14.0 न्यू | 25.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79476.63 |
| निफ्टी | 24213.30 |
| सोना 80,240 | चांदी 97,345 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




सबालेंका ने डब्ल्यूटीए फाइनल के अंतिम-4

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 6 नवंबर 2024 | 21 कार्तिक, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 320, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### राजनीति से शरद पवार का संन्यास का संकेत



**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की वोटिंग से पहले एनसीपी के संस्थापक शरद पवार ने चुनावी राजनीति से संन्यास के संकेत दिए हैं। पवार ने कहा कि अब वे चुनाव नहीं लड़ेंगे, हालांकि पार्टी संगठन का काम देखते रहेंगे यानी एनसीपी (एसपी) चीफ के पद पर काम करते रहेंगे। 84 साल के शरद पवार ने बारामती में कहा कि कहीं तो रुकना ही पड़ेगा। मुझे अब चुनाव नहीं लड़ना है। अब नए लोगों को आगे आना चाहिए।

### सलमान को धमकी देने वाला कर्नाटक से गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** 'पांच करोड़ रुपए दो या बिश्नोई समुदाय के मंदिर में जाकर काले हिरण के शिकार के लिए माफी मांगो' सलमान खान को धमकी देना वाला 35 वर्षीय विक्रम पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी को कर्नाटक से गिरफ्तार किया है। 10 दिनों के अंदर सलमान के नाम यह तीसरी धमकी थी। मैसेज भेजकर इस शख्स ने कथित तौर पर सुपरस्टार को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के नाम से धमकी दी थी।

### केंद्र सरकार ने भेजा विकिपीडिया को नोटिस

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विकिपीडिया को नोटिस भेजा है। सरकार ने विकिपीडिया को पत्र लिखकर विकिपीडिया में पक्षपात और अशुद्धियों की कई शिकायतों की ओर ध्यान दिलाया है। यह नोटिस सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने जारी किया है। सरकार ने विकिपीडिया की भूमिका पर भी सवाल उठाया है। सरकार ने संपादकीय नियंत्रण रखने वाले एक छोटे समूह की ओर इशारा किया है और पूछा है कि विकिपीडिया को मध्यस्थ के बजाय प्रकाशक क्यों नहीं माना जाना चाहिए। यह जानकारी सूत्रों के हवाले से सामने आई है।

### कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले की सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में सुनवाई दो सप्ताह बाद के लिए टाल दी है। दरअसल मुस्लिम पक्ष ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष की ओर से दायर मुकदमे की स्वीकार्यता को बरकरार रखा था। सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षकारों से लिखित जवाब दाखिल करने को भी कहा है।

### बब्बर खालसा गैंग के चार सदस्य गिरफ्तार

**लुधियाना।** काउंटर इंटेलिजेंस और लुधियाना पुलिस ने विदेश में रह रहे हरजीत सिंह उर्फ लाडी और साबी की ओर से संचालित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। लुधियाना में पिछले 15 दिनों में शिवसेना के नेताओं के घरों पर पेट्रोल बम से हमला कर रहे थे। पेट्रोल बम फेंकने के बाद भागे बाइक सवार सेफ सिटी कैमरों में भी कैद हो गए। बाइक के हुलिए और नंबर प्लेट की मदद से पुलिस ने बदमाशों को नवांशहर के नजदीक पकड़ा है।


**अनंत ज्ञान**

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com


## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- धर्माणी ने मुख्यमंत्री की 5 गारंटियों को बताया सफेद झूठ -पेज 3
- 6 पोस्ट कोड की लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित -पेज 3
- शाहपुर-जवाली में बेलचा माफिया खूब कर रहा अवैध खनन -पेज 4
- उत्तर कोरिया ने कई बैलिस्टिक मिसाइल दागीं -पेज 13
- वनडे रैंकिंग में हरमनप्रीत 9वें स्थान पर पहुंची -पेज 14


### 9 जजों की बेंच ने 45 साल पहले दिया अपना ही फैसला पलटा

# हर प्राइवेट प्रॉपर्टी पर सरकार का अधिकार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने निजी संपत्तियों पर सरकारी अधिकार के मुद्दे पर एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने 7:2 के बहुमत के फैसले में कहा कि संविधान के तहत सरकारों को आम भलाई के लिए निजी स्वामित्व वाले सभी संसाधनों को अपने कब्जे में लेने का अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने 1978 (45 साल पहले) में दिया गया अपना ही फैसला पलट दिया।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हर निजी संपत्ति को सामुदायिक संपत्ति नहीं कह सकते। कुछ खास संसाधनों को ही सरकार सामुदायिक संसाधन मानकर इनका इस्तेमाल आम लोगों के हित में कर सकती है। बेंच ने 1978 में दिए जस्टिस कृष्ण अय्यर के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि सभी निजी संपत्तियों पर राज्य सरकारें कब्जा कर सकती हैं। कोर्ट ने कहा कि पुराना फैसला



विशेष आर्थिक, समाजवादी विचारधारा से प्रेरित था। हालांकि, राज्य सरकारें उन संसाधनों पर दावा कर सकती हैं, जो भौतिक हैं और सार्वजनिक भलाई के लिए समुदाय की ओर से रखे जाते हैं। जस्टिस बीवी. नागरत्ना ने बहुमत के फैसले से आंशिक रूप से असहमति जताई, जबकि जस्टिस सुधांशु धूलिया ने सभी पहलुओं पर असहमति जताई। शीर्ष अदालत ने 16 याचिकाओं पर सुनवाई की, जिनमें 1992 में मुंबई स्थित प्रॉपर्टी ओनर्स एसोसिएशन (पीओए) द्वारा दायर मुख्य याचिका भी शामिल थी।

#### फैसले पर तर्क

- 1960 और 70 के दशक में समाजवादी अर्थव्यवस्था की ओर झुकाव था, लेकिन 1990 के दशक से बाजार उन्मुख अर्थव्यवस्था की ओर ध्यान केंद्रित किया गया।
- भारत की अर्थव्यवस्था की दिशा किसी विशेष प्रकार की अर्थव्यवस्था से अलग है, बल्कि इसका उद्देश्य विकासशील देश की उभरती चुनौतियों का सामना करना है।
- पिछले 30 सालों में गतिशील आर्थिक नीति अपनाने से भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है।
- जस्टिस अय्यर के इस फिलॉसफी से सहमत नहीं हैं कि निजी व्यक्तियों की संपत्ति सहित हर संपत्ति को सामुदायिक संसाधना कहा जा सकता है।

### यूपी मदरसा कानून की वैधता बरकरार रखी 17 लाख स्टूडेंट नहीं भेजे जाएंगे सरकारी स्कूल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट की वैधता बरकरार रखी है यानी उत्तर प्रदेश में मदरसे चलते रहेंगे और 16000 मदरसों में पढ़ने वाले 17 लाख स्टूडेंट सरकारी स्कूल नहीं भेजे जाएंगे। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश सुनाते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट का वह फैसला खारिज कर दिया, जिसमें मदरसा एक्ट को असंवैधानिक बताया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूपी मदरसा एक्ट के सभी प्रावधान मूल अधिकार या संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर का उल्लंघन नहीं करते हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने मदरसा एक्ट के उस प्रावधान पर रोक लगा दी, जिसमें मरदसों को पीजी और रिसर्च का सिलेबस तय करने का अधिकार था यानी अब मदरसा बोर्ड हायर एजुकेशन का सिलेबस और किताबें तय नहीं कर पाएंगे। उच्च न्यायालय ने इस आधार पर इस कानून को खारिज कर दिया था कि यह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करता है।

# सुक्खू ने देहरा में किया सीएम और एसपी ऑफिस का लोकार्पण

**शुभम शर्मा, देहरा**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को देहरा में एसपी कार्यालय और मुख्यमंत्री कार्यालय का शुभारंभ किया। इस दौरान देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर व विधायक ज्वालामुखी संजय रतन भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं।

उन्होंने कहा कि पौंग बांध से विस्थापित परिवारों की समस्याओं को सुलझाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। देहरा के विकास के साथ-साथ ज्वालामुखी और जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र भी विकसित होंगे। सरकार ने कांगड़ा जिला के हर क्षेत्र को विकास की धारा से जोड़ने के लिए यहां योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न कार्यालय खोले हैं। (अनंत ज्ञान)



देहरा में मुख्यमंत्री कार्यालय का लोकार्पण करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### देहरा विधानसभा क्षेत्र की जनता से किए वादे पूरे

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि चुनाव से पहले देहरा की जनता के साथ जो वादे किए थे, उन्हें पूरा किया है। आज देहरा में एसपी कार्यालय व मुख्यमंत्री कार्यालय का उद्घाटन कर दिया है। देहरा में एससी लोक निर्माण विभाग, एससी इलेक्ट्रिसिटी व एससी आईपीएच के कार्यालय भी खोल दिए गए हैं। देहरा की जनता के साथ जो कुछ भी कहा गया था, वह पूरा किया गया है। इससे पहले धर्मशाला व नूरपुर में ही यह कार्यालय थे। इन कार्यालयों के खुलने से देहरा की जनता को बहुत लाभ मिलेगा। जल्द ही देहरा को पर्यटन की दृष्टि से भी संवारने के लिए 100 करोड़ का प्रोजेक्ट यहां शुरू किया जाएगा।

## सीएम सुक्खू ने 16 नवंबर को बुलाई कैबिनेट मीटिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**सीएम** सुखविंद्र सुक्खू ने 16 नवंबर को मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है। सभी विभागों के सचिवों को एजेंडा तैयार करने को कहा गया है।

कैबिनेट बैठक शिमला स्थित प्रदेश सचिवालय में सुबह 11 बजे शुरू होगी। मुख्य सचिव ने सभी विभागीय सचिवों को कैबिनेट मीटिंग के लिए एजेंडा भेजने के निर्देश दिए हैं। मीटिंग में विधानसभा के शीतकालीन सत्र की तिथि तय हो सकती है। हिमाचल सरकार 11 दिसंबर को 2 साल पूरा करने जा रही है। कैबिनेट मीटिंग में इसे लेकर भी चर्चा हो सकती है। इसमें सरकार के दो साल के जश्न को लेकर फैसला लिया जा सकता है। कैबिनेट मीटिंग में विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों को भरने का भी फैसला हो सकता है। इसी तरह सीएम की बजट घोषणाओं को भी कैबिनेट में मंजूरी के लिए लाया जा सकता है।

**शीतकालीन सत्र और सरकार के 2 साल के जश्न को लेकर हो सकता है फैसला**

## जेएंडके के बांदीपोरा में मुठभेड़, एक आतंकी ढेर

**अशोक ठाकुर, श्रीनगर**

**जम्मू**-कश्मीर के बांदीपोरा के केटसुन जंगल में मंगलवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया। सुरक्षाबलों को बांदीपोरा के चूंटपाथरी वन क्षेत्र में आतंकवादियों के छिपे होने की खबर मिली थी। इसके बाद इलाके की घेराबंदी की गई और तलाशी अभियान शुरू किया गया।

इस दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलाईं, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक आतंकी मारा गया। इलाके में एक और आतंकी के छिपे होने की आशंका है। वहीं, अनंतनाग में भी मुठभेड़ जारी है। (अनंत ज्ञान)

### हंदवारा में आतंकी सहयोगी गिरफ्तार, हथियार और गोला-बारूद बरामद

**हंदवारा** के बोगाम चोगुल क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी सहयोगी को गिरफ्तार किया है और उसके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकवादी सहयोगी आशिक हुसैन वानी निवासी तुज्जर शरीफ सोपोर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक पिस्तौल, एक मैगजीन और सात जिंदा राउंड गोलियां बरामद की हैं।

# अमेरिकी चुनाव : ट्रंप और हैरिस में कांटे की टक्कर

### 47वें राष्ट्रपति चुनाव के लिए बंपर वोटिंग, नतीजे आने में लग सकता है वक्त

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिका** में मंगलवार को 47वें राष्ट्रपति चुनाव के लिए बंपर वोटिंग हुई। भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे (अमेरिका में सुबह के 6 बजे) से वोटिंग जारी है, जोकि बुधवार तक जारी रहेगी।



आठ राज्यों में मतदान सुबह छह बजे शुरू हुआ, जिनमें कनेक्टिकट, न्यूजर्सी, न्यूयॉर्क, न्यू हैम्पशायर और वर्जीनिया, इंडियाना और केंटुकी शामिल हैं। अमेरिका के कई हिस्सों में हो रही अर्ली वोटिंग में करीब दस करोड़ मतदाताओं ने वोट डाले। दोपहर बाद भी वोटिंग में इजाफा हुआ। न्यू हैम्पशायर के डिक्सविल नॉच में हुई वोटिंग में डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन उम्मीदवारों को बराबर 3-3 वोट पड़े हैं। पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप तथा उपराष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस के बीच कांटे की टक्कर है। कई सर्वे के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच जबरदस्त लड़ाई है।

### स्विंग स्टेट्स पर सबकी नजर

**अमेरिका** के सात राज्यों पेंसिल्वेनिया, मिशिगन, विस्कॉन्सिन, जॉर्जिया, नेवादा, एरिजोना और नॉर्थ कैरोलिना को स्विंग स्टेट्स कहा जाता है। इन राज्यों के पास सबसे ज्यादा इलेक्टर्स हैं। इन राज्यों के मतदाताओं का मूड चुनाव के समय बदलता रहता है इसलिए इनका चुनावी मूड भांपना काफी मुश्किल होता है, लेकिन फिर भी कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप ने इन सभी स्टेट्स में पूरा जोर लगाया है। यही स्टेट्स व्हाइट हाउस का रास्ता भी तय करने में अहम किरदार निभाएंगे। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों में वक्त लग सकता है। हालांकि, अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों को लेकर घोषणा हुई है कि वोटिंग के अगले दिन विजेता की घोषणा कर दी जाएगी, लेकिन इस बार मुकाबला कड़ा होने की वजह से लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

### बिलासपुर में 3 किलो चरस के साथ कुल्लू का एक व्यक्ति गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बिलासपुर की स्पेशल डिटेक्शन टीम ने जिले में इस साल की सबसे बड़ी 3 किलो 39 ग्राम चरस की खेप पकड़ी है। स्वारघाट एरिया के फोरलेन पर करमाला नामक स्थान पर कुल्लू नंबर की कार को नाकाबंदी के दौरान तलाशी के लिए रोका और कार चालक के कब्जे से चरस बरामद की। कार चालक की पहचान अजय कुमार निवासी कुल्लू के रूप में हुई है। स्वारघाट में मामला दर्ज कर दिया गया है। डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है।

**जिले में इस साल की सबसे बड़ी खेप बरामद**

# कनाडा में चरमपंथी ताकतों को मिल रही पनाह : जयशंकर

**एजेंसी, कैनबरा**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा के ब्रैम्पटन में हिंदू मंदिर पर हुए हमले की घटना पर मंगलवार को कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि इससे पता चलता है कि वहां चरमपंथी ताकतों को किस तरह पनाह दी जा रही है। खालिस्तान समर्थक प्रदर्शन में भाग लेने पर पुलिस अधिकारी को निलंबित कर दिया है।

उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता में कनाडा में हुई घटना और भारत व कनाडा के बीच जारी राजनयिक विवाद से संबंधित सवालों के जवाब



में यह बात कही। कनाडा के ब्रैम्पटन में प्रदर्शनकारी खालिस्तानी झंडे लेकर रविवार को हिंदू सभा मंदिर में लोगों से भिड़ गए और मंदिर अधिकारियों और भारतीय वाणिज्य दूतावास की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में व्यावधान पैदा कर दिया। उन्होंने कहा कि आपने पहले हमारे आधिकारिक प्रवक्ता का बयान देखा होगा और हमारे प्रधानमंत्री की चिंता की अभिव्यक्ति भी देखी होगी।

### बोले- कनाडा ने आरोप लगाने का एक पैटर्न बनाया

**जयशंकर** ने कहा कि मुझे तीन बात कहने दें। एक, कनाडा ने विशेष विवरण दिए बिना आरोप लगाने का एक पैटर्न बना लिया है। दूसरा, जब हम कनाडा को देखते हैं, तो हमारे लिए, यह तथ्य कि हमारे राजनयिक निगरानी में हैं, कुछ ऐसा है जो अस्वीकार्य है। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ हिंद-प्रशांत और क्षेत्रीय घटनाक्रम पर अपने विचार साझा किए।

**अवैध खनन घोटाला मामला**

### सीबीआई की 3 राज्यों के 16 स्थानों पर रेड

**नई दिल्ली।** झारखंड के कथित नींबू पहाड़ पत्थर खनन घोटाले से जुड़े मामले में सीबीआई ने तीन राज्यों के 16 स्थानों पर छापेमारी की। इस मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राजनीतिक सहयोगी भी संदेह के घेरे में है।

सीबीआई ने झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार में स्थित कुल 16 ठिकानों पर छापेमारी की। संदिग्धों और उनके सहयोगियों के झारखंड के साहेबगंज में स्थित 11 ठिकानों, रांची में तीन स्थानों पर और बिहार के पटना में और पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक-एक ठिकानों पर छापेमारी की गई।

# काम पर लौटें वोकेशनल टीचर सरकार संवेदनशील : रोहित ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने वोकेशनल टीचरों से काम पर लौटने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार उनको लेकर संवेदनशील है। 17 में से 16 कंपनियों ने एरियर दे दिया है।



देश में एक-दो राज्यों को छोड़कर सब जगह इनकी सेवाएं कंपनी के माध्यम से ली जा रही हैं। सरकार ने इनके मानदेय में 2000 रुपए की बढ़ोतरी की है और 20 छुट्टियां देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि वोकेशनल टीचर से वार्ता के लिए सरकार तैयार है। टीचर उनसे मुलाकात कर सकते हैं।

वहीं, वोकेशनल टीचरों ने बुधवार को भी हड़ताल जारी रखने का फैसला लिया है। इनकी हड़ताल से 1100 से ज्यादा सरकारी स्कूलों में वोकेशनल सब्जेक्ट की शिक्षा ठप पड़ गई है।

**वोकेशनल टीचरों का फैसला कल भी जारी रखेंगे हड़ताल**

### कंपनियां निकालने की दे रही धमकियां, डरने वाले नहीं हम : अश्वनी

**वोकेशनल** टीचर एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार ने बताया कि सेवा प्रदाता कंपनियां नौकरी से निकालने की धमकी दे रही हैं। इनकी धमकी से टीचर डरने वाले नहीं हैं। वोकेश्नल टीचर तब तक हड़ताल खत्म नहीं करेंगे, जब तक कंपनियों को बाहर नहीं किया जाता। ये कंपनियां उनका शोषण कर रही हैं, इसलिए उनकी सेवाएं हरियाणा की तर्ज पर शिक्षा विभाग के अधीन लाई जाए। इससे सरकार पर किसी भी प्रकार का वित्तीय बोझ पड़ने वाला नहीं है।

**फायदा** सोलन एपीएमसी में इस साल अब तक 300 करोड़ रुपए से अधिक का हुआ कारोबार

# यूनिवर्सल कार्टन के इस्तेमाल से सेब व्यापार में रिकॉर्ड वृद्धि

**आर मोहन चौहान, सोलन**

**सेब** की पैकेजिंग के लिए यूनिवर्सल कार्टन का इस्तेमाल प्रदेश के बागवानों के लिए वरदान साबित हुआ है। सरकार की इस पहल से शिमला और सोलन की सेब मंडियों में सेब के कारोबार में पिछले वर्षों के मुकाबले अच्छी बढ़ोतरी हुई है।

सरकार ने प्रदेश मंडियों में प्रति किलो के हिसाब से सेब बेचने की व्यवस्था की है। इससे बागवानों को सीधा लाभ हो रहा है। इस सीजन में सोलन एपीएमसी में सेब व्यापार में वृद्धि हुई है, पिछले साल 23 सितंबर तक 199 करोड़ रुपए के मुकाबले अब तक करीब 300 करोड़ रुपए से अधिक का व्यापार हो चुका है। सेब सीजन समाप्त होने तक यह आंकड़ा 350 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। (अनंत ज्ञान)



### कृषि उपज विपणन समिति को भी लाभ

**कृषि** उपज विपणन समिति (एपीएमसी) को सेब के व्यापार से एक प्रतिशत बाजार शुल्क मिलता है। इस सीजन में पहले ही 50 करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज की जा चुकी है। पिछले साल इसी अवधि में 18.45 लाख पेटी बिकने के मुकाबले इस सीजन में 27.24 लाख पेटी बिक चुकी हैं। 15 अगस्त को देरी से शुरू होने के बाद व्यापार में तेजी आई और पिछले साल की तुलना में इस साल अब तक 8.79 लाख अधिक डिब्बे बेचे जा चुके हैं।

### कई सालों तक बागवानों को उठाना पड़ा नुकसान

**यूनिवर्सल** कार्टन में 20-22 किलो फल आते हैं, जबकि पहले टेलीस्कोपिक कार्टन में 35-36 किलो सेब आते थे। इससे बागवानों को कई वर्षों तक नुकसान हुआ है, क्योंकि उन्हें केवल 20-22 किलो सेब का ही भुगतान किया गया। इस सीजन में सोलन में करीब 29 लाख पेटी बिक चुकी हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 18.45 लाख पेटी बिकी थीं। परवाणू के टर्मिनल मार्केट से 18 लाख पेटी बिकी हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में इसी मार्केट में बमुश्किल 9.87 लाख पेटी बिकी थीं। सोलन एपीएमसी सचिव डॉ. रविंदर शर्मा ने कहा कि विभिन्न किस्मों के सेब के लिए बागवानों को औसतन 200 से 210 रुपए प्रति किलोग्राम दाम मिला, जबकि पिछले साल इस अवधि के दौरान यह दाम 190 से 200 रुपए प्रति किलोग्राम मिल पाया था।

# ऊना में पेशी के लिए लाया विचाराधीन कैदी हुआ फरार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**हिमाचल** के ऊना जिले में मंगलवार को पेशी के लिए लाया गया कैदी फरार हो गया, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

चंडीगढ़ पुलिस बुड़ैल जेल से विचाराधीन कैदी कर्ण को ऊना अदालत में पेशी के लिए लाई थी, लेकिन पेशी समाप्त होने पर पुलिस उसे वापस ले जा रही थी। कोर्ट परिसर के बाहर पहले से ही एक व्यक्ति बाइक लेकर तैयार खड़ा था। जैसे ही पुलिस कर्ण को सड़क पार कराने लगी, तो उसने तेजी से पुलिस को चकमा दिया और बाइक पर सवार होकर फरार हो गया। पुलिस ने नाकाबंदी कर दी है। एसपी ऊना राकेश सिंह ने ऊना में कैदियों की पेशी के दौरान सुरक्षा में कड़ी निगरानी रखने का आदेश जारी किया है।

**कोर्ट परिसर के बाहर बाइक लेकर पहले से ही खड़ा था व्यक्ति**

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**कैदी** के फरार होने के तुरंत बाद ऊना पुलिस ने जिले के विभिन्न हिस्सों में नाकाबंदी कर दी है। सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है और कैदी की तलाश के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

# 6 पोस्ट कोड की लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित

## 19 व 20 नवंबर को राज्य चयन आयोग के कार्यालय में होगी कागजातों की जांच

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग ने मंगलवार को 6 पोस्ट कोड का परिणाम घोषित किया है। राज्य चयन आयोग के सचिव विक्रम महाजन ने बताया कि पोस्ट कोड 968 हॉस्टल सुपरीटेंडेंट कम पीटीआई के एक पद को भरने के लिए ली गई लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। उन्होंने बताया कि पोस्ट कोड 968 के तहत 4 उम्मीदवारों का चयन अगली प्रक्रि या के लिए किया गया है। जिनके रोल नंबर 968000005, 968000010, 968000015, 968000060 हैं। उन्होंने बताया कि इन उम्मीदवारों के कागजातों की जांच 19 नवंबर को राज्य चयन आयोग कार्यालय में की जाएगी। वहीं पोस्ट कोड 987 के एक पद को भरने के लिए ली गई लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। रोल नंबर 987000103, 987000512, 987000932, 987001727 के उम्मीदवारों के कागजातों की जांच 19 नवंबर को राज्य चयन आयोग के कार्यालय में की जाएगी। उन्होंने बताया कि पोस्ट कोड 991 के तहत 8




उम्मीदवारों का चयन प्रक्रिया के लिए किया गया हैं। चयनित उम्मीदवारों के रोल नंबर इस प्रकार हैं। 991000124, 991000139, 991000152, 991000214, 991000223, 991000257, 991000289, 991000344। उन्होंने बताया कि 20 नवंबर को राज्य चयन आयोग कार्यालय हमीरपुर में कागजातों की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि पोस्ट कोड 993 वर्कशॉप इंस्ट्रक्टर मशीनिस्ट के 4 पदों को भरने के लिए ली गई लिखित परीक्षा का परिणाम भी घोषित कर दिया है। उन्होंने बताया कि वर्कशॉप इंस्ट्रक्टर वेल्डिंग के दो पदों को भरने के लिए ली गई लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। पोस्ट कोड 993 के तहत 16 उम्मीदवारों को अगली चयन प्रक्रि या के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि 993000009, 993000083, 993000146, 993000176, 993000206, 993000242, 993000250, 993000271, 993000314, 993000335, 993000391, 993000403, 993000448, 993000492,, 993000528, 993000549 रोल नंबर के उम्मीदवारों का 20 नवंबर को राज्य चयन आयोग कार्यालय में कागजातों की जांच की जाएगी।

उन्होंने बताया कि पोस्ट कोड 1004 जूनियर इंजीनियर आर्चीलॉजी के तीन पदों को भरने के लिए ली गई लिखित परीक्षा का परिणाम भी घोषित कर दिया है। उन्होंने बताया कि 9 उम्मीदवारों को चयनित किया गया है जिनके कागजातों की जांच 19 नवंबर को राज्य चयन आयोग कार्यालय में की जाएगी। चयनित उम्मीदवारों के रोल नंबर इस प्रकार हैं। 1004000017, 1004000140, 1004000183, 1004000226, 1004000643, 1004000700, 1004001063, 1004001195, 1004001211 हैं।

उन्होंने बताया कि पोस्ट कोड 1006 प्रिर्जवेशन असिस्टेंट के 3 पदों का परिणाम भी घोषित कर दिया है। उन्होंने बताया कि 10 उम्मीदवारों का 20 नवंबर को कागजातों की जांच की जाएगी। इनमें 1006000075, 1006000079, 1006000268, 1006000368, 1006000543, 1006000568, 1006000655, 1006000893, 1006001028, 1006001122 हैं।

उन्होंने बताया कि योग्यता संबंधित कागजातों के सेल्फ अटेस्टेड कॉपी कागजातों के दो सेट लाने होंगे और एक आईडी प्रूफ एप्लीकेशन का प्रूफ लाना होगा।

## महिला पुलिसकर्मी से कांस्टेबल ने की अश्लील हरकत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले की एक पुलिस कैंटीन में कार्यरत महिला पुलिसकर्मी ने अपने साथ छेड़छाड़ एवं अश्लील हरकतें करने के आरोप पुरुष कांस्टेबल पर लगाए हैं। इस संबंध में महिला पुलिसकर्मी ने मैहतपुर पुलिस थाना में शिकायत दी है। महिला मुख्य आरक्षी पद पर तैनात है।

इसकी शिकायत के बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। महिला मुख्य आरक्षी ने पुलिस थाना में दी शिकायत में बताया कि इन दिनों उसकी ड्यूटी पुलिस कैंटीन में है। यहां पर पुलिसकर्मी चायपान के लिए पहुंचते हैं। इन सभी के बीच यहां तैनात कांस्टेबल शुभम भी आता जाता है। आरोप है कि अपनी पहुंच और अधिकारियों से करीबी होने का हवाला देकर महिला कर्मियों को शुभम रौब दिखाकर उन्हें अकर छूने का प्रयास करता रहता है। उसकी पहुंच से घबराकर कई जूनियर कर्मी उसके आगे बोलने से डर जाते हैं।

# सरकाघाट के सुखदेव ने सीमाओं की रक्षा करते हुए दी 'शहादत'

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरकाघाट के वीर सपूत हवलदार सुखदेव सिंह देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए केंद्र शासित प्रदेश लेह-लद्दाख में शहीद हो गए। तहसील सरकाघाट के जमसाई गांव का यह जांबाज सपूत आर्मी की आर्टिलरी रेजिमेंट में पिछले 24 वर्षों से सेवा दे रहे था। उनकी शहादत से सरकाघाट क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है। शहीद हवलदार सुखदेव सिंह का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ गांव जमसाई में किया गया, जिसमें स्थानीय प्रशासन की ओर से तहसीलदार सरकाघाट मुनीश कुमार मौजूद रहे तथा शहीद की यूनिट की ओर से आए सैनिकों ने भी उन्हें अंतिम सलामी दी। इस अंतिम विदाई में भारी संख्या में लोगों ने एकत्रित होकर अपने इस वीर सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। हवलदार शहीद सुखदेव सिंह अपने पीछे पत्नी अनीता देवी और एक बेटे को छोड़ गए हैं, जिनके लिए उनका यह बलिदान एक गौरव और पीड़ा का मिश्रण है।



शहीद हवलदार सुखदेव सिंह को गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए सेना के जवान

### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जताया शोक

**मंडी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लेह-लद्दाख में तैनात भारतीय सेना के वीर जवान हवलदार सुखदेव सिंह की शहादत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हवलदार सुखदेव सिंह के योगदान को देश कभी नहीं भुला पाएगा। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने शहीद के परिजनों की हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम ने पत्नी संग मां ज्वाला जी का लिया आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** देहरा में एसपी कार्यालय व सीएम ऑफिस खोलने से पहले सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पत्नी विधायक कमलेश ठाकुर के साथ ज्वालामुखी मंदिर में माता ज्वाला का आशीर्वाद लिया। देहरा जाने से पहले वे थोड़ी देर के लिए ज्वालामुखी में रुके उनके साथ विधायक ज्वालामुखी संजय रत्न विशेष तौर पर मौजूद रहे। यहां पर उन्होंने मंदिर में पूजा की और हवन में में आहूतियां डाली। सीएम सुक्खू ने मीडिया से बातचीत के दरान कहा कि चुनावों से पहले देहरा की जनता के साथ जो वायदे किए थे, उन्हें पूरा किया है।



### 150 पेटी अवैध शराब के साथ दबोचा नशा तस्कर



**शुभम शर्मा, देहरा।** ससारपुर टैरस पुलिस ने 150 पेटी अवैध शराब के साथ नशा माफिया को पकडने मे बडी सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र संसारपुर टैरेस में थाना देहरा के अंतर्गत चौकी संसारपुर टैरेस पुलिस को गुप्त सूचना मिलने के बाद घाटी चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा पिकअप गाड़ी जिसका नंबर एच पी 67-8783 चालक अंकित राणा सुपुत्र अमरनाथ उम्र 32 वर्ष गांव टिक्कर, तहसील सुजानपुर, जिला हमीरपुर जोकि टैरेस से जसूर की तरफ जा रहा था, जिसको सुबह 6:30 नाके पर दौरान रोका गया। चेकिंग दौरान गाड़ी को पिछली तरफ से तरपाल से ढका हुआ था। चालक द्वारा गाड़ी की चेकिंग न करवाने पर नजदीकी पुलिस चौकी को इसकी सूचना दी गई जिसके तुरंत बाद चौंकी इंचार्ज एसआई संजय और उनकी टीम पहुंच गई। वही चौंकी इंचार्ज एसआई संजय शर्मा ने बताया कि पुलिस द्वारा गाड़ी की तलाशी ली गई तो उसमें 150 पेटी अवैध रूप से जिसमे 10 अंग्रेजी रॉयल स्टैग व 140 देसी संतरा मार्का शराब की पेटी बरामद की गई। वही डीएसपी देहरा अनिल ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है

### खराब मौसम ने रोगी पैराग्लाइडिंग विश्व कप की उड़ानें

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** पैराग्लाइडिंग विश्व कप के तीसरे दिन प्रतिभागियों को 147 किलोमीटर का कठिन लक्ष्य दिया गया था, मगर खराब मौसम के कारण मंगलवार का टास्क बंद करना पड़ा और प्रतिभागियों में किसी भी प्रकार का कंपटीशन आज नहीं हो सका। लगभग 12 बजे विंडो ओपन होने के साथ ही प्रतिभागियों ने उड़ने भरना शुरू कर दी थी मगर 1 बजे के करीब मौसम खराब होने पर तकनीकी कमेटी के द्वारा प्रतियोगिता को आज का दिन स्थगित करने का आदेश दिया गय। वीरवार को बिलिंग से शानन, शाननसे पालमपुर पालमपुर से बैजनाथ, बैजनाथ से शानन, शानन से पालमपुर, पालमपुर से अजू, अजू से बिलिंग और बिलिंग से टेक ऑफ पॉइंट तक का लक्ष्य दिया गया था टास्क के बंद होने के कारण वर्तमान में बुधवार के रिजल्ट ही अभी तक प्रभावी रहेंगे।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने झूठ बोलने के तोड़े सारे रिकॉर्ड : जयराम ठाकुर

## नेता प्रतिपक्ष ने पूछा गोबर की गारंटी कहां गई, दूध की गारंटी कहां गई?

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने झूठ बोलने के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए है। यह बात मंगलवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कही।

इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू पर खूब जुबानी हमले बोले। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बार-बार कहते है कि गारंटियां पूरी हो गई है लेकिन गोबर की गारंटी का क्या हुआ, दूध की गारंटी का क्या हुआ, 5 लाख बेरोजगारों को नौकरी देने की बात कही पर 2 वर्ष होने के बाद भी स्टाफ सिलेक्शन कमीशन हमीरपुर शुरू नहीं हो पाया और हिमाचल प्रदेश में सारे विकास के कार्य ठप हो गए है। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री बार बार बोलते है कि बीजेपी झूठ बोलती है लेकिन हम विनम्र आग्रह करते है कि आप के एक दायित्व पर है, लेकिन आपने आज तक झूठ बोलने के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए है। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री विधानसभा में झूठ बोलते है विधानसभा के बाहर भी झूठ बोलते है और कहते है कि हमने आपको दो महीने का वेतन एक बार में दे दिया।

उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल करते हुए कहा की क्या आप नवंबर के महीने में भी इसी प्रकार से वेतन देंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल हास्यास्पद परिस्थितियों में पूरा होने जा रहा है। प्रदेश में आज हालात ऐसे बन गए है कि मुख्यमंत्री को प्रदेश के कर्मचारियों की सैलरी देने की तारीख हर महीनें अनाउंस करनी पड़ रही है। कांग्रेस सरकार के मंत्री ही यह कहते फिरते है कि वह बोले तो क्या बोले, उल्टे सीधे फैसले लिए जा रहे है।



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पत्रकार वार्ता करते हुए।

### मुख्यमंत्री की कुर्सी हिलती नजर आ रही

**जयराम** ठाकुर ने मौजूदा सरकार पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा की सरकार में आज मंत्रियों की स्थिति ऐसी हो गई है कि मंत्रियों को फैसलों की जानकारी नहीं होती की ऐसी नोटिफिकेशन हो गई है और न ही उनकी सहभागिता होती है। उन्होंने कहा की विधानसभा चुनावों में सबसे ज्यादा फर्क मंत्रियों पड़ता है और आने वाले चुनावों एक मंत्री जीत गया नहीं तो स्थिति बहुत गंभीर बनती जा रही है। हम जो भी बोल रहे है वह कागजों और दस्तावेजों के हिसाब से बोल रहे है। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री ने एक बार नहीं अनेकों बार झूठ बोलकर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास किया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा की हमें तो कुर्सी का लोभ नहीं है लेकिन जिस प्रकार मंत्री अलग-अलग जगह बैठक कर रहे है तो कुर्सी तो मुख्यमंत्री की हिलती नजर आ रही है।

# 45 मील में हुए सड़क हादसे में एसआई की मौत

**अनिल छांगू, जवाली**

पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय उच्चमार्ग पर 45 मील के समीप एक हादसा पेश आया, जिसमें एक स्कूटी व बस की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक 58 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक प्रेम बस नंबर एचपी 68- 2885 कांगड़ा से पठानकोट जा रही थी कि 45 मील के समीप सामने से आ रही स्कूटी नंबर एचपी 54 सी2883 के साथ टक्कर हो गई। इसमें स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे टांडा मेडिकल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान संतोख कुमार पुत्र कर्म चंद निवासी ठारू (बग्गा) तहसील जवाली के रूप में हुई है। आपको बता दें कि मृतक संतोख कुमार सशत्र सेना बल में एसआई के पद पर सपड़ी में तैनात थे। करीबन दो दिन पहले उनके बेटे की शादी हुई थी।

अभी परिवार में खुशी का माहौल था कि ऐसे में दु:खद मौत से खुशी गम में तब्दील हो गई। मामले की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी शाहपुर करतार चंद ने बताया कि मामला दर्ज कर शव को कब्जे में ले लिया गया है।

पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा। दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)



## राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेने सिडनी पहुंचे पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 67वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेने भारतीय समयानुसार 3 बजकर 25 मिनट पर सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) पहुंच गए हैं। उनके साथ विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार तथा विधान सभा सचिव यशपाल शर्मा भी सिडनी गए हैं।

कुलदीप सिंह पठानिया 5 से 8 नवंबर तक सिडनी स्थित न्यू साउथ वेल्स में आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेने के उपरान्त तीन देशों क्रमश: न्यूजीलैंड, जापान तथा दक्षिण कोरिया के अध्ययन प्रवास पर रहेंगे। कुलदीप सिंह पठानिया गत रात्री इंदिरा गांधी अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पहले वायु मार्ग द्वारा मलेशिया पहुंचे तथा 2 घंटे के विश्राम के बाद सिडनी के लिए रवाना हुए।



विधानसभा अध्यक्ष 5 से 8 नवम्बर, 2024 तक राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए सिडनी में ही रहेंगे। कुलदीप सिंह पठानियां सम्मेलन के दौरान चर्चा के लिए चयनित तीनों विषयों पर अलग-अलग समय में अपना संबोधन देंगे।

विधान सभा अध्यक्ष सम्मेलन के प्रथम दिन पुलों का निर्माण, स्वदेशी लोगों के साथ सार्थक जुड़ाव के लिए संसदीय रूप रेखा विषय पर अपना संबोधन देंगे। कुलदीप पठानिया सम्मेलन के दौरान आयोजित होने वाले सभी सत्रों में भाग लेंगे।

## हिमाचल में तीन रुपए किलो की दर से जैविक गाय गोबर खरीद के लिए निविदाएं जारीं

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने मंगलवार को कहा कि तीन रुपए प्रति किलोग्राम की दर से जैविक गाय का गोबर खरीदने के लिए निविदाएं जारी की गई हैं और सफल बोलीदाता बैग, परिवहन और भंडारण सुविधाएं भी प्रदान करेंगे।

उन्होंने कहा कि जैविक खेती पर जोर देने के साथ, किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि में हाई-टेक तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कृषि को टिकाऊ बनाए रखने के लिए एक किसान परिवार की मासिक आय 20,000 रुपए से 25,000 रुपए के बीच होनी चाहिए।

कांग्रेस पार्टी ने पिछले विधानसभा चुनावों से पहले दो रुपए प्रति किलोग्राम की दर से गाय का गोबर खरीदने का वादा किया था, लेकिन हम कच्चा गाय का गोबर नहीं खरीदना चाहते हैं और तीन रुपए प्रति किलोग्राम की दर से गाय का जैविक गोबर खरीदेंगे।

जैविक गाय का गोबर एक प्राकृतिक और पोषक तत्वों से भरपूर उर्वरक है जिसका उपयोग मिट्टी के स्वास्थ्य और पौधों की वृद्धि में सुधार के लिए किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, ''तीन रुपए प्रति किलोग्राम की दर से जैविक गोबर खरीदने के लिए निविदाएं जारी की गई हैं और जिस कंपनी को यह कार्य सौंपा गया है, वह बैग उपलब्ध कराएगी, उन्हें भरेगी और सील करेगी, साथ ही परिवहन और भंडारण सुविधा भी प्रदान करेगी और उसे 4-5 रुपए प्रति किलोग्राम का भुगतान किया जाएगा।''

**स्वास्थ्य**

### आईजीएमसी, टांडा मेडिकल कॉलेज व अन्य मेडिकल कॉलेजों में अभी तक इस तरह की कोई भी मशीन नहीं

# कैंसर रोगियों की तुरंत पहचान करेगी पैट स्कैन मशीन

**शुभम राही, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश में इन दिनों कैंसर के मरीजों की संख्या अधिक बढ़ना शुरू हो गई है। प्रदेश के सबसे बड़े अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स कोठीपुरा में प्रतिदिन एक से दो मरीज कैंसर से पीड़ित पहुंच रहे हैं। ऐसे में एम्स प्रशासन की ओर से कैंसर पीड़ित मरीजों की तुरंत पहचान करने के लिए पैट स्कैन मशीन की आधुनिक सुविधा शुरू करने जा रहा हैं।

एम्स कोठीपुरा में यह आधुनिक तकनीक से लैस मशीन पहुंच चुकी है और प्रशासन द्वारा इसको दिसंबर माह तक पूरे तरीके से शुरू करने की तैयारियों में जुट चुका है।

आपको बता दें कि प्रदेश के किसी भी आईजीएमसी, टांडा मेडिकल कॉलेज व अन्य मेडिकल कॉलेजों में इस तरह की कोई भी मशीन नहीं है। वहीं, अगर मरीजों को अपना कैंसर टेस्ट करवाना होता है तो उनको पीजीआई या फिर बाहरी राज्यों के निजी अस्पतालों में हजारों रुपए खर्च करके टेस्ट करवाना पड़ता है। वहीं, पीजीआई चंडीगढ़ की भी बात करें तो यहां पर भी मात्र एक मशीन है, जिसके चलते मरीजों को यहां पर लंबी तिथि दी जाती है उसके बाद ही उनके कैंसर के टैस्ट होते हैं।

ऐसे में एम्स संस्थान बिलासपुर प्रदेश का एक मात्र ऐसा संस्थान होगा जिसमें इस तरह की सुविधा मिलेगी। इसके लिए एम्स में एक स्पेशल रूम भी तैयार किया जा रहा है। ऐसे में अगर विशेषज्ञों की मानें तो बिलासपुर एम्स में हर दिन दो से तीन मामले कैंसर के सामने आ रहे है, जो चिंता की विषय हैं। हालांकि यह आंकडा इससे कहीं अधिक है। यह आंकडा केवल बिलासपुर एम्स का है।

गौरतलब है कि बिलासपुर एम्स में एक साथ कई आधुनिक चिकित्सकीय सुविधाओं में बढोतरी हो रही हैं, जिनमें पैट सपैक्ट मशीन की उपलब्धता भी प्रमुखता से शामिल होगा। आपको बता दें कि प्रदेश के एक मात्र एम्स संस्थान में यह सुविधा मिलने से मरीजों को तीन गुना कम दाम में टेस्ट की सुविधा मिलेगी।




**क्या होती है पैट इमेजिंग या स्कैन मशीन:** पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी जिसे पैट इमेजिंग या स्कैन के रूप में भी जाना जाता है, एक प्रकार की चिकित्सा इमेजिंग मशीन होती है, जो कोशिकाओं के स्तर पर परिवर्तनों की पहचान करती है। इससे प्रारंभिक अवस्था में ही बीमारी का निदान करने में मदद मिलती है।

पेट स्कैन मशीन से पहले कैंसर मरीजों की जांच एमआरआई और सीटी स्कैन करवाकर ही की जाती थी। इससे यह पता नहीं चलता कि शरीर में किस-किस जगह पर कैंसर है। इसके अलावा न ही यह पता चल पाता है कि यह कितना बढ़ गया है। वहीं, पैट स्कैन से शरीर के छोटे से कैंसर का भी पता चल जाएगा। इसमें मरीज को एक विशेष ग्लूकोज के साथ रेडियो आइसोटोप का इंजेक्शन दिया जाता है। यह दवा सिर्फ कैंसर कोशिकाओं में ही पहुंचती है। इन कोशिकाओं से पॉजिट्रॉन निकलते हैं, जिसे रेडियो एक्टिव आइसोटोप पकड़ लेता है। यही कैंसर ग्रस्त कोशिकाएं होती हैंए जिनकी इमेज पूरी तरह साफ हो जाती है और पता चल जाता है कि कैंसर वाली कोशिकाएं किस अंग से सिग्नल दे रही हैं। (अनंत ज्ञान)

> दिसंबर माह तक एम्स में पैट स्कैन मशीन की सुविधा शुरू करने की तैयारियां हैं। कैंसर पीड़ितों की पहचान करने और उनका सही समय पर इलाज करने के लिए यह आधुनिक मशीन काफी कारगार सिद्व होगी। मरीजों को बेहतर इलाज देने के लिए एम्स प्रशासन दिन-रात कार्यरत हैं।
>
> 
>
> **राकेश कुमार**
> **कुलसचिव, एम्स बिलासपुर**

## पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

उपमंडल घुमारवीं की दधोल पंचायत के छंदोह गांव में आग लगने से दो पशुशालाएं जलकर राख हो गई। आग लगने की इस घटना से दो परिवारों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ।

आग लगने से हुए नुकसान का मंगलवार को पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने जायजा लिया तथा पीड़ित परिवारों के सदस्यों को ढांढस बंधाया। पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने प्रदेश सरकार तथा प्रशासन से इन पीड़ित परिवारों की मदद करने की मांग की है। गर्ग ने कहा कि आग लगने से पीड़ित परिवारों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। गौशाला में रखा पशुचारा सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया है। इन परिवारों के पशुओं को अब पशुचारे की समस्या भी हो गई है। उन्होंने प्रशासन से आग से पीड़ित परिवारों की मदद की मांग की है।

घुमारवी उपमंडल के तहत आने वाली दधोल पंचायत के छंदोह गांव में दीपावली के दूसरे दिन आग लगने से दो पशुशालाएं जलकर राख हो गई थी। आग लगने की इस घटना से करीब पांच लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। दो परिवारों के छह कमरों की दो मंजिला स्लेटपोष पशुशाला में रखा घास, अनाज, इमारती लकड़ी व अन्य सामान जलकर राख हो गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### दी कृषि सभा सीमित का चुनाव 12 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** दी कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित के सचिव करनैल सिंह ने बताया सीमित डाडासीबा का चुनाव 12 दिसंबर को हो रहा है। उसके नामांकन की प्रक्रिया 26 नवंबर को सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक होगी। 12 दिसंबर को सुबह 10 से लेकर 3 बजे तक वोट डाले जाएंगे, उसके तुरंत बाद परिणाम की घोषणा होगी।

### बेह ढौंटा स्कूल के कमरे गिराने के लिए बोली 14 को

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बेह ढौंटा के प्रधानाचार्य सतपाल ने बताया कि स्कूल के दो क्षतिग्रस्त कमरों को गिराने के आदेश उच्च शिक्षा विभाग धर्मशाला से प्राप्त हुए हैं। इस संदर्भ में सूचित किया जाता है कि कमरों को गिराने और मलवा हटाने के लिए विद्यालय के प्रांगण में 14 नवंबर को सुबह 10 बजे बोली लगाई जाएगी, इसलिए बोलीकर्ता जो इस बोली में भाग लेना चाहते हैं निर्धारित समय पर स्कूल के प्रांगण में पधारें।

### ठंडोल स्कूल में एनीमिया स्क्रीनिंग कैंप आयोजित



**अनंत ज्ञान, डरोह।** मंगलवार को 'द हंस फाउंडेशन' मोबाइल मेडिकल यूनिट एमएमयू-3 भवारना द्वारा सरकारी हाई स्कूल ठंडोल में एक व्यापक एनीमिया स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया गया, जिसमें कुल 35 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई और एनीमिया से पीड़ित बच्चों को उचित उपचार प्रदान किया गया। इस दौरान चिकित्सा अधिकारी विकास कंठवाल, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी वनिता चौहान, फार्मासिस्ट मनप्रीत कौर, लैब टेक्नीशियन कमल कुमार, पायलट मंगल देव का इस कार्यक्रम में पूरा सहयोग रहा। प्रधानाचार्य उत्तम राणा, स्वास्थ्य नोडल अधिकारी राजेंद्र कुमार और अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

### बाल स्कूल में नशे के खिलाफ दिलाई शपथ




**शिबम शर्मा, परागपुर।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परागपुर में मंगलवार को सांस्कृतिक रगारंग कार्यक्रम व नशे के खिलाफ शपथ दिलाते हुए सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रधानाचार्य सीमा कौशल की अध्यक्षता में आयोजित इस एनएसएस शिविर मे बतौर चीफ गेस्ट रिटायर प्रिसींपल ओम प्रकाश पाधा ने शिरकत की। कार्यक्रम अधिकारी सुभाष ठाकुर महिला अधिकारी गितिका तोमर ने कहा कि इस एनएसएस शिविर मे 61 स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। इस दौरान लडकियों ने पहाड़ी नाटी झमाकड़ा, पजांबी गिद्दा व नशे पर लघु हास्य नाटक की शानदार प्रस्तुतियां दीं। ' तेरी मिट्टी में मिल जावां ' देश भक्ति के गाने की बेहतरीन प्रस्तुति देते हुए भरे हुए पंडाल को देश भक्तिमय माहौल में डुबो दिया। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य सीमा कौशल ब एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुभाष ठाकुर ने मुख्यातिथियों का स्वागत किया, तो वहीं चीफ गेस्ट पूर्व प्रिसींपल ओम प्रकाश पाधा ने बंलटियर छात्रों के नशे के खिलाफ शपथ दिलाते हुए उन्हें ऐसे पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के पहले दिन छात्र-छात्राओं ने प्रभातफेरी निकाल कर दिनचार्य की शुरुआत की और स्कूल कैंपस में बिखरा कूडा-कर्कट उठाया। (अनंत ज्ञान)

# शाहपुर-जवाली में बेलचा माफिया खूब कर रहा अवैध खनन

## ट्रैक्टरों की नंबर प्लेटें ही गायब, बिना ड्राइविंग लाइसेंस से ट्रैक्टरों को चला रहे हैं चालक

**अनिल छांगू, जवाली**



हिमाचल प्रदेश में एक तरफ तो सरकार ने अवैध खनन पर पाबंदी लगाने की पुरजोर कोशिश की है तो तो वहीं, दूसरी तरफ बेलचा माफिया ट्रैक्टरों द्वारा खूब खनन किया जा रहा है। पुलिस थाना जवाली के अंतर्गत कोटला, मिनी हरिद्वार जवाली, देहर खड्ड, मैरा खड्ड, पुलिस थाना शाहपुर के तहत गज खड्ड, खोली खड्ड सहित कई खड्डों में हर रोज सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रालियां बेलचा माफिया भरकर खड्डों का सीना छलनी करके अवैध खनन कर रहा है।

वहीं, जवाली-शाहपुर उपमंडल में ज्यादातर खनन माफियाओं ने सड़कों के किनारे या सरकारी भूमि पर अवैध खनन से रेत-बजरी के बड़े-बड़े ढेर लगाकर डंप किए हुए हैं। देखने की बात यह है कि यह जो बेलचा माफिया ट्रैक्टरों से खनन कर रहे हैं, ज्यादातर उनके ट्रैक्टरों के नंबर प्लेटें ही गायब हैं। वहीं ट्रैक्टर चालक भी बिना ड्राइविंग लाइसेंस से इन ट्रैक्टरों को चला रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कहा है कि दुर्भाग्यवश कोई ट्रैक्टर से हादसा हो जाता है तो न ही ट्रैक्टर का नंबर है और न ही ट्रैक्टर चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस होता है तो आखिर जिम्मेदारी किसकी है।

सूत्रों से पता चला है कि अवैध खनन करने वाले बेलचा माफिया राजनीतिक संरक्षण के तहत ही इस कार्य को अंजाम दे रहे हैं। जिससे कि पुलिस प्रशासन और खनन विभाग भी इन बेलचा माफियाओं पर हाथ डालने से कतराते हैं। लोगों का कहना है कि नेताओं के डर से और चापलूसी की वजह से अवैध खनन करने वालों पर पुलिस प्रशासन व खनन विभाग भी इन पर कार्रवाई नहीं करता है। इन खनन माफियाओं ने अब तो ट्रैक्टर से साथ जेसीबी की तरह पंजे लगाकर रखे हुए हैं। जिससे पेयजल स्कीमों का काफी नुकसान हो रहा है। जल का स्तर काफी नीचे चला गया है। लोक निर्माण विभाग उपमंडल लंज के तहत गज खड्ड पर बने पुल के पिल्लरों के बेस सामने निकल आए हैं। अगर भविष्य में यही हाल रहा तो इसके परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं विधायक एवं मंत्री चंद्र कुमार



**स्थानीय** विधायक एवं कृषि एवं पशुपालन मंत्री चौधरी चंद्र कुमार से बात करने पर उन्होंने कहा कि अगर अवैध खनन सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए है।

### विधायक केवल सिंह पठानिया बोले



**उपमुख्य** सचेतक व विधायक केवल सिंह पठानिया से बात हुई तो उन्होंने बताया कि खनन विभाग, पुलिस विभाग को सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए है।

### क्या कहती हैं एसपी शालिनी अग्निहोत्री



**इस** बारे में एसपी कांगड़ा शालिनि अग्निहोत्री व जिला अधिकारी नूरपुर अशोक रतन से जानना चाहा तो उन्होंने कहा कि पुलिस हर रोज बेलचा माफिया के खिलाफ कार्रवाई कर चालान करती है। बिना लाइसेंस व कागजात के घूम रहे ट्रैक्टरों को जब्त करने के आदेश भी पुलिस को दिए गए है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने बालों को बक्शा नहीं जाएगा।

## स्कूली बच्चों को साइबर क्राइम बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**



मंगलवार को पुलिस थाना रैहन की टीम ने थाना प्रभारी सुनील कुमार के नेतृत्व में कामरेड रामचंद्र रावमापा रैहन में स्कूली बच्चों को साइबर क्राइम व अन्य तरह के अपराधों पर जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने कहा आजकल मोबाइल का जमाना है, इसलिए बिना सत्यता जाने हमें किसी भी लिंक को ओपन नहीं करना चाहिए।

साथ ही उन्होंने क्षेत्र की महिलाओं व बच्चियों से आह्वान किया कि वे भी अपने ऊपर हो रहे अत्याचार को छुपाएं नहीं, बल्कि पुलिस थाना रैहन में चल रहे महिला सहायता कक्ष में अपनी शिकायत दर्ज करवाएं, लेकिन एक बात का जरूर ध्यान रखें कि जो आप शिकायत दर्ज करवाने जा रही हैं उसमें सत्यता हो। वहीं उन्होंने कहा कि रैहन में स्कूल खुलने व बंद होने दौरान बिना नंबर प्लेट बाइकर्ज पर शिकंजा कसने के लिए भी बिशेष अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान एएसआई अरुण, दिनेश सहित अन्य पुलिस जबान व स्कूल प्रशासन उपस्थित रहा।

## मंत्री अनिरुद्ध ठाकुर ने किया डाडासीबा में अनौपचारिक दौरा

**डाडासीबा।** जिला कांगड़ा के डाडासीबा में मंगलवार को ग्रामीण एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध ठाकुर के अनौपचारिक दौरे के दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरिंद्र सिंह मनकोटिया के आवास पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व पंचायतीराज विभाग के कर्मचारियों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री ने स्थानीय लोगों व विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं को सुना। इसके अलावा पंचायत प्रधानों ने भी अपने काम मंत्री के समक्ष रखे। जिन पर उन्होंने इन कार्यों को करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कुशल स्पेहिया, ब्लॉक कांग्रेस महिला अध्यक्ष अनुराधा ठाकुर, पुष्पा मिन्हास, गुरदास राम, प्रधान सुचिता कंवर, राजिंद्र गोगा, परमेश्वरी दास सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एंजल स्कूल समूहगान प्रतियोगिता में प्रथम





**राकेश डोगरा, डरोह**

भारत विकास परिषद हिमाचल प्रदेश पश्चिम द्वारा प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन पालमपुर शाखा के आतिथ्य में किया गया। प्रतियोगिता में एंजल पब्लिक स्कूल भवारना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गुरु नानक देव पब्लिक स्कूल डलहौजी द्वितीय व सरस्वती विद्या मंदिर मंडी की टीम तृतीय स्थान पर रही। प्रथम स्थान पर रहने वाली एंजल पब्लिक स्कूल की टीम जम्मू में होने वाली उत्तर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेगी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि जिला उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा ने भारत विकास परिषद द्वारा छात्रों में बचपन से ही राष्ट्र निर्माण की नींव डालने के प्रयासों की सराहना की। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष मनोज रत्न ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सात टीमों ने भाग लिया तथा प्रथम रही टीम को पालमपुर के प्रख्यात समाजसेवी एवं व्यावसायी रहे लाला वजीर चंद वासुदेवा चल-विजयोपहार भी भेंट किया गया।

इस दौरान प्रांतीय संस्कार प्रमुख सुदर्शन वासुदेवा ने विजेता टीम को लाला जी की स्मृति ट्रॉफी के साथ 5100 रुपए नकद राशि देने की भी घोषणा की। प्रांतीय संयोजक राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता कमल सूद ने बताया कि संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत परिषद इस कार्यक्रम को शाखा से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक आयोजित करती है और आज के कार्यक्रम में प्रथम आने वाली टीम 10 नवंबर को जम्मू में हिमाचल प्रदेश पश्चिम प्रांत का नेतृत्व करेगी। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पर्यवेक्षक के रूप में क्षेत्रीय सचिव पर्यावरण कुमुद मेहता, निर्णायक मंडल में संजीव शर्मा, विजय भारती व डॉ. उज्ज्वल कटोच उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम में जितेंद्र बंटा, अनिल गुरुंग, संजय सूद, देशराज ठाकुर, कुशल कटोच आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## अनंत ज्ञान फैशन

# हैवी झुमकों में बिना मेकअप के भी बेमिसाल लगेगा आपका लुक

**फैशन में बहुत सारे बदलाव आ चुका है। खासतौर पर अब बहुत डिजाइनर और हैवी पैटर्न वाले आउटफिट्स महिलाओं को कम ही पसंद आते हैं। इसकी जगह महिलाएं सिंपल से आउटफिट के साथ हैवी ज्वेलरी पहन लें, तो उनका रूप श्रृंगार खिलकर आता है। अगर आप भी बिना मेकअप और सिंपल लुक वाले आउटफिट्स के साथ खुद को खूबसूरत अंदाज देना चाहती हैं, तो आपको भी एक बार लेख में दिखाए गए डिजाइंस पर नजर डालनी चाहिए। अगर आप सिंपल आउटफिट्स के साथ हैवी झुमके पहनेंगी, तो हर कोई आपके स्टाइल को कॉपी करने की सोचेगा। बाजार में आपको एक नहीं कई तरह के डिजाइंस और पैटर्न में झुमके देखने को मिल जाएंगे। तो चलिए झुमके के नए और बेहतरीन डिजाइंस देखें।**



### मीनाकारी वर्क वाले हैवी डिजाइनर झुमके

**मीनाकारी** वर्क बहुत ही परंपरिक और खूबसूरत लगता है। अगर रॉयल लुक चाहिए तो आपको ऐसी ज्वेलरी का चयन करना चाहिए। बाजर में आपको मीनाकारी वर्क वाले झुमकों में बहुत अच्छी वेरायटी देखने मिल जाएगी। इस तरह के झुमकों में आपको हैवी और लाइट दोनों तरह के वेट में ईयररिंग्स मिल जाएंगे। मीनाकारी में टॉप्स वाले झुमके, चांदबालियां, हुक्स वाले झुमके मिल जाएंगे।



### मल्टीकलर हैवी डिजाइनर झुमके

मल्टीकलर झुमके हर अवसर के लिए उपयुक्त होते हैं। इनमें विभिन्न रंगों का संयोजन होता है, जो आपके किसी भी तरह के एथनिक आउटफिट के साथ बेहतरीन मेल खाते हैं। ये झुमके आपकी सादगी को भी उभार सकते हैं और किसी भी साधारण कपड़े को खास बना सकते हैं। इन झुमकों के साथ आप अपने लुक में एक नया रंग भर सकती हैं। बेस्ट बात तो यह कि आपको इस तरह के झुमकों को कैरी करने के लिए कपड़ों के रंग के बारे में नहीं सोचना पड़ेगा।

### ऑक्सीडाइज हैवी डिजाइनर झुमके

**ऑक्सीडाइज** झुमके एक ट्रेंडी विकल्प हैं। इनका गहरा रंग और फैंसी बोहिमन डिजाइंस इन्हें खास बनाती हैं। ऑक्सीडाइज्ड झुमके किसी भी एथनिक या वेस्टर्न आउटफिट के साथ पहने जा सकते हैं। इन झुमकों की खासियत यह है कि ये बिना किसी ज्यादा सजावट के भी आपके लुक को शानदार बना सकते हैं। हां, इसमें आपका एथनिक से ज्यादा बंजारा टाइप लुक मिलेगा, जो आजकल काफी लोकप्रिय हो रहा हे।



*शादी का सीजन शुरू होते ही लोगों की भीड़ सबसे ज्यादा मार्केट में देखने को मिलती है। हर कोई अपने लिए अलग-अलग तरह के कपड़े खरीदता नजर आता है। ऐसे में जब शादी दोस्त की हो तो उसकी शादी में तैयार होने का मजा अलग ही होता है। लड़कियां ज्यादातर लहंगा खरीदना पसंद करती हैं, इसलिए पहले से ही सोशल मीडिया पर डिजाइन पसंद कर लेती हैं। अगर आपको भी लहंगे के डिजाइन का आइडिया लेना है, तो इसके लिए आप सिंगर नीति मोहन के लहंगा लुक पर नजर डाल सकती हैं। हर लहंगा लुक बेहद खास है और सबसे अलग भी है। चलिए आपको भी बताते हैं किस तरह के लहंगे पहनने के बाद अच्छे लगेंगे।*







# दोस्त की शादी में आप भी स्टाइल कर सकती हैं ये लहंगे

**पिंक कलर का लहंगाः** सिंगर नीति मोहन ने इस तस्वीर में पिंक कलर लहंगे को स्टाइल किया है। इस लहंगे में जरदोजी वर्क किया गया है। इससे लहंगा और भी ज्यादा हैवी और सुंदर नजर आ रहा है। इसके साथ उन्होंने डबल शेड के दुपट्टे और ब्लाउज को कॉन्टास्ट में वियर किया है। आप भी इस तरह के वर्क वाले लहंगे को 5,000 से 10,000 रुपये में खरीद सकती हैं ।

**नीति मोहन का लहंगा लुकः** ट्रेडिशनल के साथ स्टाइलिश लुक के लिए आप फोटो में नजर आने वाले लहंगे को स्टाइल कर सकती हैं। इसे द रॉयलम बाय हेतल शाह ने डिजाइन किया है। इसमें बांधनी प्रिंट का काम किया गया है। इसके साथ लहंगे को हैवी टच देने के लिए स्टोन, कट दाना और फ्लोरल बीड्स का इस्तेमाल किया गया है। वहीं इसके ब्लाउज पर क्रिस्टल और कुंदन स्टोन का काम किया गया है। लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए ब्लाउज को हॉल्टर नेकलाइन में क्रिएट किया गया है। आप भी फोटो देखकर अपने लिए ऐसे ही लहंगे को कस्टमाइज्ड करा सकती हैं। इससे आप सुंदर नजर आएंगी।

**रेड लहंगाः** आप अगर लहंगा खरीदने के बारे में सोच रही हैं, तो इसके लिए नीति मोहन के इस लहंगे को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपका लुक बेहद खूबसूरत नजर आएगा। इस तरह के लहंगे में आपको लहंगा और चोली दोनों पर एम्ब्रॉयडरी वर्क मिलेगा। इसका दुपट्टा सिंपल मिलेगा, ताकि लहंगे का वर्क अच्छे से नजर आ सके।

# विंटर सीजन में कर रही हैं शादी

## अटेंड तो स्टाइल करें वेलवेट सूट





*विंटर सीजन में होने वाली शादी के दौरान अक्सर महिलाएं इस बात को लेकर परेशान रहती हैं कि वे किस तरह का आउटफिट वियर करें। महिलाएं चाहती हैं कि इस मौके पर वे स्टाइलिश नजर आए, साथ ही ठंड से बचा जा सका। वहीं, अगर आप स्टाइलिश लुक चाहती हैं साथ ही ये भी चाहती हैं ठंड की वजह से आपका फैशन खराब न हो तो आप ये वेलवेट सूट स्टाइल कर सकती हैं। हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइन वाले वेलवेट सूट दिखा रहे हैं जो आप विंटर सीजन में हो रही शादी में शामिल होने के दौरान वियर कर सकती हैं। वहीं इस आउटफिट में आपका लुक रॉयल भी नजर आएगा।*

### थ्रेड वर्क वेलवेट सूट

**अगर** आप सिंपल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के थ्रेड वर्क वेलवेट सूट का चुनाव कर सकती हैं और यह विंटर सीजन में होने वाली शादी में रॉयल लुक पाने के लिए बेस्ट है। इस सूट में बेहद ही खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है, साथ ही वी नेक डिजाइन में आता है। इस तरह का सूट आपको कई सारे कलर और नेक डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे। इस थ्रेड वर्क वेलवेट सूट के साथ आप फुटवियर में मोजरी साथ ही आर्टिफिशियल ज्वेलरी का चुनाव कर सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वेलवेट सूट

**यह** एम्ब्रॉयडरी वर्क वाला वेलवेट सूट भी आप विंटर सीजन में स्टाइल कर सकती हैं जो कि स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है। एम्ब्रॉयडरी वाला यह वेलवेट सूट आपको कई सारे डिजाइन में मिल जाएगा जिसे आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से ले सकती हैं। इस सूट के साथ आप चोकर और बालों का बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी में आप इस तरह के फ्लोरल पैटर्न वाले एंब्रॉयडरी सूट का भी चुनाव आर सकती हैं जो न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है। इस सूट में आप स्टाइलिश नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### किसान क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाले लाभ बारे बताया

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा में मत्स्य अधिकारी विकास चंद्रा की अध्यक्षता में एकदिवसीय जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें कांगड़ा के मत्स्य विभाग



द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड व एनएफडीपी नेशनल फिशरीज डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत पंजीकरण की जानकारी व आम जनता की जागरूकता के लिए एकदिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में पोंग जलाशय में कार्य कर रहे मछुआरों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभ व भारत सरकार के एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीकरण करवाने की अनिवार्यता के बारे में बताया गया। कैंप में कांगड़ाह्य सहकारी बैंक की ओर से विश्वजीत सिंह, एनएफडीपी की ओर से संदीप कुमार और मत्स्य विभाग की ओर से मत्स्य अधिकारी विकास चंद्रा उपस्थित रहे।

### लड़कों के वर्ग में कांगड़ा राज्य स्तर पर विजेता

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** प्रारंभिक शिक्षा विभाग जिला कांगड़ा द्वारा प्रदेश स्तरीय-14 वर्ष से कम आयु वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर शिक्षा उपनिदेशक



प्रारंभिक अश्वनी भट्ट द्वारा सहायक जिला शारीरिक शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा व शारीरिक शिक्षा अध्यापक शमी कुमार तथा संजू कुमार का स्वागत किया गया। लड़कों के वर्ग में जहां कांगड़ा राज्य स्तर पर विजेता रहा। वहीं, लड़कियों की हॉकी में कांगड़ा रनरअप रहा। कुश्ती में लड़कियों ने जहां स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी कांगड़ा दूसरे स्थान पर रहा। इस शानदार प्रदर्शन पर उपनिदेशक अश्वनी भट्ट ने सभी खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों तथा जिला कांगड़ा के सभी शारीरिक शिक्षा अध्यापकों को इस प्रदर्शन पर बधाई दी। इस अवसर पर सहायक निदेशक संजय ठाकुर भी उपस्थित रहे।

### 150 पेटी अवैध देसी-अंग्रेजी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** औद्योगिक क्षेत्र संसारपुर टैरेस में थाना देहरा के अंतर्गत चौकी संसारपुर टैरेस पुलिस को गुप्त सूचना मिलने के बाद घाटी चेक पोस्ट पर तैनात



पुलिस कर्मियों द्वारा पिकअप गाड़ी, जिसका नंबर एचपी 67-8783 चालक अंकित राणा पुत्र अमरनाथ उम्र 32 वर्ष गांव टिक्कर तहसील सुजानपुर जिला हमीरपुर, जो कि टैरेस से जसूर की तरफ जा रहा था, जिसे सुबह 6:30 नाके के दौरान रोका गया। चेकिंग के दौरान गाड़ी पिछली तरफ से तरपाल से ढकी हुई थी। चालक द्वारा गाड़ी की चेकिंग न करवाने पर नजदीकी पुलिस चौकी को इसकी सूचना दी गई, जिसके तुरंत बाद चौकी इंचार्ज एसआई संजय और उनकी टीम पहुंच गई। वहीं, चौकी इंचार्ज एसआई संजय शर्मा ने बताया कि पुलिस द्वारा गाड़ी की तलाशी ली गई, तो उसमें 150 पेटी अवैध रूप से पकड़ी, जिसमें 10 अंग्रेजी रॉयल स्टैग व 140 देसी संतरा मार्का शराब बरामद की गई। पूछताछ के दौरान गाड़ी चालक कोई जवाब नहीं दे सका, जिस कारण पुलिस ने गाड़ी और शराब को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, डीएसपी देहरा अनिल ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है

### कौल सिंह ने मां बज्रेश्वरी मंदिर में माथा टेका

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर मंगलवार को कांगड़ा के बज्रेश्वरी मंदिर मां के दर्शन करने पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका प्रदेश प्रवक्ता एवं मंदिर ट्रस्टी अशोक हिमाचली, प्रदेश सचिव राजेश राजा और मुख्य पुजारी



उमेश शर्मा ने पुष्प देकर स्वागत किया। शर्मा ने उनसे विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। अशोक हिमाचली, राजेश राजा, मुख्य पुजारी उमेश शर्मा, नरेंद्र और हैप्पी ने पूर्व मंत्री को माता की चुनरी और तस्वीर भी भेंट की। कौल सिंह ठाकुर ने विजिटर बुक में अपना संदेश भी लिखा। उन्होंने कहा माता ब्रजेश्वरी के दर पहुंचने पर मन को असीम शांति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा मां की असीम कृपा सभी भक्तों पर बनी रहे यही मेरी कामना है। कौल सिंह मंदिर में पूजा-अर्चना के उपरांत प्रदेश प्रवक्ता अशोक हिमाचली और प्रदेश सचिव राजेश राजा के घर भी पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने परिवार संग भोजन किया और बातें की। (अनंत ज्ञान)

### 1500 की चाह ने महिलाओं को पहुंचाया हाड़ा पंचायत घर

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत 18 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह सरकार द्वारा दिए जाने का बादा किया गया था, जिसके लिए महिलाओं द्वारा तहसील कल्याण विभाग में फॉर्म जमा करबाये गए थे। जिन्हें अब पंचायतों द्वारा सत्यापित किया जा रहा है। इसी कड़ी में



मंगलवार को विकास खंड फतेहपुर की पंचायत हाड़ा में आम ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमे 1500 रुपए प्रतिमाह की चाह लिए आवेदक महिलाओं ने पंचायत घर में हाजिरी लगाते हुए पहली ही सभा में कोरम पूरा करबा दिया। इस बारे शाम करीब 5 बजे जानकारी देते हुए पंचायत प्रधान सुशील कालिया ने बताया तहसील कल्याण विभाग की तरफ से उक्त योजना के 274 फार्म भेजे गए थे। जिनमें 271 महिलाएं पात्र पाई गईं। बताया जो तीन महिलाएं अपात्र निकली उनमें दो की शादी हो चुकी थी तो वहीं एक महिला का परिवार करदाता निकला। पात्र महिलाओं की फाइनल हुई सूची जल्द तहसील कल्याण विभाग को भेज दी जाएगी।

### बच्चों को पर्यावरण संरक्षण पर दिए महत्वपूर्ण टिप्स

**राकेश डोगरा, डरोह।** मंगलवार को राजकीय माध्यमिक पाठशाला साई भ्रांता में हंस फाउंडेशन के सौजन्य से वन अग्नि एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल ईको क्लब अधिकारी सुभाष चंद द्वारा



पर्यावरण संरक्षण शपथ दिलाने के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों का हंस फाउंडेशन के सीओ आकृति, तान्या, विन्नी, विपन तथा खंड समन्वयक अमित द्वारा वन अग्नि के दुष्प्रभाव तथा बचाव के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सफल और रुचिकर बनाने हेतु लोक गीतों को पर्यावरण गीत के रूप में प्रस्तुत किया गया। पर्यावरण संरक्षण की जटिल प्रक्रिया आसान तरीके से लघु फिल्म तथा डिजिटल माध्यम से बच्चों को समझाई गई । प्रधानाचार्य अरुण जम्वाल द्वारा बच्चों को पर्यावरण संरक्षण तथा दिनचर्या पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। पोस्टर मेकिंग में लोकेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वंशिका ने द्वितीय तथा योगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के अंत में पुरस्कृत किया गया।स्कूल प्रबन्धन समिति अध्यक्षा कलां देवी ने प्रबन्धन समिति की तरफ से इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

### राजिंद्र कौशल को सैकड़ों लोगों ने दी अंतिम विदाई

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जिला पेंशनर्ज संघ के जिला महासचिव फतेहपुर निवासी राजिंद्र कौशल को मंगलवार दोपहर बाद करीब साढ़े बारह बजे सैंकड़ों नम आंखों ने अंतिम विदाई दी।



कौशल पिछले समय से बीमारी से जूझ रहे थे, जिन्होंने बीते दिन अपने ही घर में अंतिम सांस ली। उनके उनके बेटे पंकज कौशल द्वारा मुखाग्नि दी गई। उनकी अंतिम यात्रा में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा, गुरबख्श धीमान, ओपी चौधरी, विपन कुमार, अमित रंधावा सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# दिवाली के छह दिन बाद उठा गांधी ग्राउंड से कूड़ा

## पटाखों के स्टॉलों के टेंट उखाड़ना भूले व्यापारी, नगर परिषद करती रही इंतजार







**रीत वशिष्ट, नगरोटा बगवां**

**अनंत ज्ञान इंपैक्ट**

दिवाली के पटाखों से पटा नगरोटा बगवां का गांधी ग्राउंड आखिरकार 6 दिन बाद साफ हो ही गया। दिवाली से दो रोज पहले से लेकर दिवाली ही नहीं, बल्कि भैया दूज तक यहां काफी रौनक थी, लेकिन अब हालात बिलकुल विपरीत हैं। पहले हर कोई यहां आकर अपनी खुशियां बटोरता था, लेकिन अब आसपास के लोग ग्राउंड के अंदर जाने से भी कतराने लगे हैं, क्योंकि यहां ग्राउंड में बैठने की कोई जगह नजर नहीं आ रही।

दरअसल, स्थानीय प्रशासन ने दिवाली के पटाखों की बिक्री के लिए इस ग्राउंड में स्टॉल आवंटित किए थे। व्यापारियों ने लोगों को खूब पटाखे बेचकर चोखी कमाई की, लेकिन इस बीच वह पटाखों के रैपर, प्लास्टिक आदि कचरा स्टॉलों में ही छोड़ गए। वह कमाई की धुन में अपने स्टॉलों से टेंट उखाड़ना भी भूल गए और सफाई का जिम्मा नगर परिषद को छोड़ गए। वहीं, नगर परिषद यह दावा कर रही है कि टेंट न उखड़ने की वजह से अब तक वह ग्राउंड की सफाई नहीं करवा पाई है। त्योहारी सीजन में छुट्टियां होने का हवाला देकर सफाई व्यवस्था सुचारु होने से कन्नी काटी जा रही है। इस सबके बीच आम जनता पिस रही है। ग्राउंड में टहलने तथा आराम फरमाने के लिए लोग अपने परिवारों के साथ यहां अक्सर आते हैं, लेकिन जबसे यहां कूड़े के अंबार लगे हैं, ऐसा लग रहा है कि जैसे इस ग्राउंड की सुंदरता को ही ग्रहण लग गया है।

गौर करने वाली बात यह है कि यहां जब भी कोई धार्मिक समागम या मेला लगता है या फिर राजनीतिक पार्टियों की रैलियां होती है तो ग्राउंड के हालात ऐसे ही हो जाते हैं जैसे आजकल बने हुए हैं। तीन-चार दिन तक और कई बार तो हफ्ते तक यहां से कूड़ा नहीं उठता है। इसे नगर परिषद की दरियादिली कहें या फिर समस्या से आंखें मूंदना, इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता। सवाल यह है कि इस ग्राउंड की साफ-सफाई किसी की प्राथमिकता में शुमार क्यों नहीं होता? दिवाली के वक्त जो स्टॉल लगते हैं उन्हें साथ ही साथ उठाने के लिए प्रशासन सख्ती क्यों नहीं दिखाता? (अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान ने की रियलटी चेक**

**प्रशासन** इस कूड़े की तरफ ध्यान नहीं दे पा रहा है, इस समस्या को लेकर जब 'अनंत ज्ञान' की टीम ने रियिलिटी चेक की तो यहां का मंजर बेहद भयावह नजर आया। ग्राउंड में एक ओर पशुओं का डेरा है तो वहीं दूसरी तरफ कंस्ट्रक्शन वर्क भी चल हुआ है। आवारा पशु कूड़े में मुंह मार रहे हैं और ग्राउंड में गोबर भी कर जा रहे हैं। ऐसे में नगर परिषद को यहां से कूड़ा उठाना और भी कठिन हो जाएगा। अगर यही काम प्रशासन ने दिवाली के तुरंत बाद कर लिया होता तो उससे एक ओर जहां समय की बचत होती तो दूसरी ओर ज्यादा सफाई कर्मी लगाने की जरूरत भी नहीं पड़ती।



**दिवाली** पर अलॉट किए स्टॉलों के टेंट लोगों ने नहीं हटाए थे इस वजह से हमें सफाई करवाने में दिक्कत पेश आई और देरी भी इसी वजह से हुई। ग्राउंड से आज ही टेंट उठे हैं। हमारे लोग अब सफाई कर रहे हैं। जहां तक ग्राउंड में घूम रहे आवारा पशुओं का सवाल है तो आवारा पशु तो पूरे शहर में ही घूम रहे हैं। रही सफाई की बात तो नगर परिषद उसे करवा रही है। हमारे यहां जो गोसदन बना है वह नगर परिषद के अंडर नहीं है। वह वेटरनरी डिपार्टमेंट के अंडर है और एसडीएम साहब उसके चेयरपर्सन हैं। हमारे लोग इकट्ठे होकर फटाफट सफाई कर देते हैं। रही सफाई की बात तो वह हर साल ही होती है और इस साल भी हो जाएगी।

**-कंचनबाला, अधिशाषी अधिकारी, नगर परिषद**

## इलेक्ट्रोहोम्योपैथी दवाओं से महिलाओं व बच्चों को होगा फायदा: डॉ. संजीव

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**



हेडा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय निशुल्क कैंप के दूसरे दिन महिलाओं व युवतियों के साथ बच्चों की जांच की गई। रबिसन इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रोहोम्योपैथी एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि यहां मुख्य रूप से महिला और छोटे बच्चों के लिए केंद्र में सेवा प्रदान की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि संगठन की तरफ से देश भर में ऐसे आधुनिक सुविधा केंद्र स्थापित किए गए हैं जहां इलेक्ट्रोहोम्योपैथी दवा से लाखों निराश रोगियों की जांच के बाद उच्च स्तरीय इलाज दिया जा रहा है, जिसमें सामान्य रोगियों के अलावा जटिल व निराश रोगियों को बिना चीर-फाड़ उपचार किया जाता है। उल्लेखनीय है कि डॉ. संजीव शर्मा देश के वरिष्ठ चिकित्सक व शिक्षकों की श्रेणी में शामिल हैं, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इलेक्ट्रोहोम्योपैथी संगोष्ठियों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश व पंजाब के चिकित्सकों ने उपस्थित रह कर अपनी बहुमूल्य सेवाएं दी हैं। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. उत्तम चंद कौंडल के नेतृत्व में डॉ. सत्य प्रकाश डॉ. प्रवीण कुमार कौंडल डॉ. दिनेश पठानिया डॉ. नेहा शर्मा डॉ. सनम शर्मा और पंजाब के डॉ. मनीष कुमार डॉ. बीके मल्होत्रा ने भाग लिया।

## लीक पाइपों से व्यर्थ बह रहा पानी

**अनिल छांगू, जवाली**

उपमंडल जवाली में जगह-जगह सड़कों के बीच से गुजर रही पाइपें लीक हैं, जिनसे प्रतिदिन हजारों लीटर पानी व्यर्थ बहता है। इसके अलावा मेन पाइपें भी कई जगहों से लीक है जिनसे हजारों लीटर पानी बेकार बह रहा है, लेकिन जल शक्ति विभाग जवाली इन लीक पाइपों को ठीक करने की जहमत नहीं उठा रहा है।



विभाग जान-बूझकर अनभिज्ञ बना हुआ है। कई पंचायतों में लोग पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं, जिनको पीने का पानी नहीं मिल रहा है, तो वहीं हजारों लीटर पानी बेकार बहता हुआ सड़कों को सिंचित कर रहा है। जनता को तीसरे या चौथे दिन पानी मिल रहा है।

लोगों ने कहा कि विभाग को कई बार अवगत करवाया गया है, लेकिन विभाग के कान पर जूं तक नहीं रेंगी है। जनता ने कहा कि पानी की फिजूलखर्ची को बचाने के लिए अब जल शक्ति विभाग नगर पंचायत जवाली के घरों में नलकों पर मीटर लगा रहा है लेकिन खुद ही पानी को फिजूल बहता देख रहा है। जल शक्ति विभाग के अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयों के कमरों में बैठकर ड्यूटी बजा रहे हैं जिनको कभी भी फील्ड में नहीं देखा गया। जनता की समस्या से अपना कोई सरोकार नहीं रखते हैं। जनता ने कहा कि विभागीय अधिकारी-कर्मचारी अपनी राजनीतिक पहुंच का फायदा उठा रहे हैं।

जनता ने कहा कि ठेकेदारों को पाइपें बिछाने का ठेका दे दिया जाता है और ठेकेदार पानी मुख्यमंत्री सुक्खू व जल शक्ति विभाग के मंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मांग की है कि संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। (अनंत ज्ञान)

**हैप्पी बर्थडे**



ऊना के अक्षय ब्राह्मीं को जन्म दिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## सीएम दौरे को लेकर सीपीएस ने दिए दिशा-निर्देश

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के प्रस्तावित दौरे को लेकर मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने अधिकारियों के साथ बैठक की। खंड विकास अधिकारी कार्यालय बैजनाथ के सभागार में सीपीएस ने मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों लेकर उपमंडल स्तर के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सीएम सुक्खू 9 नवंबर को बीड़-बिलिंग में आयोजित पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप के समापन समारोह बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे। बैजनाथ के इंदिरा गांधी स्टेडियम पहुंचने पर इलाके के लोगों द्वारा मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री का रात्रि ठहराव बैजनाथ में होगा। सीएम बैजनाथ से छोटा भंगाल घाटी को जोड़ने वाली बस सुविधा का शुभारंभ करेंगे।

बैठक में एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर, डीएसपी बैजनाथ अनिल कुमार, तहसीलदार बैजनाथ रमन ठाकुर, बीडीओ बैजनाथ राकेश पटियाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र राव, अजय गौड़, रमेश चड्डा सहित उपमंडल स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### मिसिस इंडिया प्लेनेट ऑडिशन में दीपिका कपूर निभाएगी डायरेक्टर की भूमिका

**फतेहपुर।** जिला कांगड़ा के उपमंडल फतेहपुर के कस्बा रैहन की दीपिका कपूर अगले वर्ष होने वाले गलीमडीवा मिसिस इंडिया प्लेनेट के ऑडिशन में हिमाचल प्रदेश की तरफ से डायरेक्टर की भूमिका में नजर आएगी। ज्ञात रहे दीपिका ने हाल ही में गुरुग्राम में आयोजित गलीमडीवा मिसिस हिमाचल प्रदेश, मिसिस टैलेंटड का खिताब अपने नाम किया, जबकि मिसिस इंडिया प्लेनेट में दूसरी बार रनरअप रही। उक्त ब्यूटी प्रेजेंट प्रतियोगिता में तीन बार आयरन मैन आफ इंडियन आर्मी रहे मेजर जनरल विक्रम डोगरा ने बिशेष रूप से शिरकत की। गौरतलब है कि दीपिका कपूर मौजूदा समय में नोयडा की एक आईटी कंपनी में बतौर साइंटिस्ट कार्यरत है।

## योगा खेल मुकाबले शुरू



**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से मंगलवार से 68वें अंतर जिला प्रदेश स्तरीय योगा खेल मुकाबले जिला शिक्षा अधिकारी सेकेंडरी राजेश कुमार और जिला खेल को-ऑर्डिनेटर अरुण कुमार की अध्यक्षता में एवलन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल पठानकोट में शुरू किए गए, जिसकी ओपनिंग सेरिमनी श्री गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल पठानकोट के विशाल मैदान में की गई। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के हलका पठानकोट इंचार्ज चेयरमैन विभूति शर्मा मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित हुए, जबकि हिंदू को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन समाज सेवक सतीश महेंद्रू, गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल प्रबंधक कमेटी के पैटर्न गुरदीप सिंह अरोड़ा, पठानकोट व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनिंद्र सिंह लकी, अश्विनी शर्मा, रोमी वडैहरा, विजय पासी, डॉक्टर तरसेम सिंह, इंद्रजीत गुप्ता, एसएस बावा आदि विशेष तौर पर उपस्थित हुए जिनका जिला शिक्षा अधिकारी सेकेंडरी राजेश कुमार और जिला खेल को-ऑर्डिनेटर अरुण कुमार की ओर से गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया गया। सबसे पहले अतिथियों की ओर से दीप प्रज्वलित किया गया, उसके उपरांत विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों के साथ परिचय किया, इसके बाद विद्यार्थियों की ओर से मार्च पास्ट कर सलामी दी गई। श्री गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने गिद्दा पेश किया।

मुख्यातिथि ने बताया कि इन प्रदेश स्तरीय मुकाबले में 23 जिलों के 500 के करीब खिलाड़ी भाग ले रहे हैं और 5 नवंबर से 8 नवंबर तक एवलन गर्ल्स स्कूल पठानकोट में शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश सतरीय अंडर-14, 17 व19 वर्ग के लड़कियों के योगा मुकाबले होंगे। इस अवसर पर प्रिंसिपल बलविंद्र सैनी, प्रिं. मनजीत मल, प्रिं. रचना आहूजा, प्रिं. मिनम शिखा, प्रिं. मधु सलारिया, प्रिं. स्वतंत्र कुमार, प्रिं. पंकज गुप्ता, प्रिं. बैनी ओमान आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## प्रताप रूडी ने किया पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप का अवलोकन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री सांसद और ऐरो क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रताप रूडी ने मंगलवार को बिलिंग में चल रहे पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप का अवलोकन किया और प्रतिभागियों को आयोजकों के द्वारा दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। मंगलवार को लैंडिंग स्थल पर पहुंचे रूढ़ी ने प्रदेश सरकार व आयोजकों के द्वारा किए जा रहे प्रबंधों को भरपूर सराहना की और कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद आयोजकों ने प्रदेश सरकार के सहयोग से पिछले डेढ़ वर्ष में विश्व स्तर के तीन प्रतियोगिताएं आयोजित करके क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार के द्वारा साहसिक खेलों को विकसित करने के लिए हर संभव सहयोग दिया जा रहा है और प्रदेश सरकार से मिल कर और बिलिंग के टेक ऑफ प्वॉइंट और लैंडिंग स्थल पर चल रही खामियों को दूर करने के लिए केंद्र के द्वारा हर स्तर पर सुविधा मुखिया करवाई जाएगी उन्होंने पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप के अध्यक्ष गुरेन के साथ भी बैठक की और उनके साथ बीड़ बिलिंग में आ रही समस्याओं के बारे में विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के सदस्यों को कहा कि बीड बिलिंग के विकास के लिए विस्तार से प्रारूप तैयार किया जाए और इसे केंद्र को भेजा जाए और वह अगले वर्ष तक प्रदेश सरकार से मिल कर यहां पर जो भी खामियां हैं उन्हें दूर करने का प्रयास करेंग। बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने राजीव प्रताप रूडी का यहां पहुंचने पर स्वागत किया और प्रतियोगिता के अवलोकन के लिए उनका हार्दिक आभार किया।

### कनाडा में हिंदू मंदिर पर हुआ हमला निंदनीय

**बैजनाथ।** कनाडा में ब्रैम्पटन के हिंदू सभा मंदिर में हिंदू विरोधी तत्वों द्वारा किए गए हमलें की घटना अति-निंदनीय है।



स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बलदेव राज सूद द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि राजनीतिक विवादों के वीच खालिस्तान समर्थकों द्वारा हिंदू श्रद्धालुओं के साथ मारपीट की घटनाऐं अति निंदनीय है। उन्होंने कहा कि हिंदू-सिख एक-दूसरे के अभिन्न अंग है। अराजक तत्वों द्वारा इन समुदायों के वीच जहर घोलने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वाभिमान पार्टी हिंदू श्रद्धालुओं के साथ मारपीट की घटना की घोर निंदा करती है तथा कनाडा की ट्रूडो सरकार से अराजक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की अपील करती है।

**सराहनीय** खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोत्तम सिंह पंवार ने की आंकड़ों की पुष्टि

# कांगड़ा के डिपो होल्डर का दावा, शत-प्रतिशत हुई ई-केवाईसी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश के कांगड़ा जिले में 79 प्रतिशत ई-केवाईसी हुई है। बताते चलें कि प्रदेश में ई-केवाईसी पूरी करने की कवायद जारी है। भले ही प्रदेश भर में ईकेवाईसी पूरी होने में अभी देरी है लेकिन कांगड़ा जिला की कुल 1129 उचित मूल्य की दुकानों में से मैकलोडगंज के डिपोधारक ने शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूरी कर ली है।

जानकारी देते हुए जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोत्तम सिंह पंवर ने बताया कि कांगड़ा जिला के 1129 डिपुओं में से कांगड़ा मैकलोडगंज के डिपो होल्डर कलसंग दावा ने शत प्रतिशत ई केवाईसी कर उपलब्धि हासिल की है। बताते चलें कि 1712778 में से 1346270 की ई केवाईसी हो चुकी है। वहीं 366327 उपभोक्ताओं की ई केवाईसी होना बाकी है। प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा में के 16 विकास खंड में से कांगड़ा ग्रामीण 83 प्रतिशत ई-केवाईसी पंजीकरण के साथ पहले स्थान पर है, जबकि फतेहपुर तथा इंदौरा ब्लॉक 76 फीसदी पंजीकरण के साथ अंतिम पायदान पर हैं।



कलसंग दावा।

कांगड़ा जिला के बैजनाथ में कुल 103333 उभोकताओं में से 80993 की ई-केवाईसी हो चुकी है जबकि 20245 की ई-केवाईसी होना बाकी है। भवारना खंड में 97805 उभोक्ताओ में से 76980 लोगों की ई-केवाईसी हुई है, जबकि 20530 की ई-केवाईसी शेष है। देहरा में 164395 में से 131898 की ई-केवाईसी हो चुकी है, जबकि 32496 शेष हैं। धर्मशाला में कुल 61241 में से 49783 की ई केवाईसी हो चुकी है, जबकि 11457 की होना शेष है। फतेहपुर में 143769 में से 107975 की ई केवाईसी हो चुकी है, जबकि 35792 की ई-केवाईसी होना बाकी है। इंदौरा में कुल 122304 में से 92572 की ई-केवाईसी हुई है तो 29726 की ई केवाईसी होना बाकी है। कांगड़ा में 123632 में से 101516 की ई-केवाईसी हो चुकी है तो 22116 की ई केवाईसी होना शेष है। कांगड़ा शहरी में 43594 में से 35622 की ई केवाईसी हो चुकी है तो 7972 की शेष है। लंबागांव में 82127 में से 66648 की ई केवाईसी हो चुकी है तो 15473 की ई-केवाईसी होना बाकी है। नगरोटा बगवां में 97411 में से 77297 की ई केवाईसी हो चुकी है तो 20113 की ई-केवाईसी होना बाकी है। नगरोटा सुरियां में कुल 116708 में से 90481 की ई-केवाईसी हो चुकी है तो 26225 की ई-केवाईसी होना शेष है। नूरपुर में 121362 में से 93715 की ई-केवाईसी हुई है। पंचरुखी में कुल 75080 में से 57621 की ई-केवाईसी हुई है, जबकि 17458 की ई-केवाईसी होना बाकी है। परागपुर में 140166 में से 108770 की ई-केवाईसी हो चुकी है, जबकि 31313 की होना शेष है। रैत में कुल 119563 उपभोक्ताओं में से 92737 की ई केवाईसी हो चुकी है तथा 26820 की ई केवाईसी बाकी है।

**जिले में कांगड़ा के ग्रामीण सबसे ज्यादा पंजीकृत**

सुलाह में 100288 में से 81082 उपभोक्ताओं की ई केवाईसी हो चुकी है, जबकि 19206 की ई केवाईसी होना बाकी है। धर्मशाला स्थित जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोत्तम सिंह पंवार ने आंकड़ों की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

# जिले की तमाम सड़कें बनेंगी टू-लेन, प्रक्रिया शुरू

## भाजपा ने जाते-जाते 5000 करोड़ से ज्यादा की बांटीं थीं राजनीतिक स्वार्थ की रेवड़ियां : मुख्यमंत्री

**विक्रम ढटवालिया, पुतड़ियाल ( हमीरपुर )**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि हमीरपुर जिले की तमाम सड़कों को टू-लेन बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसका काम कई जगह शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिले की तमाम सड़कों को टू-लेन बनाने के लिए वह शुरू से ही हिमायती रहे हैं। उन्होंने पूर्व भाजपा सरकार को जमकर कोसा और कहा कि जयराम सरकार ने जाते-जाते 5000 करोड़ से ज्यादा की रेवड़ियां बांटीं। वह पुतड़ियाल में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

सुक्खू ने कहा कि हिमाचल की अर्थव्यवस्था को खस्ताहाल बनाने का इनका योगदान सबसे अहम रहा है। हर क्षेत्र में मुफ्त की रेवड़ियां बांटी गईं। राजनीतिक लाभ बटोरने के लिए उन्होंने जितना कुछ किया, उसकी वजह से हिमाचल की अर्थव्यवस्था पटरी से नीचे खिसकी और अब उनकी सरकार ने इसे बेहतर बनाने की दिशा में कई कारगर कदम उठाए हैं, जिनके रिजल्ट्स सामने आने शुरू हो गए हैं। उन्होंने कहा कि विकास के मामले में कई अड़चनें आती हैं। पार्टी के अंदर भी और पार्टी के बाहर भी। इनका सामना करना पड़ता है, लेकिन तमाम समस्याओं के बावजूद यह सरकार लोगों की समस्याएं हल करने के लिए आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि 20 साल पहले नादौन के लोगों के बीच चुनाव लड़ने की प्रक्रिया शुरू की थी और तभी से अब तक उनके बीच लगातार मैं बना हुआ हूं। मुख्यमंत्री ने पूर्व सरकार को आड़े हाथों लेते हुए जयराम पर कई निशाने साधे और कहा कि हर क्षेत्र की गुणवत्ता के साथ उनकी सरकार ने छल कपट किया। मुफ्त में बिजली बांटने का काम शुरू किया। राजनीतिक लाभ बटोरने के लिए हिमाचल की आर्थिक स्थिति को जितना नुक्सान पहुंचाया जा सकता था, वह उन्होंने पहुंचाया। गुणात्मक शिक्षा का स्तर मुकम्मल तौर पर गिरा दिया। अब हिमाचल इस क्षेत्र में 21वें स्थान पर पहुंच गया है, लेकिन अब आदर्श स्वास्थ्य संस्थान हर एक विधानसभा क्षेत्र में खोलने के लिए मौजूदा सरकार ने जो बीड़ा उठाया है, उसके रिजल्ट्स सामने आने लग पड़े हैं।


मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पुतड़ियाल में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत जनसमस्याएं सुनते हुए।

इस कार्यक्रम में 147 समस्याएं आईं। उन्होंने कहा कि हर एक पंचायत में उनके मंत्रिमंडल का मंत्री अब सरकार गांव के द्वारा कार्यक्रम के तहत लोगों के बीच में पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को घर-द्वार पर बैठे इलाज मिलेगा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने देहरा में एसपी कार्यालय और मुख्यमंत्री कार्यालय का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने पुतड़ियाल गांव में भी लोगों की समस्याएं सुनीं। (अनंत ज्ञान)

# जन शिकायतों का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : सीएम

**अनंत ज्ञान, नादौन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जन शिकायतों का समाधान करना वर्तमान प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर बहुआयामी प्रयास कर रही है। जन शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए प्रदेश सरकार ने 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम शुरू किया है। इसका शुभारंभ शिमला जिले के दूर-दराज क्षेत्र डोडरा-क्वार से किया गया।

'सरकार गांव के द्वार' के माध्यम से लोगों के साथ सीधा संवाद स्थापित होता है और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान भी सुनिश्चित होता है। इस कार्यक्रम में लोगों के सुझावों को शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री ने यह बात मंगलवार को नादौन विधानसभा क्षेत्र के सेरा विश्रामगृह में कही। इस अवसर पर उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनीं और अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान करने के निर्देश दिए। नादौन शहर में बन रहे इंडोर स्टेडियम के साथ लगती भूमि पर प्रतावित फुटबाल, हॉकी व रेस ट्रैक के लिए एक्वायर की जाने वाली करीब 95 कनाल भूमि बारे भूमि मालिक मुख्यमंत्री से मिले, प्रार्थना पत्र सौंपा तथा उनसे आग्रह किया कि इस भूमि को एक्वायर न किया जाए। यह भूमि सिंचाई युक्त व काफी उपजाउ है और इसके अलावा उनके पास और भूमि भी नहीं है।


मुख्यमंत्री का कुशलक्षेम पूछने आई महिला से मिलते सुक्खू।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा।

नादौन के सेरा रेस्ट हाउस में जब मुख्यमंत्री जन समस्या सुन रहे थे तो विधानसभा क्षेत्र के झलान गांव की बिमला देवी भी पहुंचीं। उन्होंने कोई काम बताने की बजाए मुख्यमंत्री सुक्खू का कुशलक्षेम पूछा और स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए कहा तथा मुख्यमंत्री के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। मुख्यमंत्री बड़ी आत्मीयता के साथ बिमला से मिले और कहा कि जब आप लोगों का स्नेह व आशीर्वाद मेरे साथ है तो मुझे जन सेवा करने की और अधिक ऊर्जा मिलती है।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, कांग्रेस नेता सुरेंद्र मनकोटिया, ब्लॉक कांग्रेस नादौन के अध्यक्ष कैप्टन पृथी चंद, उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक भगत सिंह और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## नादौन कॉलेज के भवन विस्तारीकरण के लिए भूमि हस्तांतरण के लिए भेजें आवश्यक दस्तावेज

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

राजकीय महाविद्यालय नादौन के भवन विस्तारीकरण के लिए वन विभाग की 1.53 हेक्टेयर वन भूमि महाविद्यालय नादौन के नाम हस्तांतरण के लिए राज्य सरकार के प्रस्ताव पर केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान करने के पश्चात महाविद्यालय की तरफ से भूमि हस्तांतरण के लिए वन विभाग को फंड ट्रांसफर करने हेतू आवश्यक दस्तावेज उच्च शिक्षा निदेशालय को प्रेषित कर दिए गए।

इसकी स्वीकृति मिलते ही भूमि का हस्तांतरण वन विभाग से शिक्षा विभाग के नाम हो जाएगा। यह जानकारी महाविद्यालय नादौन के प्रिंसिपल डॉ अनिल गौतम ने दी। प्रिंसिपल ने बताया भूमि हस्तांतरण के तुरंत बाद निर्धारित भूमि पर महाविद्यालय के विस्तारीकरण के लिए भवन निर्माण का कार्य मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा आरंभ कर दिया जाएगा।

महाविद्यालय नादौन के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा महाविद्यालय नादौन को भवन विस्तारीकरण के लिए गई इस सौगात के चलते महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार गौतम, प्रोफेसर कल्पना चड्ढा, प्रोफेसर नीतिका, प्रोफेसर रविकांत गर्ग, प्रोफेसर योगेश कौंडल, महाविद्यालय स्टाफ, महाविद्यालय पीटीए, महाविद्यालय सीएससीए व स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलकर उनका आभार प्रकट किया।

## सीएम का बड़सर दौरा जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरा

### केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेना चाहते हैं मुख्यमंत्री सुक्खू : बड़सर भाजपा

**एसके ठाकुर, बड़सर**

भाजपा मंडल ने मुख्यमंत्री के बड़सर दौरे को निराशाजनक करार देते हुए इसे क्षेत्र की जनता के साथ एक विश्वासघात बताया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री का यह दौरा मात्र औपचारिकता और दिखावे तक सीमित रहा, जिसमें बड़सर की असली समस्याओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया। जनता को विकास और समाधान की उम्मीद थी, लेकिन यह दौरा सिर्फ रस्म-अदायगी बनकर रह गया।

**केंद्र सरकार के धन से बन रही सड़क का भूमि पूजन, लेकिन बड़सर के बजट पर चुप्पी क्यों :** भाजपा ने सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की निधि से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन तो किया, लेकिन यह नहीं बताया कि बड़सर के विकास के लिए निर्धारित बजट को नादौन क्यों शिफ्ट किया गया। जनता को इस मुद्दे का जवाब चाहिए था, लेकिन मुख्यमंत्री ने इस सवाल पर मौन रहना उचित समझा, जिससे क्षेत्र की जनता में भारी निराशा और असंतोष फैला है।

**जनता की समस्याओं का हो समाधान**

बड़सर भाजपा ने मांग की है कि मुख्यमंत्री जनता की समस्याओं को गंभीरता से समझें और उनके समाधान के लिए तुरंत ठोस कदम उठाएं। भाजपा ने चेतावनी दी है कि यदि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया, तो बड़सर की जनता सड़कों पर उतरकर विरोध जताने को मजबूर होगी। बड़सर भाजपा क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करती रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस नेता बड़सर की समस्याएं उठाने में विफल

बड़सर भाजपा ने कांग्रेस के स्थानीय नेताओं की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। भाजपा नेताओं का कहना है कि कांग्रेस के नेता न तो लंबे समय से लंबित ट्रस्ट गठन का मुद्दा उठा पाए और न ही बीडीओ बिझड़ी की नियुक्ति की मांग को मुख्यमंत्री के सामने रख पाए। कांग्रेस के नेताओं की यह निष्क्रियता और जनता के प्रति उनकी उदासीनता को दर्शाती है। बड़सर अस्पताल की दयनीय स्थिति पर कोई ध्यान नहीं भाजपा नेताओं ने बड़सर के अस्पताल की बदहाल स्थिति को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। अस्पताल में न तो पर्याप्त डॉक्टर हैं, न ही आवश्यक सुविधाएं, जिससे क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सेवाएं पाने में कठिनाई हो रही है। मुख्यमंत्री ने इस गंभीर मुद्दे को पूरी तरह से नजरअंदाज किया, जो सरकार की जनता के प्रति उदासीनता का प्रतीक है।

### सीएम के स्वागत में लोगों की बजाए ठेकेदारों की भीड़

बड़सर भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवीर पटियाल, मंडल महामंत्री संजीव शर्मा, मुकेश बन्याल, मीडिया प्रभारी विकास पटियाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशि शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण बाला, जिला परिषद सदस्य राजेश मांगा, कमलेश ढिल्लों, आशीष ठाकुर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के स्वागत में आम जनता के स्थान पर ठेकेदारों और चुनिंदा समर्थकों को बुलाया गया, जो इस दौरे को केवल एक औपचारिक कार्यक्रम साबित करता है। जन समस्याओं के समाधान के बजाए मुख्यमंत्री का दौरा केवल रस्म-अदायगी बनकर रह गया।

## कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का किया जोरदार स्वागत


जौड़े अंब के खिलाड़ी अध्यापकों के साथ।

**अनंत ज्ञान, गलोड़**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जौड़े अंब के खिलाड़ी अंडर-14 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद आज अपने स्कूल पहुंचे। स्कूल पहुंचने पर खिलाड़ियों का हार व मेडल पहनाकर स्वागत किया।

सीनियर सेकेंडरी स्कूल नादौन में हुई राज्य स्तरीय अंडर-14 की इस खेलकूद प्रतियोगिता में जौड़े अम्ब स्कूल के चार खिलाड़ियों निशु देवी, राधिका शर्मा, रितिका ठाकुर व आकांक्षा देवी ने कोच सुरेंद्र राणा के नेतृत्व में भाग लिया।

इस कुश्ती प्रतियोगिता में निशु देवी ने सिल्वर मेडल व रितिका ठाकुर ने कांस्य पदक जीतकर स्कूल व इलाके का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य पृथ्वीराज शर्मा ने खिलाड़ियों व कोच को इस शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं।

# टौणी देवी में आंगनबाड़ी के पदों के लिए आवेदन 26 तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

बाल विकास परियोजना टौणी देवी के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के खाली पदों के लिए पात्र महिलाओं से 26 नवंबर सायं 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र धरौन, आंगनबाड़ी केंद्र ढो-1 और आंगनबाड़ी केंद्र मंढयार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक-एक पद भरा जाएगा, जबकि, आंगनबाड़ी केंद्र टिक्कर लोअर, आंगनबाड़ी केंद्र दिम्मीं-2, आंगनबाड़ी केंद्र अम्मण पटवारियां, आंगनबाड़ी केंद्र टैहलू, आंगनबाड़ी केंद्र रजियार, आंगनबाड़ी केंद्र ठाणा लोहारां, आंगनबाड़ी केंद्र नोहाडा, आंगनबाड़ी केंद्र बारीं, आंगनबाड़ी केंद्र सिसवां, आंगनबाड़ी केंद्र टपरे और आंगनबाड़ी केंद्र बनालग में आंगनबाड़ी सहायिका का एक-एक पद भरा जाएगा।

**29 नवंबर को सीडीपीओ कार्यालय टौणी देवी में होंगे साक्षात्कार**

सीडीपीओ ने बताया कि इन दोनों श्रेणियों के पदों के लिए महिला कम से कम बारहवीं पास होनी चाहिए तथा आवेदन की अंतिम तिथि अर्थात 26 नवंबर 2024 को उसकी आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच हो। आवेदक का नाम संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के परिवार सर्वेक्षण रजिस्टर में दर्ज होना चाहिए तथा सभी संसाधनों से उसके परिवार की वार्षिक आय पचास हजार रुपए से अधिक न हो। आय के संबंध में कार्यकारी दंडाधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद हेतु यदि कोई कार्यरत आंगनबाड़ी सहायिका आवेदन करती है तो ऐसी स्थिति में आवेदक को आंगनबाड़ी सहायिका के रूप में मिलने वाले मानदेय की गणना परिवार की वार्षिक आय में नहीं की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया कुल 25 अंकों के आधार पर होगी। इसमें शैक्षणिक योग्यता के लिए अधिकतम 10 अंक होंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बाल सेविका, बालवाड़ी अध्यापिका, नर्सरी टीचर, उसी पंचायत में कार्यरत सिलाई अध्यापिका या शिशु पालक के रूप में अनुभव के लिए अधिकतम 3 अंक मिलेंगे। 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता के लिए 2 अंक, एससी, एसटी और ओबीसी के लिए 2 अंक, स्टेट होम अथवा बालिका आश्रम की प्रवासिनी, अनाथ, विधवा, निराश्रित, तलाकशुदा, विवाहित महिला जिसका पति पिछले 7 साल से लापता है, परित्यकता, एकल नारी के लिए 3 अंक, स्थायी रूप से केवल दो बेटियों तक सीमित परिवार से संबंध रखने वाली अविवाहित प्रत्याशी, स्थायी रूप से सीमित परिवार की दो बेटियों की माता होने के लिए 2 अंक तथा साक्षात्कार के लिए 3 अंक निर्धारित किए गए हैं।

सीडीपीओ ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन, साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के लिए प्रार्थी को 29 नवंबर को सुबह 10 बजे बाल विकास परियोजना अधिकारी टौणी देवी के कार्यालय में मूल प्रमाण पत्रों सहित व्यक्तिगत रूप से स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्तुत होना होगा। इस संबंध में अलग से कोई पत्र नहीं भेजा जाएगा।

## आउटसोर्स वोकेशनल टीचरों के लिए बनाई जाए स्थायी नीति

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सरकारी स्कूलों के वोकेशनल टीचरों को दिवाली पर वेतन के एरियर का भुगतान न होने से रोष व्याप्त है। इसी बात को लेकर वोकेशनल शिक्षकों ने कंपनियों के मनमाने रवैये को लेकर शिमला में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदेश के लगभग 1100 सरकारी स्कूलों के 2000 से अधिक टीचरों का धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन में प्रवेश कर गया है।



वोकेशनल ट्रेनर के समर्थन में अब समाजसेवी सुमन प्रजापति भी मैदान में उतर गए हैं। उन्होंने जन हितैषी सुक्खू सरकार से मांग की है कि आउटसोर्स वोकेशनल टीचरों को कंपनियों से निजात दिलाई जाए और स्थाई नीति बनाई जाए। उन्होंने कहा कि कंपनियां मिलीभगत से शिक्षा पर कब्जा जमा कर विभाग को गुलाम बनाने के फिराक में हैं। पहले ही देश में शिक्षा गुणवत्ता की रैंकिंग में 21वें पायदान पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग इतना कमजोर हो गया है कि कंपनियों के सहारे की जरूरत पड़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते कड़े फैसले नहीं लिए तो वह दिन दूर नहीं, जब शिक्षा विभाग पर कंपनियों का कब्जा होगा।

यही कारण है कि दिन-प्रतिदिन लोगों का रुझान प्राइवेट स्कूलों की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि वह भी वोकेशनल टीचर रह चुके हैं और समय पर सैलरी न देना और पक्षपात रवैये से तंग आकर फरवरी 2018 में नौकरी छोड़नी पड़ी थी। उन्होंने दिसंबर 2016 में भी एजुकेशन डायरेक्टर के समक्ष सवाल उठाए थे कि वोकेशनल ट्रेनर जब स्कूल कोऑर्डिनेटर, स्कूल प्रिंसिपल, डाइट कोऑर्डिनेटर , रमसा के स्टेट वोकेशनल कोऑर्डिनेटर के अधीनस्थ अपनी सेवाएं दे रहे हैं तो कंपनी कोऑर्डिनेटर रखने की क्या आवश्यकता पड़ी। यह तो सिर्फ विभाग पर आर्थिक बोझ है क्योंकि वोकेशनल टीचर स्कूल में वोकेशनल एजुकेशन ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के लिए प्रिंसिपल के सहयोग, मार्गदर्शन और दिशा निर्देशों से गेस्ट लेक्चर, फील्ड विजिट, इंडस्ट्रियल टूर, इंडस्ट्रियल विजिट और ऑन जॉब ट्रेनिंग का प्रावधान करते हैं तो फिर कंपनी कोऑर्डिनेटर का क्या काम रह जाता है।

उन्होंने कंपनी पर समय पर सैलरी न देने का मुद्दा उठाया था। सामाजिक और पारिवारिक परिवेश में रहने के लिए वेतनमान समय पर मिलना आवश्यक है। उन्होंने कंपनी के खिलाफ भुगतान अधिनियम 1936 के तहत समय पर सैलरी न देने के लिए लेबर कोर्ट में केस किया था। वोकेशनल टीचरों को समय पर वेतन और भत्ते न देकर कंपनी मनमानी कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को भी इसमें दखल देना चाहिए जिससे वोकेशनल टीचरों की समस्या का हल हो सके।

## नंबरदार संघ ने मानदेय न मिलने पर सौंपा मांग पत्र

**हमीरपुर।** उपमंडल बड़सर के नंबरदार संघ ने उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह को पत्र लिखकर अपनी समस्याओं के बारे में अवगत करवाया है। नंबरदार संघ के प्रधान प्रकाश चंद व जिला संयोजक बलबीर सिंह ने बताया कि नंबरदारों को हर महीने मानदेय दिया जाता है जिसे कुछ जिलों दिवाली से पहले दे दिया गया है, जबकि हमीरपुर जिले के लगभग 106 नंबरदारों को पिछले डेढ़ दो साल से मानदेय नहीं दिया गया है।

उन्होंने उपायुक्त से गुहार लगाई कि उनका मानदेय दिलाने के लिए हस्तक्षेप करें। उन्होंने बताया कि पटवारी नंबरदारों को कोई भी लिस्ट नहीं देते जिसके माध्यम से राजस्व इकट्ठा करके जमा करवा सकें। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया है कि सभी पटवार सर्कलों को आदेश जारी करें हर पटवारी सभी नंबरदारों को अपने सर्किल के राजस्व इकट्ठा करने को रेवेन्यू लिस्ट दें।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला ने पति पर लगाया मारपीट का आरोप

**नादौन।** नादौन बस स्टैंड के नजदीक की निवासी एक महिला ने अपने पति पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस की शिकायत में महिला ने बताया कि उसका पति उसके साथ पिछले करीब चार सालों से मारपीट करता है और उसे तंग करता है जिससे वह काफी परेशान है। बीते रोज भी उसने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी है। एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि पीड़ित महिला की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

### आत्मरक्षा प्रशिक्षण बच्चों के लिए आवश्यक : रांगड़ा



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में आत्मरक्षा के महत्व को समझते हुए बाल विकास विभाग के सौजन्य से दस दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में सतीश राणा, जो स्कूल में कार्यरत हैं और शितो रिऊ कराटे से ब्लैक बेल्ट धारक हैं, बेटियों के साथ-साथ सभी छात्रों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दे रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने इस पहल की सराहना करते हुए बताया कि आत्मरक्षा के क्षेत्र में इस तरह के शिविर छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होते हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप चौहान ने बताया कि आज के समय में यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है कि लड़कियों के साथ-साथ लड़कों को भी आत्मरक्षा का प्रशिक्षण मिले, ताकि वे किसी भी अप्रिय स्थिति में खुद की रक्षा कर सकें। इस तरह के आयोजन से छात्रों में आत्मविश्वास और साहस का विकास होता है। शिविर में 144 लड़के और 190 लड़कियां आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कर रहे हैं, जिनमें ताइक्वांडो, आत्मविश्वास और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाने वाले अभ्यास शामिल हैं। सतीश राणा ने बताया कि आत्मरक्षा का सही प्रशिक्षण न केवल किसी आपात स्थिति में सुरक्षा प्रदान करता है बल्कि बच्चों में अनुशासन और मानसिक दृढ़ता भी विकसित करता है। इस पहल के माध्यम से, विद्यालय प्रबंधन और बाल विकास विभाग यह संदेश देना चाहते हैं कि आत्मरक्षा का ज्ञान केवल स्कूल तक सीमित नहीं है बल्कि समाज के हर वर्ग में इसको बढ़ावा देना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## डाइट गौना करौर में जिला स्तरीय बाल मेला शुरू



**हमीरपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गौना करौर में जिला स्तरीय बाल मेले का शुभारंभ किया गया। बाल मेले का शुभारंभ डिप्टी डायरेक्टर क्वालिटी कंट्रोल एवं डीपीओ समग्र शिक्षा नवीन कुमार ने किया। इस दौरान डाइट प्रधानाचार्य मदन बन्याल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्राइमरी तथा अपर प्राइमरी की विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इस संबंध में डाइट हमीरपुर के मीडिया कोऑर्डिनेटर भवानी सिंह ने बताया कि इस बाल मेले में ब्लॉक स्तर पर चयनित 480 छात्र भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर क्वालिटी नवीन कुमार ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो इस उद्देश्य को पाने के लिए स्कूलों में किस प्रकार की एक्टिविटी करवाई जानी चाहिए, उसके बारे में जानकारी दी जा रही है।

## करियर प्वाइंट विवि के छात्रों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीते 5 स्वर्ण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हमीरपुर के योग व आयुर्वेद विभाग विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। जानकारी देते हुए विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर कमलेश कुमारी ने बताया कि विभाग के 5 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें उन्होंने 5 पदक जीते।

यह प्रतियोगिता शिमला के योगासन खेल संघ द्वारा आयोजित करवाई गई थी। इस प्रतियोगिता में बी.एससी योग के छात्र अमित चंदेल ने सीनियर वर्ग में आर्टिस्टिक सिंगल, ट्रेडिशनल सिंगल आर्टिस्टिक पेयर में भाग लेकर स्वर्ण पदक हासिल किया, बी.एससी योग की छात्रा सृष्टि तथा बलुशा ने आर्टिस्टिक पेयर में स्वर्ण पदक तथा डी. फार्मेसी आयुर्वेदा की छात्रा सपना ने आर्टिस्टिक सिंगल में प्रथम स्थान हासिल किया। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करके ये सभी विद्यार्थी आने वाले राष्ट्रीय स्तर योगासन खेल प्रतियोगिता में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेंगे।



विजेता खिलाड़ी अपने स्वर्ण पदकों के साथ।

प्रतियोगिता का उद्देश्य योग के प्रति व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है और बच्चों को राष्ट्र व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लें जाना हैं। योगासन को खेल का दर्जा दिए जाने से अब प्रतिभागियों को नियमानुसार सरकारी नौकरी में भी लाभ मिलेगा। करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगिता के लिए भी तैयार किया जाता है।

**उपलब्धि** प्रदेश की राजधानी शिमला में हुआ स्पर्धा का आयोजन, जिले के खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज मेडल

# राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में हमीरपुर जिला दूसरे स्थान पर

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता 4 नवंबर को शिमला में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में हमीरपुर जिले के 10 खिलाड़ियों ने भाग लेकर गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज मेडल हासिल किए।

हालांकि इस प्रतियोगिता के लिए 20 छात्रों का चयन हुआ था, लेकिन 10 छात्र ही भाग लेने के लिए शिमला गए थे। जिला योगासन खेल संघ के सचिव अजय शर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में जूनियर लड़कियों के वर्ग में निधि डोगरा ने ट्रेडिशनल और आर्टिस्टिक योगासन में गोल्ड मेडल जीता। जूनियर लड़कों के वर्ग में यशोवर्धन अत्री ने ट्रेडिशनल योगासन में गोल्ड और आर्टिस्टिक योगासन में सिल्वर मेडल जीता।

सीनियर लड़कियों के वर्ग में प्रियंका सडियाल ने ट्रेडिशनल योगासन में गोल्ड मेडल, सीनियर लड़कों के वर्ग में अमित चंदेल ने ट्रेडिशनल योगासन में गोल्ड मेडल, आर्टिस्टिक सिंगल योगासन में गोल्ड और आर्टिस्टिक पेयर में गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने बताया कि सीनियर लड़कों के वर्ग में विकास ठाकुर ने ट्रेडिशनल योगासन में ब्रांज मेडल, आर्टिस्टिक सिंगल में सिल्वर और आर्टिस्टिक पेयर में गोल्ड मेडल जीता है।

सीनियर बी 45 प्लस वर्ग में संतोष ठाकुर ने ट्रेडिशनल योगासन में गोल्ड मेडल जीता है। जिला योगासन खेल संघ हमीरपुर की अध्यक्ष विधायक आशीष शर्मा की पत्नी स्वाती शर्मा, उपाध्यक्ष ई पंकज लखनपाल और अनुपम शर्मा ने जिले के खिलाड़ियों द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी। इस प्रतियोगिता में कोच जिम्मी ठाकुर और फीमेल कोच संतोष ठाकुर का भी विशेष योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर पर मेडल हासिल करने वाले छात्रों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

राष्ट्रीय स्तरीय सब जूनियर और जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता गोवाहटी में 11, 12 और 13 नवंबर को आयोजित की जा रही है जिसमें जूनियर वर्ग के विजेता खिलाड़ी भाग लेंगे। (अनंत ज्ञान)


खिलाड़ियों का गणमान्यों ने सम्मानित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### उपमुख्यमंत्री ने की सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक



**अनंत ज्ञान, शिमला।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों के साथ विभाग से संबंधित महत्त्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की और सहकारी संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण एवं उनकी आधारभूत सरंचनाओं को विकसित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सहकारी समितियों का पूर्णतः कम्प्यूटराइजेशन किया जा रहा है। पहले चरण में लगभग 870 समितियों के कम्प्यूटराइजेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और किसी भी तरह की गड़बड़ी की संभावना समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में हिमाचल पहला राज्य है, जिसने समितियों के कम्प्यूटराइजेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारी समितियों को सशक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार दृढ़ता से कार्य कर रही है। इस दिशा में विभाग द्वारा अनेक पहल की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता अर्थव्यवस्था को संबल प्रदान करने का महत्त्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने सहकारिता के क्षेत्र में सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है। प्रदेश की अनेक सहकारी समितियां सराहनीय कार्य कर रही हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। बैठक में सचिव सी पॉलरासु, रजिस्ट्रार डॉ. राज कृष्ण पूथी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### रबींद्रनाथ टैगोर स्मृति व्याख्यान का किया आयोजन



**अनंत ज्ञान, शिमला।** भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला ने 9वें रबींद्रनाथ टैगोर स्मृति व्याख्यान का आयोजन मंगलवार को किया। इस वर्ष का यह प्रतिष्ठित शैक्षणिक कार्यक्रम भारत और यूरोप के बदलते सांस्कृतिक संबंधों पर केंद्रित रहा। इस व्याख्यान को नई दिल्ली स्थित इंस्टीट्यूटो सर्वेंटेस के निदेशक डॉ. ऑस्कर पुजोल रीम्बौ ने 'इंडिया एंड यूरोप फेसिंग मिरर, मर्जिन्ग रीफ्लेक्शन' विषय पर प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, इस अवसर पर भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान के निदेशक प्रोफेसर राघवेंद्र पी. तिवारी ने स्वागत भाषण दिया। इसके पश्चात संस्थान की अध्यक्ष प्रो. शशिप्रभा कुमार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में वैश्विक संस्कृतियों को समझने में बौद्धिक आदान-प्रदान की महत्ता पर जोर दिया और इसमें शिमला संस्थान की भूमिका को रेखांकित किया। डॉ. पुजोल ने विद्वतापूर्ण व्याख्यान में भारत और यूरोप के ऐतिहासिक संबंधों और संवादों पर प्रकाश डाला। सत्र का समापन राष्ट्रगान और चाय के दौरान अनौपचारिक चर्चा के साथ हुआ। 9वें टैगोर स्मृति व्याख्यान ने सांस्कृतिक समझ और बौद्धिक संवाद को बढ़ावा देने के संस्थान के दृढ़संकल्प को प्रदर्शित किया, जो रबींद्रनाथ टैगोर के विविधता और एकता को गले लगाने के दृष्टिकोण के प्रति सच्ची निष्ठा को दर्शाता है। डॉ. ऑस्कर पुजोल, एक प्रतिष्ठित संस्कृत विद्वान और इंस्टीट्यूटो सर्वेंटेस, नई दिल्ली के निदेशक हैं। उन्होंने संस्कृत साहित्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके विद्वतापूर्ण कार्यों में अर्थववेद से पृथ्वी सूक्त, बिल्हण का प्रेम चोर, और पतंजलि का योगसूत्र जैसी प्राचीन संस्कृत रचनाओं का अनुवाद शामिल है।

### तबादले के विरोध पर अनशन पर बैठे ग्रामीण

**चंबा।** विकास खंड सलूणी की ब्याणा पंचायत से ग्राम सेविका का तबादला होने के विरोध में पंचायत प्रतिनिधि और लोग क्रमिक अनशन पर बैठ गए हैं। सोमवार को पंचायत उपप्रधान अजय भारद्वाज, युवक मंडल प्रधान चैन लाल और वार्ड सदस्य नरैणू क्रमिक अनशन पर बैठे। उन्होंने बताया कि पंचायत से ग्राम रोजगार सेविका का जो तबादला किया गया है। वह गलत किया गया है। पंचायत में सामने आई गड़बड़ी से उनका कोई लेना-देना नहीं है। इसलिए प्रशासन को इस तबादले को तुरंत रद्द करना होगा। अन्यथा ग्रामीणा भूख-हड़ताल भी शुरू कर सकते हैं। फिलहाल ग्रामीणों ने क्रमिक अनशन शुरू किया है। इसमें रोजाना अलग-अलग लोग धरने पर बैठेंगे। इसके बाद भी सरकार और प्रशासन ने उनकी मांग को नहीं माना तो आगामी रणनीति बनाकर धरना दिया जाएगा। पंचायत में हाल ही में 16 लाख की गड़बड़ी की जांच का मामला सामने आया है। इसकी जांच भी शुरू हो चुकी है। उधर, खंड विकास अधिकारी सलूणी कंवर सिंह ने बताया कि पंचायत में 16 लाख की गड़बड़ी का मामले सामने आने पर रोजगार सेविका का बदला गया है। जांच से जुड़े कर्मचारी पंचायत में कार्यरत नहीं रह सकते।

### बारिश न होने के कारण सूखे जैसी नौबत

**चंबा।** बारिश के अभाव में चंबा जिला में सूखे जैसी नौबत बनती नजर आ रही है। लंबे समय से बारिश न होने से किसान जहां समयानुसार अपने खेतों में गेहूं और मटर की बिजाई नहीं कर पाए हैं। वहीं, खेतों में लगाई गई सब्जियों जैसे पालक, मेथी और लहसुन की फसल खेतों में सिंचाई के अभाव में सूखने की कगार पर पहुंच चुकी है। हैरत की बात यह है कि जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 90 प्रतिशत भूमि बारिश के पानी पर ही निर्भर है। महज, 10 प्रतिशत भूमि पर ही सिंचित हैं। अक्तूबर से लेकर 15 नवंबर तक का समय गेहूं की बिजाई के लिए सही माना जाता है। दिसंबर में गेहूं की बिजाई करने से किसानों को हानि होने की अधिक संभावना रहती है। जिले में अधिकांश किसान दो फसलों मक्की और गेहूं को ही तवज्जो देते हैं। जिले की बात की जाए तो 35 हजार हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की बिजाई की जाती है। बारिश न होने से 25 से 30 प्रतिशत जलस्तर की कमी दर्ज की गई है।

# शेरपुर के पास भारी भूस्खलन यातायात पूरी तरह से हुआ अवरुद्ध

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

आज विधानसभा क्षेत्र डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर ने गांव शेरपुर का दौरा कर वहां के मौजूदा हालातों का जायजा लिया। बता दें गांव शेरपुर के साथ लगते पल के पास भारी भूस्खलन के चलते है भारी मलवा मुख्य मार्ग एवं पुल पर गिरा है जिससे यातायात पूरी तरह से अवरुद्ध हो चुका है, जिससे तमाम क्षेत्रवासियों का संपर्क जिला मुख्यालय एवं उपमंडल डलहौजी से लगभग कट चुका है।

इन हालातों को लेकर विधायक ने उपमंडल अधिकारी डलहौजी अनिल भारद्वाज से मिलकर क्षेत्र के गांव की ककैना एवं शेरपुर के साथ लगते छोटे बड़े गांव में जो जगह धसने व भूस्खलन किस तिथि पैदा हुई है उसको लेकर स्थानीय प्रशासन द्वारा उचित कदम उठाने हेतु दिशा-निर्देश जारी किया तथा क्षेत्र में जगह-जगह हो रहे भूस्खलन को लेकर मृदा प्रशिक्षण दल को भी क्षेत्र में पहुंचकर प्रशिक्षण हेतु आग्रह किया है। गांव ककैना में जगह-जगह जमीन में भारी दरारें देखने को मिली है। जिनको देखने से ऐसा लग रहा है कि जमीन के अंदर कोई भारी उथल-पुथल हो रही है जो भविष्य में होने वाली बड़ी दुर्घटना की और ध्यान खींच रही है।

हालांकि इसको लेकर उपमंडलाधिकारी डलहौजी नागरिक अनिल भारद्वाज स्थानीय विधायक तथा उचित विभाग ने भी मौका कर इसकी रिपोर्ट आगे प्रेषित कर दी है। वहीं मुख्य मार्ग के अवरुद्ध होने से गहरी चिंता प्रकट करते हुए स्थानीय विधायक ने लोक निर्माण विभाग को मार्ग की बहाली हेतु अस्थाई व्यवस्था महिया करवाने केवी निर्देश जारी किए हैं।(अनंत ज्ञान)



गांव शेरपुर में भारी भूस्खलन से बंद हुआ मार्ग।

## पेंशन एरियर का जल्द हो भुगतान

**चंबा।** राज्य पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला चंबा की ग्रामीण और शहरी इकाई की मासिक बैठक मुख्यालय स्थित डे-केयर सेंटर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान पीसी ओबराय ने की। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं व मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पीसी ओबराय ने कहा कि दीपावली पर्व के मद्देनजर सरकार ने अक्तूबर माह की पेंशन 28 तारीख को देने की घोषणा की थी। सरकार अपनी घोषणा के अनुसार सरकार ने पेंशन तो डाल दी लेकिन चार फीसदी डीए देना भूग गई।

उन्होंने कहा कि कुछ सेवानिवृत्त कर्मचारियों के खातों में तो चार फीसदी डीए पहुंच गया, लेकिन कुछ पेंशनर इससे वंचित रह गए। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने 75 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पेंशनधारकों को छठे वेतन आयोग की बकाया राशि भी 28 अक्तूबर को ही देने की बात कही थी, लेकिन यह घोषणा भी मात्र जुमला ही साबित हुई। ऐसे में पेंशनर स्वयं को ठगा महसूस कर रहे हैं। ओबराय ने कहा कि पेंशन भोगियों को न तो चार फीसदी डीए और न ही छठे वेतन आयोग के एरियर की बकाया राशि मिल पाई है।

# मछली पालन व्यवसाय शुरू करने के इच्छुक करें आवेदन : डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**लाभार्थियों को मत्स्य तालाब निर्माण की स्वीकृति की जा रही प्रदान**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि लोगों को घर-द्वार पर स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा आरंभ की गई 'मुख्यमंत्री कॉर्प मत्स्य पालन योजना' के अंतर्गत चंबा जिला में मत्स्य तालाब (फिश पौंड) निर्माण के लिए आवेदन मामलों को स्वीकृति प्रदान की जा रही हैं।



उन्होंने बताया कि चंबा जिला के गर्म जलवायु वाले क्षेत्रों विशेषकर भटियात, चंबा, बनीखेत के निचले क्षेत्रों में कॉर्प प्रजाति के मछली व्यवसाय को शुरू करने के लिए संभावनाएं बेहतर हैं। विशेष कर युवा वर्ग इस योजना से जुड़कर अपनी आर्थिकी को सशक्त बना सकते हैं।

उपायुक्त ने बताया कि 'मुख्यमंत्री कॉर्प मत्स्य पालन योजना' के तहत प्रदेश सरकार द्वारा 80 प्रतिशत राशि का अनुदान दिया जा रहा है। मुकेश रेपसवाल ने मत्स्य पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने के इच्छुक जिला वासियों से प्रदेश सरकार की इस योजना से लाभ उठाने का आग्रह भी किया है। विभागीय योजना की जानकारी देते हुए सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जय सिंह भारद्वाज ने बताया कि लाभार्थियों को मत्स्य तालाब निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। साथ में लाभार्थियों को विभाग द्वारा उत्पादन शुरू करने के लिए कॉर्प प्रजाति की मछलियों का बीज तथा पौष्टिक चारा (फिश फीड) भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मछली पालन व्यवसाय शुरू करने के इच्छुक लाभार्थी निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन भी किए जा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट या कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य (सुलतानपुर) चंबा से संपर्क किया जा सकता है।

# चुवाड़ी-गगाहर सड़क पर ट्राला फंसने से यातायात रहा बंद



बीच सड़क में फंसा हुआ ट्रक जिससे यातायात हुआ बंद।

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

चुवाड़ी गगाहर रोड पर एक ट्रक फंस जाने के कारण पूरा दिन वाहनों की आवाजाही थमी रही। देर शाम 6:00 बजे क्रेन के द्वारा और जेसीबी के द्वारा ट्रक को धकेला गया तब जाकर ट्रक बाहर निकाला और वाहन चलना शुरू हुए। यदि जेसीबी उसे उठा के आगे न करती तो ट्रक ड्राइवर सहित गहरी खाई में जा गिरता।

इस मौके पर जेसीबी वाले ने ट्रक को पीछे से उठा के रखा और आगे धकेला जिससे ट्रक आगे गया और सड़क में इस पहुंचा दिया और सड़क बहाल कर दी। जिसके बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हुई ।

## चंबा में दुकानदारों का सामान जब्त

**चंबा।** नगर परिषद और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध विशेष अभियान की शुरुआत कर दी है। संयुक्त टीम ने चंबा शहर के मुख्य बाजार का औचक निरीक्षण करके अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस विभाग की टीम ने अनाधिकृत तरीके से दुकानदारी सजाने को लेकर दुकानदारों के चालान काटने के साथ ही सड़क पर रखे सामान को भी जब्त किया। इसके साथ ही दुकानदारों को तय हद में सामान करने की हिदायत भी दी गई। इस कार्रवाई के दौरान नगर परिषद चंबा के कार्यकारी अधिकारी दिलीप कुमार, एसएचओ इंस्पेक्टर संजीव चौधरी सहित आदि मौजूद रहे।

# सांसद कंगना आज पहुंचेगी भरमौर दौरे पर, धार्मिक कार्यक्रम में करेंगी शिरकत

**ओपी शर्मा, भरमौर**

मंडी भरमौर सांसद कंगना रानौत बुधवार आज भरमौर दौरे पर पहुंचेगी। सांसद कंगना रानाउत 5:00 बजे के करीब भरमौर में पहुंचेगी और शाम धार्मिक कार्यक्रम 84 परिसर में शिव न्वाले में शिरकत करेंगी।



भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जानकारी के मुताबिक संसद कंगना रनौत भरमौर में 5:00 बजे शाम को पहुंचेगी और उसके बाद रात 9:00 बजे शिवा नवाला पूजन में शिरकत करेंगी और उनका रात्रि ठहराव भरमौर में ही रहेगा। इसके पश्चात सांसद वीरवार को 10:30 बजे कार्यकर्ता पदाधिकारीयों की बैठक में शिरकत करेंगी और उसके बाद दोपहर 12:00 बजे नवाले की धाम में भी शिरकत करेंगी।

जानकारी देते हुए भरमौर भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद ठाकुर ने बताया है की नव निर्वाचित सांसद के स्वागत व कार्यक्रम की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। चुनाव जीतने के बाद सांसद कंगना रनौत पहली बार भरमौर आ रही है। लिहाजा उनके स्वागत के लिए भाजपा मंडल ने भी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में लोगों को बुलाया गया है। भरमौर दौरे को लेकर सांसद को देखने के लिए यहां के लोगों में भी काफी उत्सुकता देखी जा रही है।

हालांकि बुधवार को सांसद कंगना रानाउत धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत करेंगी और इसी बहाने यहां के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी की नब्ज को भी टटोलेगी। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह पर सांसद कंगना रनौत का स्वागत किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# लोगों को उनका हक दिलाना सरकार की प्राथमिकता : कुलवीर

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

उपमंडल भरमौर में वन अधिकार अधिनियम 2006 के संबंध में जागरूकता बारे लघु सचिवालय पट्टी के सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यवाहक एडीएम भरमौर कुलवीर सिंह राणा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में पंचायती राज संस्थाओं से जुड़े जनप्रतिनिधियों के अलावा वन विभाग, राजस्व विभाग तथा ग्रामीण विकास के अधिकारियों व विभिन्न विभागों से संबंधित कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में वन अधिकार अधिनियम-2006 से संबंधित कानूनी पहलुओं बारे महत्वपूर्ण व व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला के दौरान वन अधिकार अधिनियम बारे उनकी शंकाओं का निराकरण भी किया गया। एफआरए के तहत व्यक्तिगत व सामुदायिक दावों की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। कार्यवाहक एडीएम कुलवीर सिंह राणा ने कहा कि व्यक्तिगत व सामुदायिक दावों को आमंत्रित करने की प्रक्रिया को एक अभियान के रूप में चलाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि व्यक्तिगत दावे आमंत्रित करने की प्रक्रिया जनजातीय गौरव दिवस के दिन 15 नवंबर से मोहाल स्तर पर ग्राम सभा में आरंभ की जाएगी। आगामी तीन माह में व्यक्तिगत व सामुदायिक दावों को आमंत्रित किए जाएंगे तथा उनके ऊपर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कुलबीर सिंह राणा ने सभी पात्र व्यक्तियों से अपील की हैं कि इस मौके का भरपूर फायदा उठाएं।



उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति 13 दिसंबर 2005 से पहले ऐसी वन भूमि का इस्तेमाल कर रहे हैं व संबंधित वन अधिकार कमेटी में आवेदन या दावें प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत व सामुदायिक दावों विशेष कर घुमंतू पशुपालकों के अधिकारों के दावों को वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत करना व आगामी ग्राम सभा में पास करके उपमंडल स्तरीय समिति को भेजना सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि इस एक्ट के तहत पात्र लोगों को उनका हक दिलाना सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि जो भी पात्र व्यक्ति हैं या वन भूमि पर 13 दिसंबर 2005 से पूर्व काबिज है और वहां पर उनके रहने के प्रमाण या दस्तावेज है वह जल्द से जल्द अपने दावे प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। वन अधिकार मंच के राज्य संयोजक अक्षय जसरोटिया ने भी वन अधिकार अधिनियम 2006 के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## कांग्रेस बताए, घोषणा और वादों का मजाक कौन बना रहा? : कश्यप

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा को कांग्रेस के नेता खरगे ने मोदी जी की गारंटी को मजाक बताया है। कांग्रेस के उस तथाकथित मजाक की वास्तविकता यह है कि आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त 2014 को जनधन योजना की घोषणा की और आज देश में 54 करोड़ जनधन एकाउंट है।

उस समय कई आर्थिक विशेषज्ञ कहते थे कि इसके लिए पैसा कहां से आएगा और आज जनधन एकाउंट में 2 लाख करोड़ रुपए हैं। कांग्रेस को बताना होगा कि घोषणा और वादों का मजाक कौन बना रहा है? आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में स्वच्छ भारत की घोषणा की। आज लोगों की मानसिकता और विचार में बदलाव आया है, लोग कहीं भी रैपर और सामन नहीं फेंकते हैं। कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने की बात की थी और उन्होंने ओबीसी को संवैधानिक दर्जा दिया। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के हित में जो कहा था उसे करके दिखाया है। मोदी सरकार में सबसे अधिक महिला मंत्री हैं। इंडियन डिफेंस फोर्स और पारा मिलिट्री के फाइटिंग फोर्स में पहली बार महिलाओं को कमीशन रैंक मिला। भारतीय जनता पार्टी ने धारा 370 हटाने की बात कही थी और आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी ने धारा 370 को हटा के दिखा दिया। मोदी जी ने श्रीराम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करके दिखाया।

| सूडोकु | 00109 | | | | | **** मध्यम | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 00108 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## तिब्बतियन स्कूल डलहौजी में 10 को होगा रेडक्रॉस मेला

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

जिला रेडक्रॉस सोसायटी चंबा इकाई डलहौजी द्वारा 10 नवंबर को रेडक्रॉस मेले का आयोजन केंद्रीय तिब्बती स्कूल बकरोटा के प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है इस आयोजन में उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

उपमंडलाधिकारी डलहौजी नागरिक अनिल भारद्वाज ने बताया कि 10 नवंबर 2024 को सुबह 9 बजे तिब्बतियन स्कूल डलहौजी परिसर में रेडक्रॉस में लेकर आयोजन करवाया जा रहा है जिसमें उपयुक्त चंबा बताओ मुख्यातिथि शिरकत करेंगे तथा डलहौजी के सरकारी तथा गैर सरकारी सभी स्कूल इस आयोजन में भाग ले रहे हैं।

इस आयोजन में जहां समाजसेवी संस्थाएं स्वयंसेवक समूह भी शिरकत कर अपने स्टॉल लगाएंगे जहां खाद्य पदार्थ के साथ-साथ विभिन्न तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी।

# विशेष बच्चों के लिए लगेंगे मेडिकल असेसमेंट कैंप

**अनंत ज्ञान, शिमला**

समग्र शिक्षा हिमाचल, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आगामी 6 नवंबर से 22 नवंबर तक एक प्रदेशव्यापी मेडिकल असेसमेंट कैंप का आयोजन कर रहा है। इन शिविरों के माध्यम से दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा और उन्हें निशुल्क सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

समग्र शिक्षा हिमाचल विशेष आवशकता वाले स्कूली बच्चों को बेहतर शैक्षणिक महौल प्रदान करने के साथ ही उनको सहायता उपकरण भी प्रदान कर रहा है। समग्र शिक्षा की ओर से इसके लिए विशेष मैडिकल असेस्टमेंट कैंपों का आयोजन करने जा रहा है। यह शिविर आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित किए जाएंगे।

इसके मुताबिक जिला चंबा में 6 से 12 नवंबर तक मैडिकल अस्समेंट कैंप लगेंगे, जबकि कांगड़ा जिला में 14 से 22 नवंबर तक, सिरमौर जिला में 6 से 13 नवंबर तक, सोलन में 16 से 21 नबंबर तक, ऊना जिला में 6 से 13 नवंबर, बिलासपुर में 16 से 22 नवंबर तक, मंडी 6 से 18 नवंबर, हमीरपुर 20 से 22 नवंबर, लाहुल स्पिति जिला में 6 नवंबर से 7 नवंबर, कुल्लू जिला में 9 से 19 नवंबर, किन्नौर जिला में 8 से 11 नवंबर और शिमला जिला में 13 से 22 नवंबर तक कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंपों मे विशेषज्ञ टीमें बच्चों का गहन चिकित्सा आकलन करेंगी और उनकी आवश्यकताओं के अनुसार नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

6 नवंबर, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** कार्तिक, **तिथि** पंचमी (00:43): **नक्षत्र** मूल (11:00), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** सुकर्मा (10:50) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:04 - 01:26)।

**विशेष दिन**

- 6 नवंबर : सौभाग्य (ज्ञान) पंचमी आज।
- 6 नवंबर : राम जानकी विवाह आज।

**मेष:** नई सोच को लेकर आपके अन्दर नई शक्ति और उर्जा का संचार महसूस करेंगे। दिन के महत्व को समझें और लाभ उठाने से न चूकें। रुके हुए काम को पूरा करने में मदद करेगा।

**वृषभ:** आज का दिन आपका व्यस्ततापूर्वक बीतेगा, अधूरे कार्य पूर्ण होंगे, व्यवसाय हो या नौकरी सभी कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न होंगे। विद्यार्थियों के लिए भी आज का दिन अच्छा है।

**मिथुन:** आज भाग्य का साथ पाएंगे तो सभी कार्य बनते जाएंगे। उपाय करके ही कार्य की शुरुआत करें तभी कार्य में आने वाली बाधाएं दूर होंगी। दांपत्य जीवन में मधुरता आएगी।

**कर्क:** स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतें। बिना सोच-विचार के आज कोई कार्य न करें। नहीं तो लेने के देने पड़ सकते हैं। संतान की ओर से कोई परेशानी वाली बात सामने आ सकती है।

**सिंह:** आज आपको आपके जीवनसाथी और प्रिय व्यक्ति का साथ मिलेगा। बस उनकी राय पर ध्यान दें, भावनात्मक संबंध स्थापित होंगे। संतान की ओर से भी सुखद समाचार मिलेगा।

**कन्या :** आज विरोधियों की आलोचना के प्रति ध्यान न दें, शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी, अचानक कोई शुभ सूचना से मन प्रसन्न रहेगा। शिक्षा संबंधी प्रयासों में आपको सफलता मिलेगी।

**तुला:** योग्यता के अनुसार मान-सम्मान मिलेगा। संतान से सुख की प्राप्ति होगी और यात्रा में सफलता के योग बन रहे हैं। दोस्तों और रिश्तेदारों के बीच में आपका रुतबा बढ़ेगा।

**वृश्चिक:** मानसिक प्रवृत्ति नकारात्मक हो सकती है। क्रोध और आवेश से बचें, वाणी पर संयम रखें। वाद-विवाद से बचें । वाहन सावधानी के साथ चलाएं। रुपये-पैसे किसी को भी उधार न दें।

**धनु :** आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात यादगार रहेगी। यात्रा मंगलमय रहेगी, कार्य पूर्ण होंगे। आज का दिन शुभ है। धन निवेश के बारे में कुछ योजना बना सकते हैं।

**मकर :** अचानक धन लाभ के योग हैं। आज कोई नया कार्य या प्रॉजेक्ट शुरू करना लाभदायक रहेगा। मौके बार-बार आपके दरवाजे पर दस्तक नहीं देंगे। इसलिए मौके का लाभ उठाकर आगे बढ़ें।

**कुंभ :** सोचा हुआ कार्य पूर्ण होगा। आज मन और चित्त दोनों से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। कोई पिता तुल्य व्यक्ति कार्यक्षेत्र में आपकी मदद कर सकता है जो बहुत ही काम की साबित होगी।

**मीन:** आज धन के अपव्यय का योग है, किसी को उधार न दें, यात्रा करने से परहेज करें, मानसिक तनाव से बचें, असंतोष छोड़कर आत्मसंतोषी बनें। धन को भविष्य के लिए जमा करके चलें।

**पहाड़ी दिवस** गेयटी थियेटर में किया राज्य स्तरीय लेखक गोष्ठी का आयोजन, 20 साहित्यकारों ने लिया भाग

# युवा पीढ़ी को लोक भाषा व साहित्य से जोड़ना जरूरी : दिलीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्य स्तरीय पहाड़ी दिवस समारोह की कड़ी में राज्य स्तरीय लेखक गोष्ठी का आयोजन गेयटी थियेटर में किया गया, जिसमें प्रदेश के लगभग 20 साहित्यकारों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में पदमश्री विद्यानंद सरैक बतौर अध्यक्ष उपस्थित रहे तथा पूर्व प्रशासनिक अधिकारी व वरिष्ठ लेखक केआर भारती विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन कागड़ा के वरिष्ठ साहित्यकार श्री रमेश मस्ताना ने किया। विभाग के उप निदेशक कुसुम संघाईक ने प्रदेश भर से आए विद्वानों का स्वागत किया।



इस अवसर पर प्रदेश के प्रसिद्ध साहित्यकार सुर्दशन वशिष्ठ ने 'पहाड़ी भाषा और साहित्य उद्भव, विकास एवं उपलब्धियां विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया जिस पर प्रदेश भर से आए विद्वानों ने परिचर्चा की।

इस परिचर्चा में सिरमौर से श्री ओम प्रकाश राही, अनंत आलोक तथा दिलीप वशिष्ठ, बिलासपुर से रामलाल पाठक तथा रतन चंद निर्झर, कुल्लू से डॉ. सूरत ठाकुर तथा दीपक शर्मा, मंडी से कृष्ण चंद महादेविया, ऊना से शांति कुमार स्याल, हमीरपुर से अर्चना सिंह, चंबा से अशोक दर्द, कांगड़ा जिला से रमेश मस्ताना तथा शिमला जिला से ओम प्रकाश शर्मा ने भाग लिया।

परिचर्चा में सामूहिक रूप से एक भाषा एक व्याकरण तथा भाषा के मानकीकरण की बात कही गई। डॉ. सूरत ठाकुर ने लोक साहित्य, लोकगीत व लोक गाथाओं के माध्यम से भाषा को संरक्षित करने के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। शांति कुमार स्याल ने मिश्रित भाषा का सरलीकरण करके एक संयुक्त भाषा बनाने का सुझाव दिया। अर्चना सिंह ने लोक भाषा में बाल साहित्य की रचना करने पर बल दिया तथा ओम प्रकाश राही, दिलीप विशिष्ठ व अनंत आलोक ने नई तकनीक के माध्यम से युवा पीढ़ी को लोक भाषा व लोक साहित्य से जोड़ने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष पदमश्री विद्यानंद सरैक ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि यदि हमें पहाड़ी बोलियों को हिमाचली भाषा का स्वरूप देना है तो उसके लिए हमें मानक चिह्न बनाने होंगे व पर्यायवाची शब्द ढूंढने पड़ेंगे तथा व्याकरणिक दृष्टि कोण को मध्यनज़र रखते हुए हिमाचली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूचि में शामिल करने हेतु एकजुट होकर प्रयास करना होगा।

कार्यक्रम में विभाग के सहायक निदेशक सुरेश राणा, गेयटी प्रबंधक सुदर्शन शर्मा, दीपा शर्मा तथा अन्य श्रोतागण भी उपस्थित रहे।

**सेवा** छोटी है या बड़ी, इसकी कीमत नहीं है। किस भावना से, किस दृष्टि से वह की जा रही है, उसकी कीमत है। -**विनोबा भावे**

## संपादकीय

# भारत-कनाडा में कटुता

भारत और कनाडा के रिश्ते बिगड़ते-बिगड़ते वहां पहुंच गए हैं, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। भारत-कनाडा विवाद लगातार गहराता जा रहा है। अब कनाडा में हिंदू-सिख दंगे भी कराने की कोशिश हो रही है। कनाडा में खालिस्तानियों को लेकर हुई घटनाओं पर आंख मूंदकर नहीं बैठा जा सकता है। भारत ने इस वारदात पर कड़ी प्रतिक्रिया जताकर विरोध दर्ज करवाया है। कनाडा ने भारत को खतरे वाले देशों की सूची में डाल दिया है। यानी एक तरह से कनाडा ने भारत को दुश्मन देश घोषित कर दिया है। ऐसा पहली बार हुआ होगा कि भारत को किसी देश ने दुश्मन देश घोषित किया हो। कनाडा सरकार की कम्युनिकेशन सिक्योरिटी ऐस्टिब्लिशमेंट नाम की एजेंसी ने एक दस्तावेज जारी किया है, जिसमें भारत को कनाडा के लिए खतरा बताया गया है। इस दस्तावेज में लिखा है कि भारत सरकार अपनी साइबर सिक्योरिटी के जरिए अपने साइबर प्रोगाम्स से कनाडा को खतरा उत्पन्न कर रहा है। कनाडा की वेबसाइटें हैक हो सकती हैं। भारत सरकार के साइबर सिक्योरिटी प्रोगाम्स कनाडा की आंतरिक सुरक्षा में सेंध लगा रहे हैं। इस सूची में भारत का नाम रूस, चीन, ईरान और उत्तर कोरिया के साथ पांचवें स्थान पर रखा है।

यह दस्तावेज कनाडा सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस घटना को लेकर भारत में तहलका मच गया है। कनाडा की इस हरकत पर भारत ने हैरानी जाहिर की है कि उसका नाम दुश्मन देशों की सूची में शामिल किया गया है। दरअसल, भारत और कनाडा के बिगड़ते इन रिश्तों के पीछे कनाडा में सक्रिय खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का मामला है। 18 जून, 2023 में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में सरेआम निज्जर की हत्या कर दी गई थी। उसके बाद सितंबर, 2023 में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडे ने भारत पर सीधे आरोप लगाया था कि निज्जर की हत्या में भारत की एजेंसियों का हाथ है। तब से भारत और कनाडा के रिश्तों और ज्यादा कटुता आ गई। कुछ दिन पहले कनाडा के विदेश उपमंत्री डेविड मॉरिसन ने भारत के गृह मंत्री अमित शाह का नाम भी निज्जर की हत्या में लपेट लिया था।

कनाडा की पुलिस भी दावा कर रही है कि उसके पास इस हत्याकांड के सबूत हैं। इन सारी घटनाओं के बीच दोनों देशों के संबंध भी बेहद खराब हो गए हैं। इसी महीने कनाडा सरकार ने अपने इन आरोपों के चलते भारत के कनाडा स्थित उच्चायुक्त और पांच राजनयिकों से पूछताछ करने के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया था। साथ ही उन राजनियकों के ऊपर से राजनीतिक सुरक्षा हटाने की बात तक कह डाली थी, लेकिन भारत ने यह सब करने से मना कर दिया था। उसके बाद कनाडा ने भारतीय राजनयिकों को कनाडा छोड़ने के लिए कह दिया था। इसके जवाब में भारत ने भी कनाडा के छह राजनयिकों को देश से निकाल दिया था। पिछले पांच दशकों में भारत और कनाडा के संबंध काफी उतार-चढ़ाव वाले रहे हैं। देश की संप्रभुता, एकता और सुरक्षा भारत के लिए सर्वोपरि है। भारत ने कनाडा में हिंदू मंदिर पर हुए हमले के जवाब में प्रतिक्रिया देकर सही किया है। भारत यह भली-भांति जानता है कि ट्रूडो ऐसा क्यों कर रहे हैं? वो घरेलू मोर्चे पर लगातार फेल हो रहे हैं। बेरोजगारी, स्वास्थ्य सेवा और कनाडा में बढ़ती अपराध दर जैसे मुद्दों पर कुछ नहीं कर सकने के चलते वो एक समुदाय को संतुष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। केंद्र ने कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर सही निर्णय लिया है।

कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमला किसी भी सूरत में जायज नहीं है। यह घटना न केवल हिंदू समुदाय के लिए, बल्कि पूरे भारतीय समुदाय के लिए भी चिंता का विषय है। भारत और कनाडा के बीच संबंधों में तनाव का एक बड़ा कारण यह है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत सरकार पर लगाया है। भारत और कनाडा के बीच संबंध सुधारने के लिए दोनों देशों को कई कदम उठाने होंगे। सबसे पहले, दोनों देशों को अपने मतभेदों को सुलझाने के लिए बातचीत करनी होगी। इसके अलावा, दोनों देशों को अपने नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा के लिए काम करना होगा। अपने नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा के लिए काम करना होगा। व्यापारिक संबंध मजबूत बनाने होंगे तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी करना होगा। निश्चित रूप से इन कदमों से भारत और कनाडा के बीच संबंध सुधर सकते हैं और दोनों देशों के नागरिकों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य का निर्माण हो सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### पूर्व सिविल सेवा अधिकारी व राजनेता


यशवंत सिन्हा
जन्म : 6 नवंबर, 1937

**यशवंत** सिन्हा पूर्व सिविल सेवा अधिकारी व राजनेता रहे हैं। एक समय वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं में गिने जाते थे, लेकिन उन्होंने भाजपा छोड़ने के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का दामन थाम लिया। यशवंत सिन्हा, अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में वित्त और विदेश मंत्री रहे थे। वह उन नौकरशाहों में शामिल रहे जो नौकरशाह से राजनेता बने। उन्हें भारतीय अर्थव्यवस्था का परिवर्तक भी माना जाता है। यशवंत सिन्हा ने अब तक के एक चरित्रवान और सज्जन व्यक्ति के रूप में छवि बनाई है। भारत-फ्रांस संबंधों में उनके योगदान के लिए उन्हें वर्ष 2015 में फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'लीजन ऑफ ऑनर' से नवाजा गया था। यशवंत सिन्हा ने प्राथमिक शिक्षा पटना के एक स्कूल से और पटना यूनिवर्सिटी से 1958 में राजनीतिशास्त्र में अपनी मास्टर्स (स्नातकोत्तर) डिग्री प्राप्त की। ■

कविता



## क्या भगवान बिक रहा ?

*रविकुमार संख्यान*

*जान बिक रही, जहान बिक रहा।*
*घटिया सामान सा इंसान बिक रहा,*
*रिश्ते बिक रहे, ईमान बिक रहे।*
*शिक्षा बिक रही, संस्कार बिक रहे।*
*भस्म बिक रही, सोना बिक रहा।*
*पर्वत बिक रहे, पहाड़ बिक रहा।*
*कौड़ियों के भाव इंसान बिक रहा।*
*बेचने को बेच दो, जमीन-आसमान बिक रहे,*
*घटिया सामान से जज्बात बिक रहे।*
*बेचने को बेच दें, क्या भगवान बिक रहे?*
*मोल-भाव करते, इंसान बिक रहे।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# बिलासपुर का 'मोहणा' लोकगीत रखता है विशेष महत्व

हिमाचल प्रदेश के पारंपरिक लोकगीतों में बिलासपुर जनपद का 'मोहणा' लोकगीत अपना विशेष ऐतिहासिक महत्व रखता है। 'आया मरना ओह मोहणा, आया मरना, ओह भाईए रिए कितिए, आया मरना।' इस मार्मिक गीत में भ्रातृ प्रेम का सजीदा बखान झलकता है। निर्दोष मोहणा ने अपने बड़े भाई के गुनाह को अपने सिर पर लेकर फांसी की सजा पाई थी। लंबी तान एवं मातमी धुन के साथ गाया जाने वाला यह पारंपारिक एक शताब्दी से पहले घटी दर्दनाक घटना की याद दिलाता है। मोहणा लोकगीत से जुड़ी यह घटना सन 1922 की बताई जाती है। उस समय कहलूर रियासत (वर्तमान बिलासपुर जिला) में राजा विजय चंद का शासन था। राजा ने मोहणा उर्फ मोहन को बेगुनाह मानते हुए भी एक व्यक्ति मसद्दी के कत्ल मामले में फांसी की सजा दी थी। बताया जाता है कि विजय चंद चंदेल वंश की 44 वीं पीढ़ी के राजा हुए। इस वंश के राजाओं ने करीब साढ़े बारह सौ वर्षों तक शासन किया। कहलूर राज दरबार के आश्रित कवि गणेश सिंह बेदी द्वारा रचित ग्रंथ 'शशिवंश विनोद' में वर्णित प्रसंग के अनुसार सन 1872 में जन्में विजय चंद ने मात्र 21 वर्ष की आयु में कहलूर रियासत की बागडोर संभाली। उन्होंने युवावस्था में ही रियासत में अनेक लोकहित के कार्य किए। राजा ने बिलासपुर में विजय हाई स्कूल शुरू किया। रियासत के अन्य स्थानों में भी प्राइमरी स्कूल व वैद घर खोले। उन्होंने ही पहली बार बिलासपुर नगर के लिए पेयजल योजना बनाई और लोकहित में कुछ महकमों की स्थापना की। विजय चंद ने रियासत में पहली बार बनदोवस्त की शुरुआत की। बताया जाता है कि राजा विजय चंद घार्मिक प्रवृत्ति के न्यायप्रिय शासक थे।

लोगों की शिकायतें सुनने के लिए रियासत में खुले दरबार लगाए और बेवजह तंग करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कर्रवाई अमल में लाई। इसलिए राजदरबार के कई ओहदेदार राजा की कार्यकुशलता से खुश नहीं थे। वे राजा की कठोर न्याय-व्यवस्था को तहस-नहस करने के षडयंत्र रचते रहे। इस षडयंत्र की एक कड़ी मसद्दी नामक एक व्यक्ति की हत्या थी। असली हत्यारा तुलसी राम राजदरबार में हाजिर था तथा मोहणा उर्फ मोहन का सबसे बड़ा भाई था। मोहन तीन भाई थे। उनके मंझले भाई का नाम लछमन बताया गया था। राजदरवार का हाजरी होने के कारण तुलसी का अपने इलाके में भी पूरा दबदबा था। वह घुमारवीं क्षेत्र के रंडोह गांव का निवासी था। तुलसी का अपने एक बंनेदार मसद्दी के साथ कई सालों से जमीनी विवाद चल रहा था। मसद्दी साथ लगते मोरसिंघी गांव का निवासी था तथा रंडोह गांव में भी उसकी जमीन थी। बताया जाता है कि एक दिन तुलसी राजदरबार से मौका पाकर अपने गांव रंडोह गया तथा मसद्दी की हत्या करके लाश को पास के नाले में फेंक दी। उसके बाद वह फिर से राजदरबार में हाजिर हो गया था।


लेखक : रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार

जाने से पहले वह अपने छोटे भाई मोहणा को इस जुल्म को अपने सिर लेने को कह गया था। तुलसी ने यह कहा था कि वैसे तो इस हत्या का कोई पता नहीं चलेगा, लेकिन यदि यह बात राजा तक पहुंची तो वह उसे (मोहणा को) उस गुनाह से बरी करवा देगा। उसने यह भी विश्वास दिलाया था कि राजा उसकी बहुत मानता है। इसलिए वह उसे किसी भी कीमत पर सजा नहीं होने देगा। हत्या के तीन-चार दिनों बाद रंडोह गांव के नाले में चीलें व कौवे मसद्दी की लाश को नोच-नोच कर खाने लगे। उधर मसद्दी घर से लापता होने के करण परिजन उसे इधर-उधर ढूंढ रहे थे। सभी रिश्तेदारों के भी पता किया, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा। उधर रंडोह गांव के किसी व्यक्ति ने नाले में जाकर देखा कि वहां किसी की लाश पड़ी थी। उससे बदबू आ रही थी तथा कीड़े भी पड़ गए थे। सनाख्त करने पर पता चला कि लाश मोरसिंघी के मसद्दी की थी। इस की शिकायत राजा से की गई। राजदरबार में इसकी सूचना पहुंचते ही पूरी रियासत में हाहाकार मच गई। मौके पर राजा के सिपाई गए और जांच पड़ताल शुरू की। तभी मोहणा ने इस कत्ल की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली। घटना की जड़ जमीनी विवाद था। राजा के सिपाइयों को जो सरासर पता लगा उसके अनुसार हत्या तुलसी ने की थी। लेकिन मोहणा ने अपने बड़े भाई का बचाव करते हुए इस हत्या का दोषी अपने को मान लिया था। सिपाइयों ने मोहणा को गिरफ्तार किया और बिलासपुर ले जाकर जेल में डाल दिया। तुलसी ने राजदरबार के कुछ लोगों से यह कहलवा दिया कि वह हत्या वाले दिन, उससे पहले और उसके बाद भी अपनी ड्यूटी पर तैनात था। तुलसी ने यह स्पष्ट कर दिया कि उसने कोई छुट्टी भी नहीं ली और न ही वह कई दिनों से अपने गांव गया। राजा को फिर शक हुआ तथा रंडोह गांव में अपने गुप्तचर भेजे। गुप्तचरों को भी यह भनक लगी कि हत्या में तुलसी ही शामिल था, लेकिन कोई पुख्ता सबूत भी हाथ नहीं लगा। सिपाइयों ने यह भांप लिया था कि मोहणा सीधा-सादा और बहुत शरीफ आदमी था। वह इतना बड़ा आपराध काम नहीं कर सकता। राजदरबार में सुनाई हुई तब मोहणा ने हत्या का जिम्मा अपने ऊपर ले लिया। राजा ने मोहणा को अपने कक्ष में भी बुलाया और सच्चाई जानने का प्रयास किया। मगर मोहना टस से मस नहीं हुआ। वह बार-बार यही कहता रहा कि मसद्दी का खून उसने ही किया है। उसका बड़ा भाई निर्दोष है जबकि असली कसूरवार वही है। गर्मियों के दिनों में राजा बहादरपुर में बने किले में प्रवास करता था। वह बड़ा एकांत स्थान है।

सर्दियों में इस स्थान पर बर्फ पड़ती है। वहां पर राजा के पास मसद्दी हत्याकांड की मिसल गई। कई दिनों तक सोच विचार करने के बाद ही राजा ने मोहणा को फांसी की सजा का फरमान जारी किया। कुछ लोगों का कहना है कि मोहणा को फांसी का हुक्म बनारस से दिया था। बनारस में राजा का पैतृक महल था। निर्धारित दिन सांडू के बेडीघाट में दोपहर के बारह बजे मोहणा को फांसी के फंदे पर लटका दिया। उस दिन वहां बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस घटना को लेकर अनाम लोक कवि ने अपनी रचना रची। जो कालांतर में समाज की अभिव्यक्ति बन गई। लोक कवि दावीं क्षेत्र का बताया जाता है।

आया मरना ओह मोहणा आया मरना।
ओह भाइए रिया कितिया आया मरना।
आइयां मिसला ओह मोहणा आइयां मिसला।
ओह बहादरपुर ते आइयां मिसला।
खंभे गड़ूरे ओह मोहणा खंभे गड़ूरे।
ओह एते सांढू रे मदाना खंभे गड़ूरे।
बारह बजी गे ओह मोहणा बारह बजीगे।
ओह एते सांडू रिया घड़ियां बारह बजीगे।
चढेयां तख्ते ओह मोहणा चढेयां तख्ते।
ओह भाइए रिया कीतिया आया मरना।
खाइले रोटियां ओह मोहणा।
खाईले रोटियां ओह अपनी अम्मां रे हत्था री।
पकाऊरी रोटियां केस बाजणी ओह मोहणा।
केस बाजनी ओह तेरी पांज बंद मुरली केस बाजणी।

मोहणा का यह पारंपरिक लोकगीत पूरे प्रदेश में गाया जाता है। इस दर्दनाक घटना को लेकर एक मूवी बनी है तथा कई सांस्कृतिक संस्थाओं ने उच्च स्तर तक मोहणा की जीवनी पर नाटक का मंचन भी किया है। कहा जाता है कि मोहणा को फांसी दिए जाने के बाद राजा विजय चंद बहुत उदास रहने लगे। उनकी आंखों के सामने मोहणा को फांसी दिए जाने की घटना चल चित्र की तरह चलती रहती थी। उनके मन बार-बार यह बात कचोटती रही कि उन्होंने एक निर्दोष व्यक्ति को फांसी पर लटकाया तथा असली हत्यारा चालपलुसी से बच गया। इस घटना के कुछ दिन बाद ही विजय चंद ने कहलूर रियासत की राजगद्दी को अपने बेटे आनंद चंद को संभाला और स्वयं बनारस चले गए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# आस्था का महापर्व है छठ पूजा

भारत के बिहार व उप्र के राज्यों से निकल कर पूर्ण देश विदेशों में बहुत तेजी से आस्था का महापर्व छठ पूजन कार्तिक में धूमधाम से मनाया जाता है जो भगवान सूर्य देव की पूजा है। दक्षिणायन के अग्रहायण और कार्तिक अपनी कई स्मृतियों को सहेजे हुए हैं तो कई परंपराओं के सजीव सारथी भी हैं। 'न कार्तिक समो मास...' सचमुच कार्तिक मास पूरा ही प्रकृति में वनस्पति, औषध, कृषि और उसके उत्पाद के ज्ञान की धारा लिए है।

अन्नकूट के मूल में जो धारणा रही, वह इस ऋतु में उत्पादित धान्य और शाक के सेवन आरंभ करने की भी है। अन्न बलि दिए बिना खाया नहीं जाता, इसी में भूतबलि से लेकर देव बलि तक के विश्वास जुड़े और फिर गोवर्धन पूजा का दिन देवालय-देवालय अन्नकूट हो गया। छठ पर्व इस प्रसंग में विशिष्ट है कि कुछ फल इसी दिन दिखते हैं। डलिए, छाब और छाभ भर भरकर फल निवेदित किए जाते हैं, सूर्य को निवेदित करने के पीछे वही भाव है जो कभी मिस्र, ग्रीक और यूनान तक रहा। अगस्त्य अर्घ्य के विधान का जो वर्णन मत्स्य और भविष्य पुराण से लेकर वाराही संहिता (587 ई.) राज मार्तंड (1035 ई.) तक मिलता है, उसकी स्मृतियां कैसी हैं? सबसे प्रभावी ज्योतिर्मय देव को अपने क्षेत्र और श्रम के उत्पाद का अंश दान। छठ तिथि का ध्यान ही फलमय हुआ, क्योंकि छह की संख्या छह रस की मानक है।


लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

स्वामी को षष्ठांश चढ़ाने की निर्देश तो मनु, नारद, चाणक्य, बृहस्पति आदि ने कई-कई बार किया है। भोजन, स्वाद और रस सब षट् रस हैं। इस समय जो भी फल होते हैं, वह बिना चढ़ाए महिलाएं खाती नहीं है। मित्रवर श्री अत्रि विक्रमार्क जी एक अलग बात भी कहते हैं षष्ठी (मातृका और कार्तिक मास) के बारे में। भाद्रपद शुक्ला षष्ठी हल-षष्ठी नाम से मनती है, यह तिथि बलराम के जन्मदिन से संयुक्त भी मानी गई है, इस दिन महिलाएं हल से उत्पन्न कोई भी अन्न नहीं खाती हैं। इसके 60 दिनों बाद मनाई जाने वाली डाला-छठ भी ऐसा व्रत है जिसमें निराहार रहती हैं। प्रकृति ने जो कुछ हमें दिया, उसका अंश हम उत्पादक शक्तियों को निवेदित करके ही ग्रहण करें। प्रकृति स्वयं अपने द्वारा पूजित होती है। यह भाव भारतीयों का अनुपम विचार है जिसका समर्थन और अनुमोदन श्रीमद्भगवद्गीता ने भी किया है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हमारे** हिंदू समाज में जहां गाय को एक माता के रूप में पूजा जाता था तथा कुत्ते को एक वफादार जानवर माना जाता था, आज के समय में बाकी जानवरों के मुकाबले इन्हीं की सबसे ज्यादा दहशत है। जहां किसी समय कुत्तों की वफादारी के उदाहरण दिए जाते थे, वहां आज वही वफादार जानवर एक हिंसक जानवर के रूप में उभर रहा है। हाल ही में जैसे हमीरपुर जिले में 2 साल की एक बच्ची को कुत्ते ने नोच कर मार डाला, ऐसे ही न जाने कितने सैकड़ों मामले देखने को मिल रहे हैं। वहीं गाय और सांड जो हिंदू समाज में किसी समय पूजनीय थे, आज हमारा समाज उन्हीं का बहिष्कार कर रहा है जो कि हमें ही महंगा पड़ रहा है। अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं इन्हीं के कारण हो रही हैं और यह कहना गलत नहीं है कि इसमें कहीं न कहीं मानव का ही दोष है। आवारा जानवरों को सड़क के जानवरों के रूप में परिभाषित किया गया है जो सड़क पर पैदा होते हैं और प्रजनन करते हैं और कभी भी स्वामित्व में नहीं होते हैं, खोए हुए जानवर जो घर का रास्ता नहीं ढूंढ सकते हैं तथा सड़क पर ही विचरण करने लग जाते है, मालिक द्वारा परित्यक्त जानवर जो घर से निकाल दिए जाते है या सड़क पर छोड़ दिया जाता है, किसी सरकारी या गैरसरकारी संगठन, पशु चिकित्सालय, गोशाला अथवा डेयरी फार्म के द्वारा अनुपयोगी पशु के रूप में जो निकाल दिए जाते हैं। आवारा जानवर जंगली जानवर नहीं हैं। वे जहां भी जाते हैं, वे घरेलू जानवरों के रूप में रहते हैं। **निशा चौहान, कियोड़िया ( कांगड़ा )**

# सांस्कृतिक विरासत छठ महापर्व दर्शाता है पूजा की महिमा और महत्ता

बिहार में आएं और हम बिहारियों के महापर्व छठ में शामिल हों तब आपको पता चलेगा कि हम बिहारियों को क्यों गर्व है अपने बिहारी होने पर। अपराध शून्य बिहार! अखबार के पन्नों में अपराध और अपराधी से संबंधित खबरों को आप ढूंढते रह जाएंगे। गली मुहल्लों की सड़कों से लेकर मुख्य रास्ते की सफाई ऐसी कि सड़कों पर अगर सूई गिर जाए, तो वह भी दिख जाएगी। तनिक भी अतिश्योक्ति नहीं। वैसे बिहार का नाम आते ही लोगों के जेहन में अपराध और अपराधी इसके अलावा कुछ नहीं आता है, पर हम बिहारियों का यह मानना है कि यह एक भ्रम और छलावे के सिवा कुछ नहीं है। छठ महापर्व के दौरान तो बन जाता है एक सपनों का बिहार। महापर्व छठ के दौरान पूरे देश भर से बिहार और पूर्वांचल की ओर आने वाली ट्रेनों में तिल रखने को जगह नहीं मिलती है। हवाई जहाज के टिकटों के दाम में आई बढ़ोतरी भी छठ के उत्साह को फीका नहीं कर पाती है।

श्रद्धा, विश्वास, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम। आज से लगभग पच्चीस वर्ष पहले तक यह पर्व विशेष रूप से बिहार और उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में मनाया जाता था, लेकिन अब इसका स्वरूप वैश्विक हो गया है। मुझे याद है कि 1996 में जब मेरी पोस्टिंग अहमदाबाद में हुई थी, तो कार्यालय में मुझे महापर्व छठ और उसकी महत्ता के बारे में विस्तार से समझाना पड़ा था। उस समय साबरमती नदी के किनारे बमुश्किल दो-तीन परिवार ही छठ पूजा के लिए इकट्ठा होते थे। पर आज, इस महापर्व के प्रति लोगों में जागरूकता और जानकारी इतनी बढ़ गई है कि शायद ही कोई इससे अंजान हो। वर्षा ऋतु के खत्म होते ही कास के फूलों का खिलना शुरू हो जाता है। कास के सफेद रूई के जैसे फूलों का खिलना सूचक है शरद ऋतु के आगमन का। हम सभी बेसब्री से इंतजार करते हैं शरद ऋतु का। त्योहारों का मौसम जो शुरू होने को होता है।

दशहरा के धूम के बाद दीपावली और दीपों का पर्व दीपावली समाप्त होते ही अब सभी को महापर्व छठ का इंतजार रहता है। वैसे तो दीपावली और छठ महापर्व के दौरान दो चार और भी पर्व आ जाते हैं, पर इंतजार सबको छठ का ही रहता है। छठ पूजा अब बिहार और पूर्वांचल से निकलकर संपूर्ण भारत और विश्व के अन्य भागों में भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जा रही है। इस पर्व की बढ़ती लोकप्रियता का एक प्रमुख कारण इसका सरल, पर्यावरण-संवेदनशील और सामूहिक स्वरूप है। पहले जहां यह केवल बिहार और उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्रों तक सीमित था, अब इसे दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, और यहां तक कि अमेरिका, कनाडा, यूरोप और खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीय भी मनाने लगे हैं। छठ पूजा का मुख्य उद्देश्य सूर्य देव और प्रकृति की उपासना करना है। इस पर्व की शुरुआत 'नहाय-खाय' से होती है, जिसमें शुद्धता का ध्यान रखते हुए साधारण भोजन किया जाता है। नए चावल का भात, चने का दाल और कद्दू की सब्जी। इसके बाद 'खरना' का आयोजन होता है, जिसमें व्रती शाम के समय विशेष प्रसाद ( नए चावल का गुड़ मिश्रित खीर, ऋतु फल ) ग्रहण करती हैं। इसके अगले दिन संध्या में अस्त होते सूर्य को और फिर अगले दिन प्रातः उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने की परंपरा है। अर्घ्य देने की इस प्रक्रिया में छठव्रती जल में खड़े होकर सूर्य देव को प्रसाद चढ़ाते हैं और प्रार्थना करते हैं।


लेखक : मनीश वर्मा 'मनु'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वैसे तो लोग बाग उगते सूर्य की ही पूजा करते हैं, पर महापर्व छठ के दौरान अस्ताचलगामी सूर्य की भी पूजा की जाती है। छठ महापर्व की सबसे खास बात यह है कि इसमें मूर्ति पूजा का कोई स्थान नहीं है, बल्कि प्राकृतिक तत्वों और ऋतु फलों की पूजा की जाती है। इसमें प्रयुक्त होने वाले समस्त पूजन सामग्री प्राकृतिक होते हैं। प्रसाद के रूप में मुख्यतः गेहूं के आटे और गुड़ से बना ठेकुआ, ऋतु फल, गन्ना, नारियल आदि का उपयोग होता है। इस पर्व में व्रतधारी महिलाएं और पुरुष गंगा, यमुना, सरयू जैसी पवित्र नदियों के किनारे अथवा जलाशयों में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देते हैं। अब तो जहां नदी और जलाशय नहीं हैं वहां और साथ ही प्रदूषित नदियों की वजह से भी, लोग अपने अपने घरों की छतों पर अस्थायी रूप से बनाए गए छोटे छोटे जलाशय नुमा जगहों पर भी पूजा करने लगे हैं, पर उनकी श्रद्धा, विश्वास और आस्था में कोई कमी नहीं होती है। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और परिवार एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी का भी संदेश देता है। यही कारण है कि छठ पूजा ने धर्म और क्षेत्र की सीमाओं को लांघ कर अपनी अलग पहचान बनाई है। आज यह पर्व भारतीय संस्कृति की एक अमूल्य धरोहर बन गई है और विश्व में भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार करने में सहायक सिद्ध हो रही है। छठ महापर्व की महत्ता का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि अब इसे संयुक्त राष्ट्र में भी विशेष पहचान देने की मांग की जाने लगी है। वैश्विक स्तर पर यह पर्व भारतीय संस्कृति का एक अद्भुत उदाहरण बन चुका है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आखिर कब रुकेंगे सड़क हादसों के ये दिल दहलाने वाले मंजर

जिस प्रकार आएं दिन अनेक क्षेत्रों में सड़क हादसों के दिल दहलाने वाले मंजर देखने एवं सुनने को मिलते हैं, जिनको सुनकर मानों (रूह) कांप जाती है। जानकारी अनुसार इन तमाम सड़क हादसों का अगर हम आत्मचिंतन एवं विशेष क्षेत्र को देखें, तो सबसे ज्यादा सड़क हादसे पहाड़ी राज्यों में देखने एवं सुनने को मिलते हैं, जिसमें हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड जैसे अनेक पहाड़ी राज्यों में सड़क हादसों में पिछले अनेक वर्षों से बढ़ोतरी देखने एवं सुनने को मिलती हैं। हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड ऐसे दुर्गम एवं पहाड़ी क्षेत्रों में शुमार है जिन राज्यों में अनेक ऐसे बड़े सड़क हादसे पेश आएं हैं, जिसमें परिवार के परिवार काल के ग्रास बने हैं, तो वहीं हाल ही में हुए उत्तराखंड के (अलमौडा) में एक बड़ा सड़क हादसा पेश आया।

जिसमें तीस से चालीस लोग सड़क हादसे के शिकार हुए, जिसमें दर्जनों मुसाफिरों को अपनी अनमोल जाने गंवानी पड़ी। जिस सड़क हादसे का क्या कारण रहा अभी तक मालूम नहीं हो पाया है, तो वहीं हिमाचल प्रदेश में भी गत वर्षों से ऐसे अनेक भयानक सड़क हादसे पेश आएं हैं, जिन्होंने हर किसी को विचलित कर दिया है, इन सभी हादसों से हम सभी को कहीं न कहीं सबक लेने की परम् आवश्यकता है।


लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

वहीं सरकार एवं संबंधित विभाग की भी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि मात्र सड़क हादसों के समय दुर्घटनाग्रस्त एवं जान गंवाने पर कुछ आर्थिक सहायता देकर अपनी जिम्मेदारी एवं कर्तव्य से विमुख नहीं हो सकतें, बल्कि भविष्य में कहीं भी ऐसे मंजर फिर देखनें को न मिलें और पहाड़ी प्रदेशों की सड़कों की दशा को सुधारने के लिए मिलकर कदम उठाए जाएं। जिसमें कि वर्तमान सरकार के साथ-साथ संबंधित राज्यों के विपक्षी दलों की भी अहम् भूमिका होनी चाहिए ताकि फिर सड़क हादसों में किसी के परिवार को अपने किसी भी सदस्य को न खोना पड़े, ऐसी उम्मीद एवं अपेक्षा करते हैं, परंतु यह सब शायद तभी मुमकिन है अगर प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार ऐसे गंभीर विषय पर युद्धस्तर पर कार्य करती हैं और समय-समय पर सड़क के चौड़ीकरण एवं सुरक्षित करने के लिए क्रेश वेरियर जैसी व्यवस्था से कहीं न कहीं सड़क हादसों में कमी आ सकती है।

वहीं संबंधित विभाग समय-समय पर वाहनों के चालकों का निरीक्षण एवं निमयों का पालन करते रहे, जबकि वर्तमान में सबसे बड़ा कारण युवाओं एवं चालकों द्वारा नशे का प्रयोग करने से भी सड़क हादसों में इजाफा होता जा रहा है, जिस नशे ने मानों परिवार एवं समाज का जीना मानों दुश्वार कर दिया हो, ऐसे नासमझ युवाओं एवं चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई एवं सजा होनी चाहिए, साथ ही समाज एवं लोगों का भी कर्तव्य बनता है कि हम खुद भी यातायात के नियमों का पालन करते रहे, क्योंकि जिस प्रकार चालक की एक छोटी सी गलती से एक बड़ा सड़क हादसा पेश आता है, तो वहीं अनेक बार वाहनों के तकनीकी खराबी से भी सड़क हादसे पेश आते हैं। परंतु सरकारों को इस ओर विशेष ध्यान एवं कार्य करने की परम् आवश्यकता है, तो वहीं यातायात नियमों को भी विभिन्न राज्यों की सरकारों द्वारा और अधिक सख्त एवं प्रभावी बनाने की परम् आवश्यकता है।

सड़क हादसों को रोकने के लिए संबंधित विभाग एवं प्रदेश सरकारों को विभिन्न कारणों का आंकलन एवं प्रभावी ढंग से कही न कही काम करने की परम् आवश्यकता नजर आती है, क्योंकि सड़क हादसों का असली दर्द एवं आभास उन तमाम परिवारों को होता है। जिस परिवार ने अपने जिगर के टुकड़े एवं किसी भी सदस्य को खोया हैं, इस प्रकार आज हम आप सभी के समक्ष एक ऐसे गंभीर एवं चिंतनीय विषय पर चर्चा एवं विश्लेषण करने का प्रयास कर रहे हैं और उम्मीद करेंगे कि आप भी अपने कीमती सुझाव एवं मार्गदर्शन समय-समय पर जरूर साझा करेंगे ऐसी उम्मीद और आशा करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### ईसपुर में निशुल्क चिकित्सा शिविर 9 से

**अनंत ज्ञान, ऊना।** रोटरी विलेज कोर ( रोटरी क्लब ऊना एवं रोटरी क्लब ग्रेटर ऊना के तत्वावधान में 42वां निशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर 9 से 11 नवंबर तक लगेगा। यह कैंप रोटरी सामुदायिक सेवा सदन गांव ईसपुर गगरेट रोड निकट डॉक्टर डॉ. आर गर्ग स्मारक राजकीय आयुर्वेद अस्पताल ईश्वर में लगेगा। इस कैंप में नेत्र चिकित्सालय मारंडा पालमपुर एवं नेत्र चिकित्सालय धुसाड़ा के डॉक्टरों की टीम नेत्र रोगियों की जांच उपचार तथा ऑपरेशन करेगी। यह कार्यक्रम 9 नवंबर से प्रातः 7 बजे रोगियों के नाम का पंजीकरण तथा दाखिला होगा। 10 नवंबर को ऑपरेशन आईओएल के साथ धुसाड़ा चिकित्सालय के ऑपरेशन थिएटर में होंगे। 11 नवंबर को कैंप का समापन कार्यक्रम और दवाई वितरण का होगा रोटरी क्लब एवं शिविर के प्रभारी चित विलास पाठक ने बताया कि सभी रोगी अपने बिस्तर और आधार कार्ड साथ लेकर आएं। चाय-पान अल्पाहार भोजन रहने का इंतजाम तथा दवाइयां और एनकें निशुल्क संस्था द्वारा दी जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9805045500 पर संपर्क कर सकते हैं।

### कैडेट्स को एनएसएस का महत्व समझाया



**अनंत ज्ञान, ऊना।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसाल में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिवर का शुभारंभ हुआ। स्कूल के प्रधानाचार्य सरिता नंदा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। आज कैंप की शुरुआत थी। मैडम नंदा ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए एनएसएस के बारे में बताया तथा इससे होने वाले बच्चों को भविष्य में लाभों के संबंध में भी अवगत किया। सेशन के दूसरे हाफ में बच्चों ने स्कूल के प्रांगण में साफ-सफाई की तथा ऊंची जगह को समतल किया। इस शिवर में 50 बच्चे भाग ले रहे हैं। आवासीय शिवर में कैंप के प्रभारी तथा परिवार प्रभारी सतपाल तथा मैडम मीनाक्षी हैं। उन्होंने बच्चों के साथ रहकर विद्यालय की साफ-सफाई करवाई।

### भंजाल पाठशाला में एनएसएस शिविर शुरू



**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर आज शुरू हुआ। इसका शुभारंभ इसी स्कूल के पूर्व प्रिंसिपल परवीन शर्मा व सभी स्टाफ सदस्यों ने मिलकर किया। स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा व स्टाफ ने पूर्व प्रिंसिपल परवीन शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। परवीन शर्मा ने बच्चों को एनएसएस के बारे में व्यापक जानकारी दी। उन्होंने एनएसएस के स्वयसेवकों को एक दिन के भोजन की व्यवस्था का प्रावधान किया। इस अवसर पर सरस्वती बंदना कर दीप प्रज्वलित किया गया और उसके बाद एनएसएस के स्वयंसेवको ने अपनी दिनचर्या शुरू की। इस अवसर पर स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी जिला कार्डिनेटर मुकेश कुमार, महिला कार्यक्रम अधिकारी सुनीता कुमारी, वाइस प्रिंसिपल अनु शर्मा, सीमा सोहाल, रमणीक बांसल, मनोज कुमार, संदीप कुमार सहित अन्य सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने एनएसएस शिविर के दौरान बच्चों को अनुशासन में रहने की प्रेरणा दी। एनएसएस के स्वयंसेवियों द्वारा स्थानीय पाठशाला भंजाल के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी मुकेश कुमार एवं सुनीता कुमारी ने बताया कि इस शिविर में 55 के करीब छात्र एवं छात्राएं भाग ले रहे हैं और विभागीय निर्देशों के अनुसार सात दिवसीय कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

# जिले में 6 महीने में 39,485.017 बल्क लीटर शराब व मादक पेय जब्त

## नकली शराब की बिक्री और अवैध तस्करी रोकने को संयुक्त कार्रवाई करें एजेंसियां : उपायुक्त

**राजेश शर्मा, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने ऊना जिले में नकली शराब की बिक्री और मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर सख्त कदम उठाने पर जोर देते हुए सभी संबंधित एजेंसियों को संयुक्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम और एनडीपीएस अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन की समीक्षा की।

उन्होंने अवैध शराब और मादक पदार्थों के प्रसार को रोकने के लिए संबंधित एजेंसियों को आपसी तालमेल बढ़ाने और एक संगठित रणनीति के तहत काम करने को कहा। बैठक में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम 2011, एनडीपीएस अधिनियम 1985, और हिमाचल प्रदेश एनडीपीएस नियम 1989 के तहत उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि नकली शराब और अवैध मादक पदार्थों के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए एक व्यापक और प्रभावी रणनीति आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि विभाग नियमित रूप

**अधिनियमों के प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर जिला-स्तरीय समन्वय समिति की बैठक**

से सूचनाओं का आदान-प्रदान करें और आवश्यकतानुसार संयुक्त छापेमारी अभियान चलाएं, साथ ही उन्होंने जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार आयोजित करने का निर्देश दिए ताकि विभागों के बीच समन्वय बना रहे और मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई प्रभावी ढंग से संचालित हो।

उपायुक्त जतिन लाल ने सामुदायिक सुरक्षा को सर्वोपरि रखने तथा अधिनियमों का सख्त अनुपालन और सक्रिय निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इस अभियान में स्थानीय समुदाय को शामिल करने का भी आह्वान किया, ताकि अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके।

बैठक के दौरान, राज्य कर एवं आबकारी विभाग ऊना के उपआयुक्त टिकम राम ने पिछले छह महीनों में की गई कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि 1 अप्रैल 2024 से अब तक जिले में कुल 39,485.017 बल्क लीटर शराब व मादक पेय की जब्ती की गई है। इस कार्रवाई के दौरान देसी और विदेशी शराब, बीयर और ईएनए (एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल) जैसे पदार्थों की जब्ती की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि शराब और मादक पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभावों को लेकर स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें नशीले पदार्थों से दूर रखना है। उपायुक्त ने इस तरह के कार्यक्रमों को और व्यापक स्तर पर चलाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, एसडीएम अंब सचिन शर्मा, उपमंडलीय पुलिस अधिकारी अंब डॉ. वसुधा सूद, हरोली के उपमंडलीय पुलिस अधिकारी मोहन रावत और राज्य कर एवं आबकारी विभाग ऊना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### उपायुक्त का ग्राम पंचायतों के विकास में जन भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर



**ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने ग्रामीण विकास को नई दिशा देने और पंचायतों का समग्र एवं समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए जन भागीदारी पर विशेष ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया है। वह मंगलवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित ग्राम पंचायत विकास योजना 2025-26 की निर्माण प्रक्रिया को लेकर गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सभी संबंधित विभागों के आला अधिकारी उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने बैठक में पंचायतों के विकास को जनसहभागिता से जोड़ने पर जोर दिया, ताकि प्रत्येक पंचायत में स्थानीय जरूरतों के अनुसार योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाबद्ध और सामुदायिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी, 2025 तक जिले की सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभागों के फ्रंटलाइन कर्मियों को इन ग्राम सभाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

बैठक में जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार, बीडीओ ऊना केएल वर्मा, बीडीओ बंगाणा सुशील कुमार, बीडीओ गगरेट सुरिंद्र कुमार, बीडीओ हरेली वीरेंद्र कौशल, बीडीओ अंब ओमपाल डोगरा, उपनिदेशक पशुपालन डॉ. विनय शर्मा, उपनिदेशक कृषि कुलभूषण धीमान, सीएमओ ऊना संजीव कुमार वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार, डीएफएससी ऊना राजीव शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### उपमुख्यमंत्री मुकेश ऊना जिले के तीन दिवसीय प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 6 से 8 नवंबर तक ऊना जिले के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री 6 नवंबर को ऊना जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे। 7 नवंबर को जल शक्ति विभाग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के उपरांत उपमुख्यमंत्री सायं 5.30 बजे 35वें विशाल इनामी दंगल जखेवाल (बीटन) के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।



सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उप मुख्यमंत्री 8 नवंबर को प्रात: 11 बजे राजकीय डिग्री कॉलेज खड्ड के वार्षिक पारितोषिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। इसके उपरांत सायं 7 बजे श्रीराम लीला मैदान ऊना में युवा साईं समिति ऊना द्वारा दिवंगत सुविख्यात सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षाविद स्वर्गीय प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की स्मृति में आयोजित 11वीं विशाल साईं संध्या में शामिल होंगे। मुकेश अग्निहोत्री का रात्रि ठहराव गोंदपुर जयचंद में होगा।

### एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस में भरे जाएंगे मैनेजर के 4 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड अंब द्वारा 4 पद मैनेजर के अधिसूचित किए गए हैं। इन पदों के लिए साक्षात्कार 8 नवंबर को प्रात: 10 बजे उपरोजगार कार्यालय अंब में होगा। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि मैनेजर पद के लिए शैक्षणिक योग्यता किसी भी स्ट्रीम में स्नातक के साथ अनुभव होना अनिवार्य है। सेल्स और मार्किटिंग में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।

इसके अलावा अभ्यर्थी की आयु 18 से 45 वर्ष और वेतन प्रतिमाह 25 हजार रुपए निर्धारित किया गया है। अक्षय शर्मा ने बताया कि योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, आधार नंबर, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ व मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 98170-36225 मोबाइल नंबर पर संपर्क करें।

### वर्ल्ड क्रॉस मिंटन सिंगल की रैंकिंग में ऊना का जशनदीप तीसरे स्थान पर

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

एशियन क्रॉस मिंटन फेडरेशन के अंतर्गत आईसीओ. सेकंड क्रॉस मिंटन चैंपियनशिप 2024, इंडस वैली पब्लिक स्कूल नोएडा (यूपी) में आयोजित हुआ। इसमें जशनदीप सिंह कंग ने भारत देश का प्रतिनिधित्व किया।




इस प्रतिस्पर्धा में अंडर (18) सिंगल में स्वर्ण पदक जीता है, अंडर (18) डबल प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया है। स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही जशनदीप सिंह कंग वर्ल्ड क्रॉस मिंटन अंडर 18 सिंगल की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आ गए हैं। अपनी प्रतिभा के बलबूते पर जशनदीप सिंह कंग ने अपने देश के तिरंगे की शान बढ़ाई है। यह प्रतिभाशाली खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना के गांव बढ़ेरा राजपूता का निवासी ह। अपने देश का गौरव बढ़ाने वाले इस विजेता की उपलब्धि पर प्रत्येक भारतवासी को इन पर गर्व है। वर्तमान समय में जशनदीप जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान ऊना में डीएलएड (प्रथम वर्ष) के विद्यार्थी हैं। स्थानीय संस्थान में सुबह प्रार्थना सभा में विजेता विद्यार्थी का स्वागत किया गया।

डाइट प्रधानाचार्य राकेश अरोड़ा ने जशनदीप सिंह कंग को समस्त डाइट स्टाफ की तरफ से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा की मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। हमें निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। ऐसे विलक्षण प्रतिभा वाले विद्यार्थी दूसरे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं। उन्होंने जशनदीप के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसकी पीठ थपथपाई। इस उपलब्धि के लिए माता-पिता एवं समस्त परिवार के लोग बधाई के पात्र हैं।

### ऊना में बनेगा एक मॉडल सोलर गांव : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत ऊना जिले के एक गांव को मॉडल सोलर गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। इस योजना के तहत गांव में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और बिजली की जरूरतों को स्वच्छ ऊर्जा से पूरा करने के लिए एक करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। जिला स्तर पर योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए गठित समन्वय समिति (डीएलसीसी) के अध्यक्ष और उपायुक्त जतिन लाल ने यह जानकारी दी।



डीसी जतिन लाल

उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत चयनित गांव को सौर ऊर्जा पर आधारित एक आदर्श गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को सस्ती और स्वच्छ बिजली प्रदान करना है, साथ ही गांव में उत्पन्न अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर आर्थिक लाभ प्राप्त करने का अवसर भी मिलेगा।

योजना के तहत जिले में 2 हजार की आबादी वाले गांवों में से एक गांव का चयन करने की शर्त है। 2011 की जनगणना के मुताबिक जिले में ऐसे 32 गांव हैं, जिनकी जनसंख्या 2000 से अधिक है, ऐसे में योजना को व्यापक बनाने के लिए इसमें ग्राम पंचायतों को शामिल करने का उच्च स्तर पर आग्रह किया गया है।

उपायुक्त ने बताया कि मॉडल सौर गांव में सामुदायिक सौर संयंत्र, रूफटॉप सोलर प्लांट, सोलर पंपिंग सिस्टम, घरों में सोलर लाइट्स और गांव में स्ट्रीट लाइट्स लगाने जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। इसे लेकर हुई बैठक में योजना की प्रगति और जिले में इसके कार्यान्वयन की रणनीति पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को उनके छतों पर 3 किलोवाट तक की क्षमता वाले ग्रिड-कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट पर सब्सिडी मिलेगी। 2 किलोवाट तक की क्षमता पर प्रति किलोवाट 33,000 रुपए और अतिरिक्त 1 किलोवाट पर 19,800 रुपए की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत घर में उत्पादित सौर ऊर्जा का उपयोग घर की बिजली की जरूरतों को पूरा करने में किया जा सकेगा।

सौर संयंत्र से उत्पादित अतिरिक्त बिजली को भी ग्रिड में भेजने का विकल्प उपलब्ध रहेगा, जिससे गांव के निवासियों को और अधिक लाभ प्राप्त हो सकेगा। बैठक में सहायक आयुक्त वरिंद्र शर्मा, हिम ऊर्जा के परियोजना निदेशक और डीएलसीसी के सदस्य सचिव सोहन लाल सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### आईटीआई ऊना में अप्रेंटिसशिप मेला 11 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** आईटीआई ऊना में 11 नवंबर को अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें सुखजीत एग्रो इंडस्ट्रीज़ टाहलीवाल, प्रीतिका ऑटो इंडस्ट्रीज टाहलीवाल, एमटी ऑटो क्राफ्ट बरोटीवाला, लीव गार्ड पॉवर टैक्नोलॉजी मुबारिकपुर, बायोजेंटा लाइफ साइंस बेला बाथड़ी, कुशल रोलर फ्लोर मिल्स टाहलीवाल और टाटा ट्रेनिंग पार्टनर एडुवांटेज प्राइवेट लिमिटेड कोलर, कर्नाटका की बड़ी कंपनियां भाग लेंगी। यह जानकारी आईटीआई के प्रधानाचार्य इंजीनियर अंशुल भारद्वाज ने दी।

रोजगार मेले में फिटर, टर्नर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशन, मशीनिस्ट, टूल एंड डाई मेकर, मकैनिक ट्रैक्टर्स, मकैनिक डीजल, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मकैनिक इलैक्ट्रॉनिक्स, कोपा, कारपेंटर, ऑटो इलैक्ट्रिशन व पलंबर ट्रेड में उत्तीर्ण अभ्यर्थी मेले में भाग ले सकते हैं। इंजीनियर अंशुल धीमान ने पात्र अभ्यर्थियों को इसका लाभ उठाने की अपील की है।

### मुख्यमंत्री जनहित के खिलाफ ले रहे फैसले : देवेंद्र भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

राज्य सरकार द्वारा डी क्लास के जो ठेकेदार बनते हैं, पहले उनकी रजिस्ट्रेशन जिला स्तर पर लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता के पास होती थी, लेकिन अब मुख्यमंत्री ने 50 वर्षों से चली आ रही प्रथा को बदलकर अब डी क्लास के ठेकेदारों की रजिस्ट्रेशन अब विभाग के चीफ इंजीनियर के पास करने की अधिसूचना जारी कर दी है, ताकि कोई नया ठेकेदार रोजी रोटी के लिए नया लाइसेंस न बना ले। मुख्यमंत्री के इस फैसले से राज्य में और बेरोजगारी फैलेगी। कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बन मैन आर्मी की तरफ जनहित के खिलाफ फैसले ले रहे हैं। कभी टैक्स में बढ़तरी तो कभी बिजली-पानी जो जनता को फ्री मिलता था, उस पर बिल अदायगी करवाने की अधिसूचना जारी करना। कभी मंच से संबोधन के ठेकेदारों पर अलग टेक्स लगाना और दूसरे दिन अपने बयान से मुखर जान, क्या यह मुख्यमंत्री पद की गरिमा है।

### सिख युवक से मारपीट करने वाले दोषियों पर हो कार्रवाई : जरनैल सनोली



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** शहीद भगत सिंह यूथ क्लब सनोली मजारा के प्रधान जरनैल सनोली ने अंब में सिख युवक के साथ हुई मारपीट पर रोष जाहिर करते हुए कहा है कि सिख युवक की पगड़ी उतारकर कैंशों से घिसटकर मारपीट पर उन दोषियों पर पुलिस प्रशासन को सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा, नहीं तो समस्त सिख जित्थेवदिंया को साथ लेकर रोष स्वरूप प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय विधायक राकेश कालिया से भी आग्रह किया है कि जल्द दोषियों पर कार्रवाई करवाएं।

### निपुण टेस्टिंग कैंप से लौटीं 9 रेंजर्स का स्वागत



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय उत्कृष्ठ महाविद्यालय ऊना की 9 रेंजर्स निपुण टेस्टिंग कैंप में भाग लेकर लौटी। यह कैंप राज्य प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर जिला मंडी में 23 से 27 अक्टूबर तक करवाया गया था। इसमें हिमाचल प्रदेश के लगभग सभी महाविद्यालयों की रेंजर्स ले भाग लिया जिसमे भिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई गईं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर मीता शर्मा ने इन रेंजर्स को प्रशस्ति पत्र देकर बधाई दी। यह जानकारी रोवर स्काउट लीडर डॉक्टर शाम सिंह बैंस और रेंजर्स लीडर डॉक्टर रंजू बनोटा ने दी।

### भंजाल के आदित्य और सौरभ राज्य प्रतियोगिता के लिए चयनित

**गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल के छात्र आदित्य कुमार ने जिलास्तरीय हाई जंप प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया और सौरभ ठाकुर ने जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है।

ये दोनों छात्र अब राज्य खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। यह जानकारी स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा, डीपीआई विनोद ठाकुर, अधीक्षक रजनी शर्मा ने दी। उधर विधायक राकेश कालिया एसएमसी प्रधान महेश कुमार पिंटा, पंचायत उपप्रधान राजेश ठाकुर ने छात्रों को चयनित होने पर बधाई दी है

**उपलब्धि** स्कूल पहुंचने पर खिलाड़ियों का किया भव्य स्वागत

# गुरपलाह स्कूल ने किया जिले की ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिले के हरोली ब्लॉक के राजकीय उच्च विद्यालय गुरपलाह के खिलाड़ियों द्वारा जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ एवं शानदार प्रदर्शन करने तथा जिला स्तर की तीन ट्रॉफियों पर शानदार जीत हासिल करने के बाद जिला की ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा किया। ट्रॉफियां लेकर विद्यालय पहुंचने पर इन खिलाड़ियों का स्कूल मुख्याध्यापक रंजीत सिंह की अगुवाई में स्कूल प्रशासन द्वारा फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया।




विजेता टीमों के खिलाड़ी स्कूल प्रबंधकों के साथ।

इस मौके पर इन खिलाड़ियों को विशेष रूप से पहुंची इसी विद्यालय की सेवानिवृत्त अध्यापिका कृष्णा पूरी ने दस स्पोर्ट्स किट प्रदान कर सम्मानित किया। अध्यापिका कृष्णा पूरी ने इन खिलाड़ियों को आगे भी हर यथासंभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। मुख्य अध्यापक रंजीत सिंह ने अपने संबोधन में इन विजेता खिलाड़ियों एवं इनके प्रशिक्षक यादविंद सिंह लबेरिया तथा कुश्ती कोच दविंद्र कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इन विजेता खिलाड़ियों द्वारा जिला की खेलकूद प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने ओर जिला की ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा करने से विद्यालय के साथ-साथ पूरे जिले में गांव का नाम भी रोशन हुआ है।

उन्होंने विद्यालय के दूसरे विद्यार्थियो को भी इन खिलाड़ियों की तरह जीवन में आगे बढ़ने के प्रति प्रेरित किया। प्रशिक्षक दविंद्र कुमार ने बताया कि जिला में अंडर-14 महिला कुश्ती प्रतियोगिता में भी गुरपलाह स्कूल के खिलाड़ियों ने सात गोल्ड, 5 सिल्वर और 3 कांस्य पदक जीत कर कुश्ती की ओवरऑल ट्रॉफी पर अपना परचम लहराया। उन्होंने बताया कि पुरुष वर्ग की अंडर -14 कुश्ती प्रतियोगिता में भी गुरपलाह स्कूल ओवरऑल ट्रॉफी हासिल करने के साथ-साथ पुरुष वर्ग की अंडर - 14 वॉलीबाल प्रतियोगिता में जिला स्तर पर विजेता रहा।

इस मौके पर अध्यापकों में अश्वनी सैनी, सतविंद्र कौर, सुनीता देवी, रजनी देवी, पूनम कुमारी, विजय कुमार, सुनीता कुमारी, कशिश कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बंगाणा कॉलेज की छात्रा जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

राजकीय महाविद्यालय बंगाणा राजकीय महाविद्यालय बंगाणा की छात्रा वैदेही शर्मा ने जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष पर आज महाविद्यालय बंगाणा महाविद्यालय प्रशासन द्वारा एक सम्मान समारोह रखा गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने छात्रा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर एनएनएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने बताया कि 28 अक्तूबर से 3 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत ऊना कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

भाषण प्रतियोगिता का विषय 'राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति' 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' था। इस भाषण प्रतियोगिता में ऊना जिले के 9 कॉलेजों के छात्र-छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें बंगाणा महाविद्यालय की छात्रा वैदेही शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर प्रोफेसर नंद लाल, टीम इंचार्ज प्रो. कामनी आदि मौजूद रहे।



वैदेही शर्मा पुरस्कार ग्रहण करते हुए।



# जल्द सुधरेगी सोलन के शामती बाइपास की हालत, पैचवर्क के लिए 23 लाख का हुआ टेंडर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन शहर में बढ़ते ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए शामती बाइपास का निर्माण तो हुआ पर तकनीकी खामियों और खस्ताहालत के कारण वाहन चालकों को इससे खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अब सड़क की खस्ताहालत को सुधारने के लिए लोक निर्माण विभाग ने बजट का प्रावधान किया है। लोक निर्माण विभाग सोलन ने इसकी मरम्मत के लिए 23 लाख रुपए का टेंडर लगा दिया है।

टेंडर लगने के बाद इसमें अब पेचवर्क का काम भी शुरू हो चुका है। सबसे पहले विभाग सब बेस को मजबूत करने में लगा हुआ है। उसके बाद पूरी सड़क में टारिंग होगी। विभाग का लक्ष्य है कि वह नवंबर एंड तक इस पूरे तरीके से ठीक कर दें, ताकि लोगों को इस सड़क से गुजरने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।



शामती- बाईपास सड़क।

बाइपास शामती सड़क पर ट्रैफिक का अधिक दबाव रहता है। यहां भारी मॉल वाहक गाड़ियां चलती हैं। लिहाजा सड़क की हालत भी खस्ता हो गई है। हालांकि सड़क की खस्ताहाल के अलावा तीखे मोड़ भी हमेशा से वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबक बने हैं। सड़क की खस्ताहाल के कारण वाहनों को भी नुकसान पहुंचता है। हालांकि जब यहां सड़क बनाई गई थी, तो उस समय भी इसकी गुणवत्ता को लेकर खूब सवाल उठे थे।

करीब 30 करोड़ की लागत से इसे बनाया गया है। इसे बनाने में समय भी ज्यादा लगा था। उसके बाद जब सड़क तैयार हो गई और लोगों की आवाजाही शुरू हुई इसके कुछ दिनों बाद ही इस सड़क पर बड़े-बड़े खड्डे पड़ गए। आलम यह रहा कि शामती की तरफ से तो एक दो जगह सड़क धस भी गई। ऐसे में विभाग की भी खूब किरकिरी हुई। यह सड़क 5:30 किलोमीटर लंबी है। (अनंत ज्ञान)

> शामती- बाइपास सड़क की मरम्मत के लिए 23 लाख रुपए का टेंडर हुआ है। पहले सड़क के बेस को मजबूत किया जाएगा और इसके बाद सड़क पर टारिंग होगी। सड़क पर पैच वर्क को ठीक करने का काम भी शुरू हो चुका है।
> **रवि भट्टी, एक्सइएन, पीडब्ल्यूडी, सोलन।**

# एनएच-707 के निर्माण में नियमों की अनदेखी पर एनजीटी सख्त

**नाहन।** राष्ट्रीय राजमार्ग-707 पांवटा साहिब शिलाई लालढांग निर्माण कार्य को लेकर एनजीटी ने सड़क परिवहन एवं हाईवे मंत्रालय को निर्देश दिए हैं कि 9 जनवरी तक सड़क मार्ग की रिपोर्ट प्रेषित करें कि निर्माण कार्य में दोषी पाई गई कंपनियों ने किस तरीके से नियमों को अनदेखा किया है और उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की जा सकती है।

मामले को लेकर समाजसेवी नाथूराम चौहान नाहन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे, जिन्होंने यह मुद्दा एनजीटी के सामने उठाया था। मामले में सुनवाई हुई थी, जिसके बाद एनजीटी ने 6 सप्ताह का समय रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए कहा है, ताकि दोषी कंपनियों के खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाई जा सके। नाथूराम चौहान ने कहा कि नियमों की अनदेखी कर यहां पर्यावरण को बड़ा नुकसान पहुंचाया गया है और लगातार अवैध तरीके से सड़क का निर्माण कार्य जारी है। नाथूराम चौहान ने कहा कि एनजीटी ने इससे पूर्व अपने आदेशों में दोषी कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे, मगर एनजीटी के निर्देशों पर डीसी सिरमौर के आदेशों को संबंधित विभागों के अधिकारियों ने पालना नहीं की है, जिस पर एनजीटी ने नाराजगी जाहिर की है।

# काली मठ के पीठाधीश्वर शरभेश्वरा नंद भैरव ने की राज्यपाल से भेंट



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मिलते काली मठ के पीठाधीश्वर शरभेश्वरा नंद भैरव।

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजगढ़ की करगानू पंचायत के करोड़ गांव में स्थित काली मठ के पीठाधीश्वर शरभेश्वरा नंद भैरव ने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से गवर्नर हाउस शिमला में भेंट की व उन्हें मां भद्रकाली की चुनरी व स्मृति चिन्ह भेंट की।

पिछले दिनों काली मठ में मूर्ति स्थापना के अवसर पर राज्यपाल ने विशेष तौर पर वीडियो कॉल कर अपनी उपस्थित दर्ज करवाई थी। मठ के पीठाधीश्वर ने राज्यपाल से मिलकर उन्हें मठ में पधारने का निमंत्रण भी दिया मूर्ति स्थापना दिवस पर अपनी शुभकामनाएं भेजने के लिए धन्यवाद भी दिया। स्वामी शरभेश्वरा नंद ने बताया कि मठ का निर्माण कार्य जल्दी ही प्रारंभ होने वाला है। मां भद्रकाली मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा हो गई है, जहां आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण हो रही हैं तथा नित्य प्रति पूजा पाठ हवन यज्ञ चलता रहता है। धीरे-धीरे भक्तों की संख्या भी बढ़ रही है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि मां भद्रकाली का यह कालीमठ साधकों के लिए साधना करने के लिए उचित स्थान होगा और यह पूर्ण रूप से सनातन परंपराओं पर आधारित होगा।

## अर्की पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ी अवैध शराब की बड़ी खेप

# 143 पेटी अंग्रेजी व देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, अर्की**

अर्की पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत अवैध शराब तस्करों पर रखी जा रही पैनी निगाह के चलते गत रात्रि लगभग 143 पेटी अंग्रेजी व देसी शराब पकड़ने में कामयाबी पाई है।

डीएसपी संदीप शर्मा का कहना है कि एसपी सोलन के दिशा-निर्देश व मार्गदर्शन के चलते गत रात्रि थाना प्रभारी पुलिस स्टेशन अर्की लेखराम अपनी टीम के अन्य सदस्यों एएसआई सतपाल आरक्षी प्रदीप, गृह रक्षक जसवंत, राजेंद्र, बलदेव, खेमसिंह के साथ क्षेत्र में प्रतिदिन की भांति गशत, चैकिंग व नाकाबंदी पर थे। इस दौरान वह शिमला-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर गलोग के समीप एक पिक-अप वाहन जिला शिमला की तरफ से अर्की शालाघाट की तरफ आती दिखी, जिसे हेड कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार ने चेकिंग के लिए रोका। पिकअप वाहन चालक के साथ एक अन्य युवक भी बैठा था। पूछताछ के दौरान वाहन चालक ने अपना नाम अक्षय पुत्र देवीलाल निवासी गांव मजाट डा. टुटु तह. व जिला शिमला व दूसरे युवक ने अपना नाम अर्जुन पुत्र सुरेश कुमार निवासी गांव मजाट डा. टुटु तह. व जिला शिमला बताया। चैकिंग के दौरान गाड़ी चालक से गाड़ी के कागज मांगने पर वह गाड़ी के कागजात पेश करने में असफल रहा, जब पिकअप की तलाशी ली गई, तो उसमें 143 पेटी वाहन में पाई गई। सूत्रों के अनुसार यह शराब ढली से मंडी ले जाई जा रही थी।



डीएसपी संदीप शर्मा ने बताया कि आबकारी एकट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई के साथ उनके पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी जांचने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# कांग्रेस ने विफलताओं को ही सरकारी दस्तावेज घोषित किया : विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा प्रवक्ता विवेक शर्मा ने सरकार की गारंटी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हिमाचल की जनता को कांग्रेस की गारंटियों ने ऐसा ठगा, जैसे कि देवो के देव महादेव के भोलेपन को भस्मासुर ने ठगा था।



ऐसा अभय दान मांगा लिया था कि महादेव को ही भस्म करने का प्रयास करने लगा था। कुछ ऐसा ही प्रयास प्रदेश की जनता के साथ कांग्रेस के हाथ की वास्तविकता कर रही है। प्रतिवर्ष एक लाख रोजगार, ओपीएस का वादा, महिलाओं को आर्थिक सशक्त करने का इरादा, जिस पर हाथ पड़ता है। वही व्यवस्था भस्म हो जाती है। रोजगार की तलाश में बढ़ती उम्र के साथ रिजल्ट के इंतजार में युवा डेढ़ वर्ष तक हमीरपुर चयन आयोग के पुनर्गठन का इंतजार करते रहे। गठन होते ही युवाओं के सिर पर हाथ दिया व 170000 पदों को भस्म कर दिया। दृष्टिहीनों को सड़क पर खड़ा कर दिया, वन विभाग का इंजीनियरिंग विभाग ही समाप्त कर दिया। बिजली बोर्ड के 81 चालकों को निकालने का फतवा जारी कर दिया। विभाग के 51 पदों को ही समाप्त कर दिया। हिमाचल विश्वविद्यालय के 300 कर्मचारियों को नवंबर माह के अंत तक कोई अन्य रोजगार देखना होगा। गत वित्तीय वर्ष में लगभग 10,000 से अधिक आउटसोर्स कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा चुकी व्यवस्था परिवर्तन सरकार 1200 से अधिक संस्थान बंद कर चुकी है। सरकार ने जिसके ऊपर हाथ रखा, वही भस्म हो गया।

# नगर परिषद के अध्यक्ष ने ग्रहण की शपथ

## सुरजीत चौधरी ने सीएम तथा सीपीएस व सभी पार्षदों का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

एसडीएम बद्दी विवेक महाजन ने मंगलवार को नवनिर्वाचित नगर परिषद बद्दी के अध्यक्ष सुरजीत चौधरी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य संसदीय सचिव (उद्योग, राजस्व एवं नगर नियोजन) एवं दून के विधायक राम कुमार चौधरी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राम कुमार चौधरी ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र बद्दी को स्वच्छ बनाने के लिए सभी एकजुट होकर कार्य करेंगे। नव निर्वाचित अध्यक्ष के साथ अब बद्दी क्षेत्र को और सुंदर व स्वच्छ बनाया जाएगा और जनहित के कार्यों को प्रमुखता से किया जाएगा। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि क्षेत्र के विकास में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।



नगर परिषद बद्दी के नए अध्यक्ष को शपथ दिलाने के बाद एकत्रित लोग।

बद्दी नगर परिषद क्षेत्र में आवश्यतानुसार पेयजल, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाओं को और सुदृढ़ बनाया जाएगा। नगर परिषद बद्दी के अध्यक्ष सुरजीत चौधरी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा मुख्य संसदीय राम कुमार चौधरी व सभी पार्षदों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस समिति के उपकोषागार एवं नगर परिषद बद्दी के पूर्व अध्यक्ष मदन लाल चौधरी, खंड कांग्रेस दून के अध्यक्ष कुल्तार सिंह, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष तरसेम चौधरी, उपाध्यक्ष मोहन चौधरी, दून इंटक के अध्यक्ष संजीव सहित अन्य पार्षदगण उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### नगर पंचायत अर्की में हर घर से उठेगा कूड़ा

**अर्की।** नगर पंचायत अर्की में हर घर से कूड़ा उठाने वाले वाहन को सीपीएस व स्थानीय विधायक संजय अवस्थी ने हरी झंडी दिखाकर नगर वासियों को समर्पित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अर्की नगरवासियों द्वारा एकत्रित किए गए कूड़े को कूड़ा डंप पर लेजाने में लाभ मिलेगा। इस सुविधा से नगरवासियों को कूड़े-करकट से निजात मिलेगी। हालांकि पहले ही एक वाहन इस कार्य में लगा हुआ है, लेकिन इस वाहन से सफाईकर्मियों को अपने कार्य में लाभ होगा। वहीं, नगर पंचायत अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने कहा कि हर घर से कूड़ा कचरा एकत्रित किया जाता रहा है। पहले बड़ी गाड़ी नगर की गलियों में नही जा पाती थी, लेकिन अब छोटा वाहन हर गली में जाएगा, जिससे लोगों को इसकी सुविधा होगी। इस मौके पर नगर पंचायत सचिव अभिनव शर्मा, पार्षद व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### 250 रोगियों ने करवाई निशुल्क स्वास्थ्य जांच

**बीबीएन।** नालागढ़ में रविवार को मेघा स्वास्थ्य जांच शिविर व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नालागढ़ के विधायक हरदीप बावा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। स्वास्थ्य जांच शिविर में 250 रोगियों की स्वास्थ्य जांच की तथा 29 लोगों ने रक्तदान किया। नालागढ़ के पुराने छात्र स्कूल में लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मनवीर सिंह, लेप्रोस्कोपी सर्जन डॉ. पलविंद्र जीत सिंह, डॉ. सतविंद्र पाल सिंह संधू, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनकर मित्तल, नेरो सर्जन डॉ. दीपक त्यागी व मेडिसन विशेषज्ञ डॉ. दीपक त्यागी ने रोगियों की जांच कर रोगियों को मुफ्त दवाइयां बांटी। आयोजक व समाजसेवी नरेंद्र सिंह ने बताया कि इस दौरान रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें नालागढ़ की ब्लड बैंक की टीम ने रक्तदान एकत्रित किया। नालागढ़ के विधायक हरदीप बावा ने भी रक्तदान किया। शिविर के दौरान लंगर की भी व्यवस्था की गई। इस मौके पर एसडीएम राजकुमार, परमिंद्र कौर बावा, नप अध्यक्ष वंदना बंसल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हुसन ठाकुर, उजागर चौधरी, पार्षद अमरिंदर सिंह भिंडर, हरबिंद्र सिंह, जस्सी, हरप्रीत सिंह, दीदार सिंह, इंदरजीत सिंह, हरबंस सिंह, महेंद्र सिंह, रविंद्र गोला, गुरदीप सिंह, हरजीत सिंह, भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज का उद्घाटन आज

**पांवटा साहिब।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) सिरमौर में बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज कार्यक्रम का उद्घाटन 6 नवंबर को होगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से आईआईएम सिरमौर के सिटी कैंपस में आयोजित किया जाएगा। आईआईएम सिरमौर के निदेशक और कार्यक्रम अध्यक्ष के अलावा मुख्यातिथि और उद्योग के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ इस अवसर पर अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की दीप प्रज्वलन के साथ शुरुआत होगी। इसके बाद भोजन का आयोजन किया जाएगा। आईआईएम सिरमौर के इस नए कार्यक्रम की शुरुआत एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो छात्रों को विश्व स्तरीय प्रबंधन शिक्षा प्रदान करेगा।

## कल बिजली रहेगी बंद

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजलर बोर्ड सोलन की ओर से प्राप्त सूचना के अनुसार 33/11 केवी उपकेंद्र बसाल के रखरखाव के दृष्टिगत 7 नवंबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि 7 को प्रात: 10 से दोपहर 1 बजे तक हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड कार्यालय कांप्लेक्स में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी दिन दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक पोस्ट ऑफिस, सुगंधा अपार्टमेंट, डोमिनोज, जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय एवं आस-पास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# कंडाघाट में ट्रक ने कार को मारी टक्कर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नेशनल हाईवे-5 पर मंगलवार को कंडाघाट की ओर आ रही एक कार को गैस सिलेंडरों से भरे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे के समय कार में दो महिलाएं सवार थीं, लेकिन सौभाग्यवश इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना की जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना उस समय हुई, जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार पर पीछे से जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर ट्रैफिक जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और सड़क से जाम हटाने के प्रयास में जुट गई। पुलिस ने यातायात को सामान्य करने के लिए त्वरित कार्रवाई की और जाम को जल्द खुलवाया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक और कार सवार महिलाओं से पूछताछ की जा रही है और हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज गति के कारण यह दुर्घटना हुई और ट्रक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे यह हादसा पेश आया। इस हादसे ने क्षेत्र में यातायात व्यवस्था और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता की जरूरत को एक बार फिर से उजागर किया है। वहीं, मामले की पुष्टि सोलन एसपी गौरव सिंह ने की।



कंडाघाट में ट्रक और कार की टक्कर के बाद मौके पर पहुंची पुलिस।

# 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र नागरिक मतदाता सूची में दर्ज करवाएं नाम : विकास शुक्ला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने कहा कि 23-कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के सभी 157 मतदान केंद्रों में फोटो युक्त मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण वर्ष-2025 के मद्देनजर 9 व 10 नवंबर तथा 23 व 24 नवंबर को विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जा रहा है।

इसमें वे सभी पात्र मतदाता जो 1 जनवरी, 2025 तक 18 वर्ष या उससे अधिक की आयु पूरी करते हैं तथा अभी तक संबंधित मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं, वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करने के लिए प्रारूप 6 में आवेदन करेंगे, जिनके लिए आवश्यक दस्तावेज के रूप में जन्मतिथि, आयु प्रमाण पत्र और वर्तमान निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रतियां और एक पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो, जिसमें पूरे चेहरे के सामने की आकृति स्पष्ट हो उसको भी संलग्न करना होगा। इसके अतिरिक्त कोई भी योग्य मतदाता जो वर्ष 2025 में 1 अप्रैल, 2025, 1 जुलाई, 2025 या 1 अक्तूबर, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते हो, वो भी निर्वाचक नामावली में अपना नाम दर्ज करने के लिए प्रपत्र 6 में अग्रिम आवेदन कर सकते हैं तथा निर्वाचक नामावली में उनका नाम सम्मिलित करने पर संबंधित तिमाही में विचार किया जाएगा।

# आयुष विभाग ने 223 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

किन्नौर महोत्सव में आयुष विभाग किन्नौर की ओर से जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा के नेतृत्व में चार दिवसीय आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ. शालिनी गुप्ता, डॉ. सूरज नेगी, नेगी, डॉ. दीपमाला ने 223 लोगों को चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया और आयुर्वेदिक दवाइयां दीं। योग प्रशिक्षक सीमा नेगी की ओर से प्रशिक्षित छात्रों ने योग प्रदर्शन किया व योग प्रतियोगिता भी कार्रवाई गई। जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदू शर्मा ने कहा कि जिले में आयुष सुविधाओं में बीते समय में काफी बढ़ोतरी हुई है। इसी कड़ी में जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में क्षार सूत्र और पंचकर्म चिकित्सा से कई लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस बार विभाग की ओर से किन्नौर महोत्सव पर 223 मरीजों की जांच की गई व लोगों को आयुष पद्धतियों के बारे में अवगत करवाया, जिससे जिले में लोगों का रुझान आयुर्वेद की तरफ बढ़े। (अनंत ज्ञान)



किन्नौर महोत्सव में आयुष विभाग किन्नौर की ओर से जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा के नेतृत्व में चार दिवसीय आयुष चिकित्सा शिविर के आयोजन पर मौजूद सीएम।

# श्री श्याम जन्मोत्सव पर जागरण, भव्य निशान यात्रा और शोभायात्रा 12 को

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

श्री माता वैष्णो देवी सेवा समिति बद्दी द्वारा खाटू श्याम भगवान के जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

12 नवंबर को बद्दी के दशहरा मैदान में श्री श्याम जन्मोत्सव के अंतर्गत जागरण का आयोजन होगा। वहीं, भव्य निशान यात्रा व शोभायात्रा का आयोजन होगा। संस्था के प्रधान दीपक गर्ग, उपप्रधान कश्मीरी लाल बंसल, आदिश जैन, मोहन लाल बंसल व मनीष जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम व भजन संध्या सुश्री अधिष्टा, अनुष्का मंदसौर मध्य प्रदेश, विशाल मित्तल बद्दी, प्रेम राज चंडीगढ़, काजल मलिक करनाल व राकेश कुमार चंडीगढ़ मंगलवार को भजन संध्या में अपनी छटा बिखेरेंगे। इसके बाद समिति के सदस्यों ने बद्दी के अधिकारियों को श्याम जन्मोत्सव के निमंत्रण बांटे और आने का आग्रह किया। समिति ने सर्वप्रथम एसपी बद्दी इल्मा अफरोज को निमंत्रण पत्र दिया। एसपी ने इस कार्य के लिए माता वैष्णो देवी सेवा समिति बद्दी को बधाई दी।



श्री श्याम जन्मोत्सव आयोजन का निमंत्रण पत्र एसपी को देते संस्था के पदाधिकारी।

**संवाद** बद्दी पुलिस ने औद्योगिक महिला वर्कर्स की सुरक्षा को और ज्यादा सशक्त बनाने के लिए नई रणनीति की तैयार

# महिला वर्कर्स की व्यथा जानने के लिए औचक निरीक्षण करेंगी एसपी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

पुलिस जिला बद्दी की औद्योगिक महिला वर्कर्स की सुरक्षा को और ज्यादा सशक्त बनाने के लिए नई रणनीति तय की है, अब पुलिस के अधिकारी औद्योगिक क्षेत्रों में शाम को शिफ्ट समाप्ति के बाद बात कर उनकी समस्याओं को जानेंगे।

इसकी शुरुआत बद्दी की महिला एसपी इल्मा अफरोज ने पंचायत मलपुर के मलकूमाजरा रोड से की है। इस मुहिम का एकमात्र उद्देश्य है कि एशिया के सबसे बड़े औद्योगिक हब बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़, मानपुरा व झाड़माजरी में महिलाओं की सुरक्षा को और ज्यादा सुनिश्चित किया जाए। इस मुहिम की कमान एसपी बद्दी ने अपने हाथों में लेकर करने का निर्णय लिया और मोरपेन रोड से इसकी शुरुआत की।

एसपी ने यह काम ड्यूटी समय के बाद करने का निर्णय लिया है, जब अधिकांश अफसरशाही घरों में आराम फरमा रही होती हैं। इस योजना के तहत जैसे ही शाम 7 बजे इंडस्ट्रियल एरिया के कारखानों में शिफ्ट समाप्त होती है और महिला कामगार अपने घरों को जाती हैं, तो उनसे एसपी खुद जाकर संवाद करेंगी। संवाद का मकसद सिर्फ यह जानना है कि जब वह पैदल अपने घरों को जाती हैं, तो रास्ते में उनको कोई दिक्कत तो नहीं आती। महिलाएं कामगार अपने आवागमन को लेकर स्वयं को कितनी सुरक्षित महसूस करती हैं। बीबीएन में पड़ोसी राज्यों के साथ-साथ पूरे भारत की महिलाएं व युवतियां भारी संख्या में कार्य करती हैं।

### इन औद्योगिक क्षेत्रों में होगा संवाद



एसपी ने प्रेस वार्ता में बताया कि प्रथम चरण में मोरपैन रोड, लोदीमाजरा व मानपुरा से उसकी शुरुआत करेंगी। कभी वर्दी में तो कभी सादे वस्त्रों में 7 बजे के बाद महिला वर्कर्स से बातचीत की जाएगी, जब वो शिफ्ट के बाद अपने घरों को प्रस्थान कर रही होती हैं। महिलाएं एसपी को अपने दिल की बात खुलकर बात भी कर सकेंगी। एसपी बद्दी में हर कॉलोनी में जाकर संवाद कर रही है, लेकिन औद्योगिक महिलाएं उसमें शामिल नहीं हो पाती क्योंकि उनकी शिफ्ट 7 बजे समाप्त होती है और सुबह 8 बजे शिफ्ट शुरू हो जाती है। इल्मा अफरोज ने बताया कि सुरक्षा की भावना को और ज्यादा प्रबल बनाने और महिलाओं की समस्याएं जानने का इससे अच्छा मौका नहीं हो सकता। अगर मेरे विभाग से संबंधित कोई चीज आएगी, तो उसको तुरंत हल किया जाएगा और अगर प्रशासनिक स्तर का मसल होगा, तो सरकार को भेज दिया जाएगा।

### यह आती हैं दिक्कतें

**जब** भी महिला कामगार कंपनी से रात्रि शिफ्ट समाप्त कर निकलती हैं, तो अधिकांश कंपनियों के पास अपना व्हीकल नहीं होता, जिससे उनको पैदल ही घरों को जाना पड़ता है। बस पकड़ने के लिए अपनी कंपनी से 2 या तीन किमी पैदल जाना पड़ता है। न तो महिलाओं को आवागमन के लिए कोई मुद्रिका बस का प्रावधान सरकार ने किया है और न ही उनके रास्तों पर स्ट्रीट लाइटों का प्रावधान होता है, उनको अंधेरे में डूबे इंडस्ट्रियल एरिया की राहें नापनी पड़ती है।

# संतों ने महंत सच्चिदानंद पुरी की समाधि पर श्रद्धांजलि की अर्पित

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

प्राचीन शिव मंदिर कुंदला में महंत सच्चिदानंद पुरी के ब्रह्मलीन होने पर षोडशी भंडारे का आयोजन किया गया।

निरंजनी अखाड़े से संबंध रखने वाले महंत सच्चिदानंद पूरी जी को गत 22 अक्तूबर को ब्रह्मलीन होने पर शिव मंदिर कुंदला परिसर में ही संत समाज और उनके हजारों भक्तों द्वारा समाधि दी गई थी और हवन के आयोजन के बाद षोडशी क्रिया पूर्ण की गई। षोडशी भंडारे से पूर्व हरिद्वार व जगह-जगह से आए दर्जनों संतों ने उनकी समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उनके सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।



महंत सच्चिदानंद पुरी के ब्रह्मलीन होने पर जुटे साधु संत।

# भगवंत मान ने कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमले की निंदा की

## कहा- कनाडा सरकार के साथ मसला उठाए केंद्र सरकार

**एजेंसी, चंडीगढ़**



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को कनाडा के ब्रैम्पटन में एक हिंदू मंदिर पर हमले की निंदा की और केंद्र से भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए इस मुद्दे को कनाडा सरकार के समक्ष उठाने का आग्रह किया।

रविवार को ब्रैम्पटन में एक हिंदू मंदिर में खालिस्तानी झंडे लेकर आए प्रदर्शनकारियों की लोगों से झड़प हो गई थी।

मान ने बठिंडा में संवाददाताओं से कहा, ''मैं इस घटना की कड़ी निंदा करता हूं। मैं भारत सरकार से भी मांग करता हूं कि वह इस मुद्दे पर कनाडा सरकार से बात करे ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।''

उन्होंने कहा कि कई पंजाबी कनाडा को अपना दूसरा घर मानते हैं और कोई नहीं चाहता कि वहां ऐसी हिंसक घटना हो।

शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) के कार्यकारी अध्यक्ष बलविंदर सिंह भूंदड़ ने भी घटना की निंदा की और भारतीय मूल के लोगों से सांप्रदायिक आधार पर उन्हें बांटने की साजिशों को विफल करने की अपील की। भूंदड़ एक बयान जारी कर कहा, ''कनाडा में सिखों और हिंदुओं को सांप्रदायिक आधार पर बांटने की कोशिश की जा रही है। यह हमारे गुरु साहिबान की शिक्षाओं के खिलाफ है, जिन्होंने 'सरबत दा भला' (सबका कल्याण) की अवधारणा को आगे बढ़ाया है।'' उन्होंने कनाडा में रहने वाले हिंदू एवं सिख समुदायों के लोगों से अपील की कि वे अपनी साझा जड़ों को पहचानें और अत्यधिक संयम बरतें तथा सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखें।

भारत ने कहा है कि वह कनाडा में अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर ''गहरी चिंता'' में है।

भारत-कनाडा संबंध उत्तरी अमेरिकी देश द्वारा खालिस्तानी अलगाववादियों को कथित समर्थन और भारत द्वारा आतंकवादी घोषित किए गए कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में नयी दिल्ली की संलिप्तता के आरोपों को लेकर गहरे संकट में हैं।

**!ब्रैम्पटन में एक हिंदू मंदिर में खालिस्तानी झंडे लेकर आए प्रदर्शनकारियों की लोगों से हुई थी झड़प**

# चंडीगढ़ की एंजल कौशल बनी राजस्थान में सिविल जज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



सपनों को हकीकत में बदलने के लिए मेहनत और संकल्प का होना जरूरी है और चंडीगढ़ की एंजल कौशल ने इसे सच कर दिखाया है। अपने पहले ही प्रयास में, एंजल ने राजस्थान सिविल जज कैडर परीक्षा में 33वां रैंक हासिल कर न केवल अपने माता-पिता बल्कि पूरे चंडीगढ़ का नाम रोशन किया है। एंजल की इस सफलता से उसके परिवार और दोस्तों में गर्व का माहौल है।

एंजल के पिता रजनीश कौशल सेक्टर-17 स्थित पोस्ट ऑफिस में कार्यरत हैं। उन्होंने गर्व से कहा कि एंजल बचपन से ही मेहनती रही है और उसका सपना था कि एक दिन वह जज बनेगी। इस सपने को साकार करने के लिए एक बेहतरीन लीगल इंस्टीट्यूट की जरूरत थी और इसके लिए हमने एपेक्स लीगल इंस्टीट्यूट को चुना।

एंजल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय पटियाला छावनी से पूरी की और बीए, एलएलबी महर्षि मारकंडेश्वर यूनिवर्सिटी, मुलाना, अम्बाला से की। मूल रूप से पटियाला निवासी और वर्तमान में सेक्टर 27-सी, चंडीगढ़ में रहने वाली एंजल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरु डायरेक्टर आर. वर्मा (एडवोकेट) को दिया। उन्होंने बताया कि उनके गुरु के विधिक ज्ञान और मार्गदर्शन ने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा रिटायर्ड सेशन जज नाज्जर, रिटायर्ड जिला सरकारी वकील राकेश बहादुर और एडवोकेट अनमोल का भी उन्हें भरपूर सहयोग मिला।

एंजल ने एपेक्स लीगल इंस्टीट्यूट से कोचिंग प्राप्त की और जज बनने पर संस्थान ने उन्हें सम्मानित भी किया।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम धामी ने पुस्तक का विमोचन किया



**अनंत ज्ञान, देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को प्रेमनगर स्थित एक स्कूल में मेजर जनरल जीडी बख्शी (से. नि.) की पुस्तक 'ए हिस्ट्री आफ हिन्दुइज्म' का विमोचन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुस्तक पाठकों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। जीडी बक्शी एक सैन्य अधिकारी के साथ महान राष्ट्रवादी और विभिन्न विषयों के जानकार एवं विचारक भी हैं। सामरिक मामलों के विशेषज्ञता के साथ ही उन्होंने सेना में अनेक विशिष्टाएं प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'ए हिस्ट्री आफ हिन्दुइज्म' पुस्तक, इतिहास, सभ्यता और सांस्कृतिक धरोहरों को नई दृष्टि से प्रस्तुत करने का बेहतरीन प्रयास है। इस पुस्तक में हमारे महान धर्म की सांस्कृतिक परंपराएं, आत्मा की अभिव्यक्ति एवं विरासत का व्यापक और समावेशी उल्लेख किया गया है। पुस्तक में बताया गया है कि कैसे हमारी सभ्यता ने ज्ञान विज्ञान, दर्शन और आधुनिकता के माध्यम से समूचे विश्व को दिशा देने काम किया है। पुस्तक में युद्ध कला, वैदिक दर्शन, योग जैसी परंपराओं का उल्लेख करते हुए युवा पीढ़ी को उससे परिचित करवाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा सनातन संस्कृति विश्व की सबसे पुरानी संस्कृति है। हमारे धर्म में अनेक पहलू ऐसे हैं जो हमें सबसे अलग और सर्वश्रेष्ठ बनाते हैं।

### सड़क 6 से 16 नवंबर तक रहेगी बंद

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ सेक्टर 46/47 के निकट डिवाइडिंग रोड साइकिल ट्रैक पर पाइप लाइन, सेक्टर 46/47/31/32 के गोल चक्कर से सेक्टर 46/47, चंडीगढ़ के छोटे चौक तक 800 मिमी आई/डीएमएस बिछाने जा रहा ह । इस कार्य के चलते सेक्टर 46/47 डिवाइडिंग रोड की ओर जाने वाली सड़क की कटिंग की जाएगी और यह सड़क 6 से 16 नवंबर तक सुबह 10 से रात्रि बजे तक बंद रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### होशियारपुर में बैंक्वेट हॉल में लगी आग

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर जिले में सैला खुर्द गांव स्थित एक बैंक्वेट हॉल में मंगलवार को आग लग गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। उसने बताया कि आग तेजी से फैली और कुछ ही मिनट में पूरे बैंक्वेट हॉल को अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस ने बताया कि गढ़शंकर, कुआंतम पेपर मिल, सैला खुर्द और शहीद भगत सिंह नगर से दमकल गाड़ियों को मौके पर आग बुझाने के लिए भेजा गया।

### हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र 13 से

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र 13 नवंबर से शुरू होगा। राज्य की 15वीं विधानसभा का यह पहला पूर्ण सत्र होगा। नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार के 17 अक्तूबर को शपथ ग्रहण के बाद, विधानसभा की बैठक 25 अक्तूबर को हुई थी, लेकिन उसी दिन नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाने तथा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुने जाने के बाद सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। राज्य विधानसभा सचिवालय की अधिसूचना के अनुसार, ''हरियाणा विधानसभा, जिसे 25 अक्तूबर को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था, अब बुधवार, 13 नवंबर को दिन में 11 बजे बैठक करेगी।'' वहीं, विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि 13 नवंबर को सत्र शुरू होने से पहले कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें सत्र के दौरान किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र की अवधि भी बीएसी की बैठक में तय की जाएगी। उन्होंने सभी विधायकों से पूरी तैयारी के साथ सत्र में भाग लेने की अपील की।

### शारदा सिन्हा की हालत नाजुक, पीएम ने ली जानकारी

**नई दिल्ली।** प्रख्यात लोक गायिका शारदा सिन्हा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में वेंटिलेटर पर हैं और उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। शारदा सिन्हा पिछले कुछ दिनों से एम्स में भर्ती हैं। शारदा सिन्हा के पुत्र अंशुमान सिन्हा ने अपनी मां के फेसबुक अकाउंट से एक लाइव वीडियो में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को शारदा सिन्हा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। सिन्हा (72) एक भारतीय लोक और शास्त्रीय गायिका हैं, जो बिहार से ताल्लुक रखती हैं। पद्म भूषण से सम्मानित शारदा को उनके भोजपुरी और मैथिली लोक गीतों के लिए जाना जाता है।

### संजय वर्मा बने महाराष्ट्र के नए डीजीपी

**मुंबई।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी संजय कुमार वर्मा को मंगलवार को महाराष्ट्र का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विधि एवं प्रौद्योगिकी महानिदेशक के तौर पर सेवा दे रहे 1990 बैच के अधिकारी वर्मा रश्मि शुक्ला का स्थान लेंगे। प्रमुख विपक्षी दलों की शिकायतों के बाद निर्वाचन आयोग ने राज्य पुलिस प्रमुख के पद से शुक्ला को हटाने का निर्देश दिया था।

### डॉक्टरों ने चार्जशीट में खामियों का आरोप लगाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सरकारी अस्पतालों के प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार को आरोप लगाया कि आरजी कर अस्पताल में उनकी सहकर्मी की हत्या एवं बलात्कार मामले में सीबीआई की ओर से दायर चार्जशीट में कई खामियां हैं। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जूनियर डॉक्टरों के संगठन पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट (डब्ल्यूबीजेडीएफ) ने फोरेंसिक जांच के लिए अपराध स्थल से नमूने भेजने में ज्यादा देरी होने का दावा करते हुए जवाब मांगा है। प्रदर्शनकारियों के एक प्रतिनिधि ने चार्जशीट में महत्वपूर्ण मुद्दों पर जवाबों की कथित कमी का जिक्र करते हुए पूछा, सबूत एकत्र करने की तिथि से लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेजने में पांच दिन क्यों लगे?

### मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और अन्य को नोटिस

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को आरटीआई (सूचना का अधिकार) कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा की ओर से दायर उस रिट याचिका पर मुख्यमंत्री सिद्धरमैया एवं अन्य को नोटिस जारी किया, जिसमें मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) द्वारा जमीन आवंटन करने संबंधी मामले को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने सिद्धरमैया की पत्नी पार्वती बीएम, उनके रिश्तेदार मल्लिकार्जुन स्वामी, भारत संघ, राज्य सरकार, सीबीआई और लोकायुक्त को भी नोटिस जारी किया और लोकायुक्त को मामले में अब तक की गई जांच को रिकार्ड में पेश करने का निर्देश दिया।

### राहुल गांधी ने रायबरेली में की पूजा



**लखनऊ।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। उन्होंने नगर निगम की ओर से करवाए गए सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन किया। राहुल चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर उतरे और सड़क मार्ग से अपने निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली के लिए रवाना हो गए। राहुल ने सबसे पहले जिले की सीमा चुरुवा पर स्थित मंदिर में पहुंचकर हनुमान जी की पूजा की। उसके बाद उन्होंने वहां मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

# अल्मोड़ा : अधिक भीड़ और तेज गति से हुई बस दुर्घटना

**एजेंसी, देहरादून**

उत्तराखंड के अल्मोड़ा में भीषण बस दुर्घटना के बाद जीवित बचे घायल यात्रियों ने इस हादसे के संभावित कारण के रूप में अधिक भीड़भाड़, तेज गति और तकनीकी खामियों समेत अन्य वजहें गिनाई हैं। घायलों में से कई लोगों का यहां के विभिन्न अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है।

दिवाली के बाद काम पर लौट रहे यात्रियों से खचाखच भरी बस सोमवार को उत्तराखंड के अल्मोडा जिले में गहरी खाई में गिर गई, जिससे उसमें सवार 60 से अधिक यात्रियों में से कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई।

निजी 'गढ़वाल मोटर मालिक यूनियन' द्वारा संचालित 43 सीट वाली बस गढ़वाल क्षेत्र के पौड़ी से लगभग 250 किमी दूर कुमाऊं के रामनगर की ओर जा रही थी। इस दौरान 27 लोग घायल हो गए जिनमें से चार की हालत गंभीर है।

रामनगर के रामदत्त जोशी अस्पताल में इलाज करा रहे पांच लोगों में से एक करण ने कहा, ''32 सीट वाली बस में 60-65 लोग थे। हमने अचानक टायर के फटने जैसी एक आवाज सुनी और बस खाई में गिर गई।''

उन्होंने कहा, ''बस क्षमता से अधिक भरी हुई थी। सभी सीट भरी होने के कारण बस में कम से कम 20 यात्री खड़े थे।''

एक अन्य यात्री ने भी दावा किया कि वाहन क्षमता से अधिक भरा हुआ था।

## चुनाव में प्रशासन ने मेरी जान लेने की कोशिश की : अनिल विज



**चंडीगढ़ ।** हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने सनसनीखेज दावा करते हुए अपने ही प्रशासन पर जान लेने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। अनिल विज के इस दावे से हरियाणा की राजनीति में हड़कंप मच गया है।

अनिल विज ने आरोप लगाया कि हरियाणा चुनाव में प्रशासन ने उन्हें हरवाने की कोशिश की और उनकी जान लेने की साजिश रची गई। उन्होंने एक कार्यक्रम में यह दावा किया। बता दें कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में अनिल विज अंबाला कैंट सीट से सिर्फ 7,277 वोटों के अंतर से चुनाव जीते हैं।

# राधास्वामी सत्संग ब्यास के प्रमुख ने की हरियाणा के मुख्यमंत्री से उनके घर पर भेंट

**एजेंसी, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को राधास्वामी सत्संग व्यास (आरएसएसबी) के प्रमुख गुरिंदर सिंह ढिल्लों से मिले और 'मानवता की सेवा' में इस संप्रदाय के प्रयासों की प्रशंसा की।

सैनी ने यहां अपने सरकारी निवास संत कबीर कुटीर में ढिल्लों से भेंट के दौरान कहा कि मानवता की सेवा तथा सामाजिक समरसता के लिए आरएसएसबी द्वारा निरंतर किया जा रहा कार्य अद्भुत और प्रेरणादायक है।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री ने ढिल्लों का अभिवादन करते हुए अपनी और अपनी पत्नी सुमन सैनी की तस्वीरें साझा कीं। सैनी ने पोस्ट में कहा, ''समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने में संतों एवं महापुरुषों ने सदैव अतुलनीय भूमिका निभाई है। मानवता की सेवा एवं सामाजिक समरसता के लिए आरएसएसबी द्वारा निरंतर किया जा रहा कार्य अपने आप में अद्भुत एवं प्रेरणादायी है।'' सैनी ने यह भी आशा जतायी कि संतों के आशीर्वाद से राज्य में खुशहाली एवं समृद्धि आयेगी तथा लोगों का जीवन बेहतर होगा।

## देश-विदेश

# उत्तरी गाजा पर इसराइल के हवाई हमले, 30 लोगों की मौत

**एजेंसी, दीर अल बला**

**इसराइल** ने उत्तरी गाजा में हवाई हमले किए हैं। इन हमलों में कम से कम 30 लोगों की मौत हुई है, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं।

फिलीस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल लाया गया। निदेशक हुस्साम अबू सफिया ने बताया कि बेत लहिया शहर की इमारत पर हमला, जिसमें कई परिवार शरण लिये हुए थे। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की आपात सेवा की ओर से जारी मृतकों की सूची में आठ महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं। इसराइल की सेना की ओर से इस मामले में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।



## सीरिया की राजधानी के पास के क्षेत्रों को बनाया निशाना

**दमिश्क/यरूशलम।** इसराइल ने हवाई हमलों के जरिए सीरिया की राजधानी दमिश्क के निकटवर्ती क्षेत्रों को निशाना बनाया है। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इसराइल ने सोमवार शाम को दमिश्क के दक्षिण में कई नागरिक स्थलों को निशाना बनाया।

## राहुल के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर ( उप्र )।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली के सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में मंगलवार को सुनवाई यहां की विशेष अदालत के न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण टल गई। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी और भाजपा नेता विजय मिश्रा ने 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मानहानि का परिवाद सांसदों व विधायकों से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत में दर्ज कराया था। विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि अब 23 नवंबर को सुनवाई होगी। राहुल के विरुद्ध मानहानि का परिवाद दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल की कथित अभद्र टिप्पणी से उनकी भावना आहत हुई है।

# छठ पर 12,000 करोड़ का व्यापार होने का अनुमान: कैट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**करवाचौथ,** धनतेरस और दीपावली के बाद अब देश में चार दिवसीय छठ की शुरुआत हो रही है। त्योहारी सीजन में बिक्री पर नजर रखने वाले कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की ओर से छठ पर्व पर अपेक्षित बिक्री के आंकड़े जारी किए हैं।

कैट के अनुसार, इस साल छठ पर पूरे देश में 12,000 करोड़ रुपए का व्यापार होगा। इसके अलावा, करीब 15 करोड़ लोग छठ पूजा से जुड़े अनुष्ठानों में भाग लेंगे। विशेष रूप से बिहार और झारखंड के लोगों की ओर से मनाया जाने वाला यह पर्व दिल्ली में हर वर्ष बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। दिल्ली में पूर्वांचल के लोगों की अच्छी-खासी आबादी है, जो कि चांदनी चौक, सदर बाजार, मॉडल टाउन, अशोक विहार, शालीमार बाग, पीतमपुरा, रानी बाग, उत्तम नगर, तिलक नगर में बसती है। कैट के महासचिव और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि छठ पूजा केवल एक धार्मिक त्योहार नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो सामाजिक एकता और समर्पण को दर्शाता है।

# आयकर कानून की समीक्षा के लिए आयकर विभाग को 6,500 सुझाव मिले

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आयकर** विभाग को आयकर अधिनियम की समीक्षा के संदर्भ में पिछले महीने हितधारकों से 6,500 सुझाव मिले हैं। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि बैठक में मल्होत्रा ने वित्त मंत्री को आयकर अधिनियम के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा के लिए 22 विशेष उप-समितियां गठित किए जाने की सूचना दी। इन समितियों ने आयकर कानून में किए जाने वाले संशोधनों का पता लगाने और सिफारिशें करने के लिए विशेषज्ञों के साथ कई बैठकें की हैं। मंत्रालय ने कहा कि समीक्षा बैठक के दौरान राजस्व सचिव ने बताया कि छह अक्टूबर को सुझाव का पोर्टल खोले जाने के बाद से अबतक 6,500 बहुमूल्य सुझाव मिले हैं।

# उत्तर कोरिया ने कई बैलिस्टिक मिसाइल दागीं

**एजेंसी, सियोल**

**उत्तर** कोरिया ने मंगलवार को पूर्वी समुद्र की ओर कम दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। दक्षिण कोरियाई सेना ने यह जानकारी दी। प्योंगयोंग ने अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव से कुछ घंटे पहले अपनी अस्त्र प्रणाली का प्रदर्शन किया है।



दक्षिण कोरिया की सेना ने तत्काल यह नहीं बताया कि उत्तर कोरिया ने कितनी मिसाइल दागीं। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि माना जाता कि मिसाइल पहले ही समुद्र में गिर चुकी हैं और इससे किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है।

## दिल्ली दंगा मामला: खालिद सैफी की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को 'यूनाइटेड अगेंस्ट हेट' के संस्थापक खालिद सैफी की वह याचिका खारिज कर दी, जो उसने फरवरी 2020 में शहर के कुछ हिस्सों में हुए सांप्रदायिक दंगों से संबंधित एक मामले में अपने खिलाफ हत्या के प्रयास का आरोप लगाए जाने के खिलाफ याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ने फैसला सुनाते हुए कहा कि याचिका खारिज की जाती है।

# दिल्ली में जहरीली धुंध की चादर, एक्यूआई 400

**एजेंसी, नई दिल्ली**




दिल्ली में मंगलवार को भी प्रदूषण का स्तर अधिक रहा और कुछ इलाकों में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी के करीब पहुंच गई।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एक्यूआई) के आंकड़े के अनुसार, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 384 दर्ज किया गया। सोमवार को शाम चार बजे तक दर्ज पिछले 24 घंटे का औसत एक्यूआई 381 था, जो देश में दूसरा सबसे अधिक एक्यूआई है। हर घंटे वायु गुणवत्ता की जानकारी देने वाले सीपीसीबी के 'समीर ऐप' के अनुसार, 38 निगरानी केंद्रों में से 13 में एक्यूआई 400 से अधिक यानी 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। ये केंद्र हैं आनंद विहार, अशोक विहार, द्वारका, एनएसआईटी द्वारका, नेहरू नगर, मोती मार्ग, सोनिया विहार, विवेक विहार, वजीरपुर, रोहिणी, पंजाबी बाग, मुंडका और जहांगीरपुरी। सीपीसीबी के अनुसार, वायु गुणवत्ता का 400 से 500 के बीच 'गंभीर' श्रेणी में रहना हवा के जहरीली होने का संकेत है, जो स्वस्थ लोगों को प्रभावित करता है तथा पहले से बीमार लोगों पर गंभीर असर डालता है। एक्यूआई के वर्गीकरण के अनुसार, 0-50 की श्रेणी में एक्यूआई को 'अच्छा', 51-100 को 'संतोषजनक', 101-200 को 'मध्यम', 201-300 को 'खराब', 301-400 को 'बहुत खराब' और 401-500 के बीच एक्यूआई को 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है।

# सेंसेक्स में 694 अंक की तेजी, निफ्टी में भी रिकवरी

**एजेंसी, मुंबई**




**सेंसेक्स** मंगलवार को दिन के निचले स्तर 78,296 से 1,180 अंक संभला। दिनभर के कारोबार के बाद यह 694 अंक की तेजी के साथ 79,476 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी दिन के निचले स्तर 23,842 से 371 अंक संभला। यह 217 अंक की तेजी के साथ 24,213 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और 9 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 39 में तेजी और 11 में गिरावट रही। हस्ब के मेटल सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.84 फीसदी की तेजी रही। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.11 फीसदी की बढ़त रही। वहीं कोरिया का कोस्पी 0.47 फीसदी गिरा और चीन का शंघाई कम्पोजिट 2.32 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ।

# भारत में 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारतीय ओलंपिक संघ ने 'आशय पत्र' सौंपा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने 2036 में होने वाले ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी करने के लिए देश की इच्छा व्यक्त करने से संबंधित आशय पत्र अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) को सौंप दिया है जो इन खेलों के आयोजन की दिशा में उठाया गया पहला बड़ा कदम है। खेल मंत्रालय के एक सूत्र के अनुसार पत्र एक अक्टूबर को सौंपा गया था।

सूत्र ने कहा, ''यह महत्वपूर्ण अवसर पूरे देश में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देकर पर्याप्त लाभ दिला सकता है।'' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल सबसे पहले 2036 ओलंपिक की मेजबानी की अपनी सरकार की इच्छा के बारे में बात की थी। आईओसी के अगले साल होने वाले चुनावों से पहले मेजबान पर निर्णय नहीं लिया जाएगा। भारत को मेजबानी की दौड़ में सऊदी अरब, कतर और तुर्की जैसे कई अन्य देशों की कड़ी चुनौती का सामना भी करना पड़ेगा जो खुद को इस खेल महाकुंभ की मेजबानी के लिए मजबूत दावेदार के रूप में पेश कर रहे हैं।



भारत की मेजबानी के दावे को आईओसी के वर्तमान प्रमुख थॉमस बाक का समर्थन भी हासिल है। भारत ने इससे पहले 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की थी। इन खेलों का आयोजन नई दिल्ली में किया गया था, लेकिन ओलंपिक 2036 के लिए अहमदाबाद को मेजबान शहर बनने के प्रबल दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा सहित भारत के शीर्ष खेल प्रशासक देश की पैरवी करने के लिए इस साल पेरिस ओलंपिक में थे। यह भी पता चला है कि यदि भारत को मेजबानी मिलती है तो वह योग, खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों को शामिल करने पर जोर देगा।

भारतीय खेल प्राधिकरण के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने नए खेल मंत्री मनसुख मांडविया को ओलंपिक मेजबानी हासिल करने के लिए आवश्यक उपायों पर एक विस्तृत रिपोर्ट भी पेश की है। इस रिपोर्ट में एमओसी ने छह खेलों की पहचान की है जिन्हें भारत को मेजबानी मिलने पर ओलंपिक में शामिल किया जाएगा। इन खेलों में योग, खो-खो, कबड्डी, शतरंज, टी-20 क्रिकेट और स्क्वाश शामिल हैं।

# भारतीय मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने डब्ल्यूबीएफ का विश्व खिताब जीता

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने केमैन आइलैंड में ब्रिटेन के कोनोर मैकिन्टोश को हराकर विश्व मुक्केबाजी महासंघ (डब्ल्यूबीएफ) का सुपर फेदरवेट विश्व खिताब जीता।

पूर्व ओलंपिक रजत पदक विजेता रॉय जोन्स जूनियर से प्रशिक्षण लेने वाले 31 वर्षीय जांगड़ा ने अपने पेशेवर करियर में अब तक केवल एक हार का सामना किया है। ब्रिटिश मुक्केबाज के खिलाफ मुकाबले में अधिकतर राउंड में उनका पलड़ा भारी रहा। जांगड़ा ने शुरू से ही दमदार मुक्के जमाए और पूरे 10 राउंड में अपना दमखम बरकरार रखा। दूसरी तरफ ब्रिटिश मुक्केबाज को गति बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा।कॉनर ने वापसी की कोशिश की, लेकिन जांगड़ा ने अधिकतर राउंड में बढ़त बनाए रखी।

जांगड़ा ने कहा, ''यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक है। मैंने इसे हासिल करने के लिए वर्षों तक कड़ी मेहनत की। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं देश का नाम रोशन कर सका। उन्हें उम्मीद है कि यह खिताब अधिक भारतीय मुक्केबाजों को पेशेवर बनने के लिए प्रेरित करेगा।

जांगड़ा ने अपने पेशेवर करियर में अभी तक 12 मुकाबलों में से 11 जीते हैं, जिनमें सात नॉकआउट जीत शामिल हैं। उन्होंने एमेच्योर मुक्केबाज के रूप में 2014 में राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था।

## स्पोर्ट्स विंडो

### फिर से चोटिल हुए ब्राजील के फुटबॉल स्टार नेमार



**रियाद।** चोटिल होने के कारण 12 महीने तक बाहर रहने के बाद हाल में प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी करने वाले ब्राजील के फुटबॉल स्टार नेमार अपने दूसरे मैच में ही फिर से चोटिल हो गए। नेमार एएफसी चैंपियंस लीग एलीट वर्ग के इस मैच में सऊदी अरब के अपने क्लब अल हिलाल की तरफ से 58वें मिनट में मैदान पर उतरे, लेकिन खेल समाप्त होने से तीन मिनट पहले उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। ऐसा लग रहा था कि पेनल्टी एरिया में गेंद पर कब्जा करने के लिए पांव फैलाने से उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। नेमार के पास हालांकि इस चोट से उबरने का पर्याप्त समय है क्योंकि अल हिलाल को अपना अगला मैच 25 नवंबर को खेलना है। अल हिलाल ने इस मैच में ईरान के क्लब एस्टेघलाल को 3-0 से हराया। चार बार के एशियाई चैंपियन अल हिलाल की तरफ से अलेक्जेंडर मित्रोविच ने हैट्रिक बनाई। उसने ग्रुप चरण में अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं।

### सबालेंका ने डब्ल्यूटीए फाइनल के अंतिम-4

**नई दिल्ली।** आर्यना सबालेंका ने ग्रुप चरण में लगातार दूसरी जीत दर्ज करके दुनिया की चोटी की आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे डब्ल्यूटीए फाइनल टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने जैस्मीन पाओलिनी को 6-3, 7-5 से पराजित किया। उन्होंने पहले सेट में बेहतरीन शुरुआत करते हुए 4-0 की बढ़त बनाकर इसे आसानी से अपने नाम किया और फिर दूसरे सेट में दो सेट प्वाइंट बचाकर अंतिम चार में अपनी जगह सुनिश्चित की।



### पुरुष एचआईएल के पहले मैच में गोनासिका से भिड़ेंगे दिल्ली एसजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली एसजी पाइपर्स राउरकेला में 28 दिसंबर को शुरू हो रही हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के पुरुष वर्ग के पहले मैच में विशाखापत्तनम फ्रेंचाइजी गोनासिका से भिड़ेंगे। इस फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट की सात साल बाद नए अंदाज में वापसी हो रही है। इस बार पुरुष और महिला वर्ग में प्रतियोगिताओं का आयोजन एक साथ किया जाएगा। पुरुष वर्ग में आठ टीम हिस्सा लेंगी जबकि महिला प्रतियोगिता रांची में खेली जाएगी और इसमें चार टीम हिस्सा लेंगी। पुरुष एचआईएल का आयोजन दो चरण में किया जाएगा। शुरुआती चरण में सभी आठ टीम 28 दिसंबर से 18 जनवरी से एक-दूसरे के खिलाफ एक-एक मैच खेलेंगी। दूसरा चरण 19 जनवरी से शुरू होगा, जिसमें आठ टीम को 4-4 टीम के दो ग्रुप में बांटा जाएगा।



### एफ्रो-एशिया कप को फिर से शुरू करने की कवायद

**बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका)।** अफ्रीका क्रिकेट संघ (एसीए) ने एक समय लोकप्रिय रहे एफ्रो-एशिया कप को लगभग दो दशक बाद फिर शुरू करने को लेकर एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) और अन्य हितधारकों के साथ बातचीत शुरू की है। इस टूर्नामेंट में दोनों महाद्वीप की टीमें एक-दूसरे के खिलाफ खेलती हैं।

एफ्रो-एशिया कप का अब तक दो बार आयोजन हुआ है। यह टूर्नामेंट 2005 में दक्षिण अफ्रीका (ड्रॉ रहा) जबकि 2007 में भारत (एशिया जीता) में आयोजित किया गया। तीसरे सत्र का आयोजन 2009 में कीनिया में होना था, लेकिन यह कभी नहीं हो पाया। एसीए के अंतरिम अध्यक्ष और जिंबाब्वे क्रिकेट के अध्यक्ष तावेंग्वा मुकुहलानी ने कहा, ''क्रिकेट के अलावा एफ्रो-एशिया कप संगठन के लिए बहुत जरूरी वित्तीय राशि लाता है और दोनों तरफ इसके लिए बहुत अधिक इच्छाशक्ति है। हमने एशिया क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अपने समकक्षों और जाहिर तौर पर हमारे अफ्रीकी महाद्वीप के संघों के साथ बातचीत की है। वे चाहते हैं कि एफ्रे-एशिया कप को फिर से शुरू किया जाए।''

# वनडे रैंकिंग में हरमनप्रीत 9वें स्थान पर पहुंची, मंधाना चौथे पर बरकरार

**एजेंसी, दुबई**

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को जारी आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में संयुक्त रूप से 9वें स्थान पर पहुंच गई जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अपना चौथा स्थान बरकरार रखा है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के आखिरी मुकाबले में हरमनप्रीत ने 63 गेंद में नाबाद 59 रन की पारी के साथ भारतीय टीम को मैच और सीरीज में जीत दिलाई थी। यह सीरीज आईसीसी महिला चैम्पियन का हिस्सा थी, जिसे भारत ने 2-1 से जीता था।



हरमनप्रीत कौर

इसी मैच में 100 रन की शानदार पारी खेलने वाली वामहस्त बल्लेबाज मंधाना 23 रेटिंग अंक हासिल कर कुल 728 रेटिंग अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। उनके और तीसरे स्थान पर काबिज श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू के बीच सिर्फ पांच रेटिंग अंक का फर्क है। इस तालिका में इंग्लैंड की नैट सिवर ब्रंट 760 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष स्थान पर है।

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया तीन स्थान के सुधार के साथ 48वें जबकि सीरीज के तीसरे मैच में 86 रन की पारी खेलने वाली न्यूजीलैंड की ब्रूक हैलीडे 12 स्थान के सुधार के साथ 24वें स्थान पर पहुंच गई है।

गेंदबाजों की सूची में दीप्ति शर्मा ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 703 रेटिंग अंक के साथ दूसरे पायदान पर अपनी स्थिति मजबूत की। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में 39 रन पर तीन विकेट चटकाए थे।

भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका सिंह (चार स्थान के सुधार के साथ 32वें), साइमा ठाकोर (20 स्थान के सुधार के साथ संयुक्त 77वें) और प्रिया मिश्रा (छह स्थान के सुधार के साथ 83वें) इस रैंकिंग में अपनी स्थिति बेहतर करने वालों में शामिल हैं। भारतीय टीम आईसीसी महिला चैम्पियनशिप की तालिका में 25 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड 21 मैचों में 20 अंक के साथ छठे पायदान पर है। इस तालिका में ऑस्ट्रेलिया (18 मैच) और इंग्लैंड (21 मैच) एक समान 28 अंक के साथ शीर्ष पर है।

**महिला बल्लेबाजी रैंकिंग**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | रेटिंग अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | नैट सिवर ब्रंट | इंग्लैंड | 760 |
| 2. | लौरा वोल्वार्ड्ट | द.अफ्रीका | 756 |
| 3. | चमारी अटापट्टू | श्रीलंका | 733 |
| 4. | स्मृति मंधाना | भारत | 728 |
| 5. | बेथ मूनी | ऑस्ट्रेलिया | 704 |
| 6. | एलिसे पेरी | ऑस्ट्रेलिया | 689 |
| 7. | मैरिजेन केप | द.अफ्रीका | 682 |
| 8. | एलिसा हीली | ऑस्ट्रेलिया | 663 |
| 9. | सोफी डिवाइन | न्यूजीलैंड | 654 |
| 9. | हरमनप्रीत कौर | भारत | 654 |

# मलेशिया के खिलाफ मैत्री मैच के लिए झिंगन की वापसी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घुटने की चोट के कारण जनवरी से प्रतिस्पर्धी फुटबॉल से दूर दिग्गज डिफेंडर संदेश झिंगन को हैदराबाद में 18 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ होने वाले मैत्री फुटबॉल मैच के लिए मंगलवार को भारत के 26 संभावित खिलाड़ियों की सूची में जगह दी गई।

झिंगन चोट के कारण एशियाई कप और इंडियन सुपर लीग के बाकी बचे हिस्से में नहीं खेल पाए थे। एफसी गोवा के सेंटर बैक झिंगन को एशियाई कप में सीरिया के खिलाफ भारत के मुकाबले के पहले हाफ के खेल के दौरान दाएं घुटने में चोट लगी थी, जिसके कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। वह अब पूरी तरह से उबर चुके हैं और उनकी वापसी से भारत की रक्षापंक्ति को मजबूती मिलेगी।

जुलाई में इगोर स्टिमक की जगह पद संभालने वाले भारत के मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज को अब भी पहली जीत का इंतजार है। उन्होंने चेन्नई एफसी के उदीयमान फारवर्ड इरफान यादवद को भी पहली बार राष्ट्रीय टीम के संभावित खिलाड़ियों में जगह दी है।

तेइस साल के इरफान के सीनियर फारूख चौधरी, अनिरुद्ध थापा, लालेंगमाविया राल्टे, जितिन एमएस और विबिन मोहनन की भी टीम में वापसी हुई है। हिमिंगथानमाविया राल्टे और राहुल भेके की भी रक्षा पंक्ति में वापसी हुई है जबकि सुभाशीष बोस, निखिल पुजारी और आकाश सांगवान को टीम में जगह नहीं मिली है।



**संभावित खिलाड़ी**

**गोलकीपर :** अमरिंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह संधू और विशाल कैथ।
**डिफेंडर :** आकाश सांगवान, अनवर अली, आशीष राय, चिंगलेनसाना सिंह कोनशाम, हिमिंगथानमाविया राल्टे, मेहताब सिंह, राहुल भेके, रोशन सिंह नाओरेम और संदेश झिंगन।
**मिडफील्डर :** अनिरुद्ध थापा, ब्रेंडन फर्नांडिस, जैक्सन सिंह थोनाओजम, जितिन एमएस, लालेंगमाविया राल्टे, लिस्टन कोलासो, सुरेश सिंह वांगजाम और विबिन मोहनन।
फारवर्ड : एडमंड लालरिंदिका, इरफान यादवद, फारुख चौधरी, लालियानजुआला छांगटे, मनवीर सिंह और विक्रम प्रताप सिंह।

# चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स : पहले दौर में एरिगैसी का सामना गुजराती से

**एजेंसी, चेन्नई**

दुनिया के चौथे नंबर के भारतीय ग्रैंडमास्टर और शीर्ष वरीय अर्जुन एरिगैसी चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत हमवतन विदित गुजराती के खिलाफ करेंगे। एरिगैसी 2800 ईएलओ रेटिंग अंक को पार करने के बाद भारत में पहली बार खेलेंगे।



अर्जुन एरिगैसी

आठ खिलाड़ियों के बीच होने वाली इस क्लासिकल प्रतियोगिता के शुरुआती दौर में अरविंद चिदंबरम का सामना ईरान के अमीन ताबाताबेई से, वाचिएर लाग्रेव मैक्सिम का सामना मघसूदलू परम से और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर लेवोन एरोनियन का सामना एलेक्सी शिरोव से होगा।

सात दौर के इस टूर्नामेंट में इस बार चैलेंजर्स प्रतियोगिता भी होगी, जिसमें पहली बार महिला खिलाड़ी भी भाग लेंगी। भारत की तरफ से इसमें हरिका द्रोणावल्ली और वैशाली रमेशबाबू अपनी चुनौती पेश करेंगी।

पिछली बार के चैंपियन डी गुकेश इस साल की प्रतियोगिता में भाग नहीं लेंगे क्योंकि वह चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबले की तैयारी कर रहे हैं।

# जोकोविच चोट के कारण एटीपी फाइनल्स से हटे

**बेलग्रेड।** नोवाक जोकोविच एटीपी फाइनल्स के अपने खिताब का बचाव नहीं करेंगे क्योंकि चोट के कारण उन्होंने मंगलवार को इस प्रतियोगिता से हटने की घोषणा की।

जोकोविच ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, ''मैं वास्तव में इसमें भाग लेने का इंतजार कर रहा था लेकिन चोट के कारण अगले सप्ताह नहीं खेल पाउंगा। मैं उन लोगों से माफी चाहता हूं जो इस आयोजन के दौरान मुझसे मिलने की योजना बना रहे थे।'' सत्र में आखिर में आयोजित होने वाला यह टूर्नामेंट रविवार से इटली के तूरिन में खेला जाएगा। जोकोविच ने इस तरह मौजूदा साल को 37 जीत और नौ हार के साथ खत्म किया।

उन्होंने इस दौरान ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने का अपना सपना पूरा किया। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जोकोविच के करियर का टूर स्तर का 99वां खिताब था।

# 36 के हुए क्रिकेटर विराट कोहली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विराट कोहली, जिन्हें भारत किंग कोहली के नाम से जानता है, भारतीय क्रिकेट की पहचान बन चुके है। विराट आज अपना 36वां जन्मदिन मना रहे हैं। एक क्रिकेटर के तौर पर विराट कोहली की फैन फॉलोइंग सिर्फ भारत तक ही सीमित नहीं है।

विदेशों में भी विराट कोहली के चाहने वालो की बड़ी संख्या है। अपने इस बर्थडे के साथ ही कोहली करियर के भी एक अहम पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। इस मुकाम पर जहां उन्होंने टी-20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया फिर भी क्रिकेट प्रेमियों का उनके लिए प्यार कम नहीं हुआ है। हाल ही में विराट कोहली के फैमिली समेत लंदन शिफ्ट होने की खबरें थीं। भारत छोड़ने की अफवाहों से फैंस में भी निराशा थी, लेकिन विराट अपना जन्मदिन भारत में ही सेलीब्रेट कर रहे हैं। कोहली सितंबर में ही लंदन से इंडिया लौट गए थे। अपने खास दिन को भारत में बितान के उनके फैसले से उनके चाहने वाले भी खुश हैं।



विराट कोहली

**विराट के नाम कई ट्रॉफी और रिकॉर्ड्सः** भारत ने जब 2011 में वर्ल्ड कप जीता था तब भी कोहली टीम इंडिया का हिस्सा थे। उन्होंने साल 2013 में टीम इंडिया को चैंपियंस ट्रॉफी तब पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। आईसीसी की लगभग सभी ट्रॉफियां विराट के पास हैं। वनडे क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर के सबसे ज्यादा 49 शतकों का रिकॉर्ड भी कोहली ब्रेक कर चुके हैं। इतना ही नहीं वनडे में सबसे ज्यादा 50 शतक लगाने वाले कोहली दुनिया के पहले और इकलौते बल्लेबाज भी हैं। करियर के अंतिम पड़ाव में भी वो टीम में अपनी पूरी क्षमता लगा रहे हैं।

**क्रिकेट** भारत-ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज पर्थ में 22 नवंबर से होगी शुरू

# मजबूत वापसी कर सकता है भारत : जोश हेजलवुड

**एजेंसी, सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का मानना है कि न्यूजीलैंड से सीरीज में करारी हार से भारत का आत्मविश्वास डगमगा गया होगा, लेकिन उन्होंने अपनी टीम को आगाह करते हुए कहा कि भारतीय टीम अधिक आक्रामक होकर 22 नवंबर से शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जोरदार वापसी कर सकती है।

भारत को न्यूजीलैंड से तीनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। यह पहला अवसर है जबकि घरेलू धरती पर तीन या इससे अधिक टेस्ट मैच की सीरीज में उसका सूपड़ा साफ हुआ। हेजलवुड ने कहा,''हो सकता है कि सोया हुआ शेर जाग गया हो। सीरीज शुरू होने पर ही हमें पता चलेगा की चीजें कैसे आगे बढ़ रही हैं।'' घरेलू धरती पर हार न केवल भारत के टेस्ट क्रिकेट इतिहास के सबसे बुरे दौर में से एक है, बल्कि इससे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम की अगले साल के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को भी करारा झटका लगा है। लगातार तीन हार का मतलब है कि भारत ने डब्ल्यूटीसी तालिका में ऑस्ट्रेलिया से अपना शीर्ष स्थान गंवा दिया है। भारत को लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पांच में से चार मैच जीतने की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।



हेजलवुड ने कहा, ''इस करारी हार से उनका आत्मविश्वास कुछ डगमगाया होगा। उसके कुछ खिलाड़ी यहां खेल चुके हैं, लेकिन कुछ ऐसे बल्लेबाज हैं जिनको यहां खेलने का अनुभव नहीं है। इसलिए वह पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं होंगे कि उन्हें यहां किस तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। यह परिणाम निश्चित रूप से हमारे लिए अच्छा होगा।''

उन्होंने कहा,''न्यूजीलैंड की टीम को भी श्रेय मिलना चाहिए। उन्होंने पूरी सीरीज में शानदार क्रिकेट खेली। सीरीज तो छोड़ो भारत में एक मैच जीतना भी काफी मुश्किल होता है।'' भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की सीरीज 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी।

हेजलवुड ने कहा,''हम इसके लिए तैयार हैं। यह सीरीज हमारे लिए काफी मायने रखती है। जब भी हम भारत के खिलाफ खेलते हैं तो वह एशेज में खेलने जैसा होता है। मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शक बड़ी संख्या में मैच देखने के लिए आएंगे और टीवी रेटिंग भी बहुत ज्यादा हो सकती है।''

# भारत ने एशिया पिकलबॉल में जीते 14 पदक

**मुंबई।** भारतीय खिलाड़ियों ने हाल ही में ताइवान में आयोजित एशिया पिकलबॉल खेलों में पांच स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य सहित कुल 14 पदक जीते।

नितीन कीर्तने ने 50+ ओपन पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता जबकि विशाल जाधव ने 35+ ओपन पुरुष एकल में रजत पदक हासिल किया। खुशी सचदेवा और श्रद्धा दमानी ,क्रमशः 4.0 वर्ग में 19+ और 35+ महिला एकल में रजत पदक अपने नाम करने में सफल रहे, जबकि संदीप तावड़े ने 4.0 वर्ग में 50+ पुरुष एकल में दूसरा स्थान हासिल किया। कीर्तने और तावड़े की जोड़ी ने 50+ ओपन पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीता। वंशिक कपाड़िया और तेजस महाजन ने 19+ ओपन पुरुष युगल में शीर्ष स्थान हासिल किया। कपाड़िया और वृषाली ठाकरे ने भी 19+ ओपन मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता